e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 306

शुक्रवार

10.11.2023

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है !

## क्विक न्यूज

### योगी सरकार में मंत्री रहे आशुतोष टंडन का निधन

**लखनऊ :** बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन उर्फ गोपाल जी का निधन हो गया है। आशुतोष टंडन लखनऊ पूर्वी सीट से विधायक थे और इससे पहले वह यूपी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वह लंबे समय से बीमार थे। मेदांता अस्पताल में उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। टंडन को कैंसर से पीड़ति बताया जा रहा था। उनके निधन से पार्टी में शोक की लहर है। बता दें कि आशुतोष टंडन लखनऊ के सांसद रहे लालजी टंडन के पुत्र थे। टंडन के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- उप्र सरकार के पूर्व मंत्री एवं लखनऊ (पूर्व) के विधायक, आशुतोष टंडन 'गोपालजी' का निधन अत्यंत दु:खद है। एक जनप्रिय, कर्मठ, जुझारू राजनेता के रूप में वे सदैव याद किए जाएंगे। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### हाई कोर्ट से रांची एसएसपी और धुर्वा थाना के तत्कालीन प्रभारी को नोटिस

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची के एसएसपी, धुर्वा थाना के तत्कालीन प्रभारी प्रवीण कुमार और सब इंस्पेक्टर नारायण सोरेन को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी एवं होमगार्ड के जवान कृष्णा यादव के साथ मारपीट करने, गाली-गलौच करने, फर्जी प्राथमिकी दर्ज करने और केस का सुपरविजन स्वयं करने के खिलाफ दायर क्रिमिनल रिट पर सुनवाई की।इस दौरान अदालत ने उक्त सभी को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी एवं होमगार्ड जवान कृष्णा यादव की याचिका पर न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने पक्ष रखा।

### कांग्रेस उम्मीदवार श्रीनिवास रेड्डी के घर और ऑफिस पर आईटी और ईडी की छापेमारी

**हैदराबाद :** आयकर विभाग (आईटी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पूर्व सांसद और पलेरू कांग्रेस उम्मीदवार पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के आवास पर छापेमारी की। हैदराबाद में नंदागिरी हिल्स और खम्मम में उनके आवासों पर गुरुवार तड़के शुरू हुई छापेमारी शाम तक जारी रही। खम्मम में ये तलाशी गुरुवार सुबह 3 बजे से चल रही है। आठ गाड़ियों में आए ईडी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से पोंगुलेटी के घर में प्रवेश कर सबसे पहले सभी के फोन जब्त किए। बता दें कि पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी एक व्यवसायी हैं और तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को होने वाले चुनाव में खम्मम जिले के पलेरू निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार भी हैं। आज गुरुवार को वो अपना नामांकन पत्र दाखिल करने वाले थे। हालांकि एक दिन पहले मीडिया के बातचीत में उन्होंने आशंका जताई थी कि जल्द ही उनके आवास पर आईटी का छापा पड़ा सकता है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

आदिवासी -मूलवासी संगठन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का जताया आभार, किया जोरदार स्वागत

# हमेशा से स्वाभिमानी रहे हैं झारखंडी : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- आदिवासियों मूलवासियों दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान- सम्मान के साथ दे रहे हक और अधिकार
- यहां रहनेवालों को आदिवासी-मूलवासी के भावनाओं का रखना होगा ख्याल
- प्रतियोगिता परीक्षाओं के आवेदन शुल्क को माफ करने पर सरकार जल्द लेगी निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार द्वारा 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद के दौरान एसटी-एससी विद्यार्थियों पर किए गए मुकदमे वापस लेने का निर्णय लिए जाने पर आदिवासी छात्र संघ और समस्त आदिवासी-मूलवासी संगठन और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का जोरदार स्वागत करते हुए आभार जताया जताया।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने झारखंडी आत्मा की लड़ाई लड़ी थी। आप पर लाठी डंडे चले थे। आपके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए। इसे देखकर हमें भी काफी तकलीफ हुई थी। ऐसे में जब हमारी सरकार बनी तो इस तरह के मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए झारखंड के आदिवासी-मूलवासी के हित में लगातार निर्णय ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका जोश और उत्साह को देखकर सरकार को भी ताकत मिलती है।

**नौजवानों को रोजगार देने पर विशेष जोर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे सरकारी क्षेत्र हो या निजी। नौजवानों को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कई विभागों में खाली पड़े हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी है तो कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस दौरान आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष संजय माली सुश्री सुमति कुमारी और सुरबाली समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थीं।

### 40 वर्ष अलग राज्य लेने में लग गए, 20 वर्ष आपको आपका हक-अधिकार देने में

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 40 वर्षों के संघर्ष और आंदोलन के बाद हमें अलग झारखंड राज्य मिला । इस दौरान हजारों लोगों ने अपनी शहादत दी। लेकिन अलग राज्य बन जाने के 20 वर्षों के बाद भी आदिवासी -मूल वासियों को उनका हक और अधिकार नहीं मिला। स्वाभिमानी झारखंडियों को हमेशा दिग्भ्रमित करने का प्रयास होता रहा। लेकिन, जब हमारी सरकार बनी तो यहां के आदिवासियों मूलवासियों दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रहे हैं।

### कल्याण विभाग के छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब विद्यार्थी सभी सुविधाओं से युक्त छात्रावास में रहेंगे। कल्याण विभाग के छात्रावासों के जीर्णोद्धार का काम तेज गति से चल रहा है। अब यहां रहने वाले छात्र -छात्राओं को घर से अनाज लाने की जरूरत नहीं होगी। सभी छात्रावासों में अनाज सरकार उपलब्ध कराएगी और यहां रसोईया और सिक्योरिटी गार्ड भी होंगे।

### यहां काम करने वालों को आदिवासी-मूलवासी के साथ मिलकर रहना सीखना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोई ऐसा गिरोह है जो आदिवासियों -मूलवासियों को भ्रमित कर रहा है और सरकार की कार्यशैली को भी प्रभावित करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे गिरोह से हमें अलर्ट रहना है। उन्होंने कहा कि यहां काम करने वाले सभी लोगों को आदिवासी-मूलवासी के साथ मिलकर रहना सीखना होगा और उनकी भावनाओं का ख्याल करना होगा।



### हमारी सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णय आने वाली पीढ़ी मजबूती से उठाएगी

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड और झारखंड वासियों के हितों, उम्मीदों, आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर लगातार कई निर्णय ले रही है। हमारे इन निर्णयों का परिणाम देखने को मिलना शुरू हो गया है और आने वाली पीढ़ी इसका और मजबूती के साथ फायदा उठाएगी।

# एमपी-एमएलए के खिलाफ आपराधिक मामलों में हाईकोर्ट करे निगरानी : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दागी नेताओं से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है. कोर्ट ने एमपी-एमएलए के खिलाफ आपराधिक मामलों पर दिशा-निर्देश जारी करते हुए हाईकोर्ट को निगरानी करने को कहा है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट चीफ जस्टिस ऐसे मामलों पर स्वत~ संज्ञान लेकर सुनवाई करें, जिला जज स्पेशल कोर्ट के ट्रायल की निगरानी करें.

हाईकोर्ट समय समय पर ट्रायल की रिपोर्ट मांगे. साथ ही सांसदों व विधायकों पर ट्रायल के लिए और स्पेशल कोर्ट हों.कोर्ट ने कहा कि हम विशेष अदालतों में प्रत्येक मामले की निगरानी नहीं कर सकते. मौत की सजा के आरोपों का सामना कर रहे सांसद-विधायकों के मामलों को प्राथमिकता दी जाए.

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि गाइडलाइन बनाना हर राज्य के लिए बनाना संभव नहीं, हर राज्य में परिस्थितियां अलग अलग हैं. ये हम हाईकोर्ट पर छोड़ते हैं कि एमपी व एमएलए कोर्ट मॉनिटरिंग करें.हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे अपराधिक मामलों का जल्दी निबटारा करें.

इस बेंच में चीफ जस्टिस हो सकते हैं. हाईकोर्ट जिला जजों को इस तरह के चल रहे केस की रिपोर्ट मांग सकते हैं. ट्रायल कोर्ट अति जरूरी कारणों के अलावा सुनवाई नहीं टालेंगे. इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किए जाएं, एक वेबसाइट बनें जिसमें जिलावार स्टेटस हो कि कितने केस पेंडिंग हैं.

गंभीर अपराधों में आरोप तय होते ही चुनाव लडने पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आगे सुनवाई करके आदेश जारी करेगा.सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने ये फैसला बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर दिया है.

उपाध्याय ने एमपी-एमएलए के खिलाफ आपराधिक मामलों के फास्ट ट्रैक ट्रायल की अर्जी दाखिल की थी.

# महुआ मोइत्रा के खिलाफ आचार समिति में प्रस्ताव पास



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा की आचार समिति ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोपों पर रिपोर्ट स्वीकार कर ली. वहीं लोकसभा आचार समिति के छह सदस्यों ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप पर रिपोर्ट का समर्थन किया, चार ने इसका विरोध किया.अब समिति यह रिपोर्ट लोक सभा स्पीकर को भेजेगी. सूत्रों का कहना है कि आचार समिति ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश की है. दूसरी तरफ महुआ मोइत्रा के निष्कासन की सिफारिश करने वाली लोकसभा आचार समिति की मसौदा रिपोर्ट को चार विपक्षी सदस्यों ने पूर्वाग्रह से ग्रसित और गलत बताया. यह जानकारी मिली है कि मसौदा रिपोर्ट में मोइत्रा के आचरण की निंदा की गई है और इसे अत्यधिक आपत्तिजनक, अनैतिक, जघन्य और आपराधिक बताया गया है.साथ ही सरकार से मामले में समयबद्ध कानूनी और संस्थागत जांच का भी आह्वान किया गया है. मसौदा रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को मोइत्रा और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के बीच धन के कथित लेन-देन की जांच करनी चाहिए. समिति ने यह भी कहा है कि सबसे मुखर विपक्षी सदस्यों में से एक, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली को दो नवंबर को आखिरी बैठक के दौरान मोइत्रा से सोनकर द्वारा पूछे गए सवालों के बारे में तोड़-मरोड़कर बात रखने के लिए फटकार लगाई जानी चाहिए. भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मोइत्रा के खिलाफ शिकायत की थी.

# 4 दिसंबर से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा और 22 दिसंबर तक चलेगा. उन्होंने 'एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी. जोशी का कहना है कि इस सत्र में 19 दिनों के दौरान 15 बैठकें होंगी. उन्होंने कहा,अमृत काल के बीच मैं सत्र के दौरान विधायी कामकाज और अन्य विषयों पर चर्चा को लेकर उत्सुक हूं.तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे 'पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़े मामले में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट भी इस सत्र के दौरान सदन में पेश की जाएगी. समिति ने मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की अनुशंसा की है. प्रमुख आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीन प्रमुख विधेयकों पर सत्र के दौरान विचार किए जाने की संभावना है.गृह मामलों की स्थायी समिति ने हाल ही में तीन विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट को स्वीकारा है.संसद में लंबित एक अन्य प्रमुख विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है.






# पांकी के डंडार कला गांव में युवक की गोली मारकर हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** थाना क्षेत्र के डंडार कला मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय के समीप डंडार कला गांव के सेहरा टोला निवासी जगदीश महतो के पुत्र सत्येंद्र महतो उर्फ भोला उम्र लगभग 28 वर्ष की अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बुधवार शाम साढ़े सात बजे की बताई जा रही है लोगों ने तीन बार गोलि की आवाज भी सुनी थी लेकिन दीपावली का त्यौहार नजदीक होने के कारण उसे पटाखे की आवाज समझ उस और ध्यान नहीं दिया। गुरुवार की सुबह लगभग 5:00 बजे शौच के लिए गए ग्रामीण ने शव को खेत में पड़े देखा, शव के समीप से ताश के पत्ते एवं उसका मोबाइल भी पाया गया है, शव देखे जाने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई मामले की जानकारी होने के तत्काल बाद पांकी थाना प्रभारी एवं लेस्लीगंज एसडीपीओ मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया व मामले की छानबीन में जुटे। घटना के संबंध में मृतक के चाचा ने आदित्य महतो ने बताया कि बुधवार की शाम लगभग 7:30 बजे गोली की आवाज सुनाई दी थी लेकिन पटाखे की आवाज समझ कर उस ओर ध्यान नहीं दिया, सुबह एक महिला ने शव को देखा इसके बाद उन्हें जानकारी मिली, मृतक के शरीर पर दो गोलियों के निशान हैं वहीं उसके समीप से उसका मोबाइल एवं ताश के पत्ते भी पाए गए हैं, हत्या के कारणों का उन्हें कोई जानकारी नहीं है। युवक अविवाहित हैं एवं वह कुछ वर्ष पहले जेल से छूट कर घर वापस आया था, लगभग 6 माह पहले उसके पिता की भी मृत्यु हो गई है। घटनास्थल के समीप मृतक अपना नया मकान बनवा रहा था। इधर मामले की जानकारी होने के बाद पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता घटनास्थल पर पहुंचे एवं मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मृतक के परिजनों को आश्वासन देते हुए पुलिस से 24 घंटे के अंदर मामले का उद्भेदन करने एवं इसमें संलिप्त दोषियों पर अविलंब कार्रवाई की मांग की है।

## चोरी के सामान के साथ दो चोर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार थाना के बीते बुधवार के रात्रि में पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एंटी क्राइम वाहन बाइक चेकिंग अभियान लगाया गया था इसी क्रम मे बिना नंबर पलेट के स्पलेंडर बाइक से दो युवक आ रहे थे और पुलिस के देखकर और तेज गति से भागने लगा लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से बाइक सहित पकड़ ली गई। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि शुभम कुमार उम्र 21 वर्ष पिता उमेश कुमार ग्राम लाभरा, थाना पिपरा ,पलामू के बताया जबकी दूसरे युवक के नाम दीपक पासवान उम्र 18 वर्ष पिता गणेश पासवान ग्राम मांडर ,थाना हुसैनबाद बताया। जब पुलिस ने शक्ति से पूछताछ के क्रम में बताया कि बीते 30 अगस्त के रक्षा बंधन के अवसर छतरपुर फुलवारी मैदान मे मेला मे से बाइक की चोरी किया था। उसे बेचने के लिए गया जिले के डुमरिया जा रहे थे। आगे बताया कि गत 31अगस्त 2023 को छतरपुर मेले से एक और भी बाइक चुराया था जो हुसैनबाद थाना के गुरवा मंझौली मे चन्दन के रखा हुआ है इसके बाद नौड़ीहा बाजार थाना मे भादवि धारा 379/414/34 के तहत थाना मे मामला दर्ज़ करते हुए शुभम कुमार और दीपक कुमार जेल भेजा गया। जो बाइक जप्त किया गया उसका चेचिस नंबर एम बी एल एचएआरओ 79 जेएचडी 61041है । एंटी क्राइम के अभियान मे सहायक अवर निरीक्षक सुनिल कुमार त्रिपाठी, हलवदार देवनीश, आरक्षी नीलू उरांव, विकास कुमार समेत मौजूद थे।

## राशन वितरण के लिए अधिकृत हुए मुकुंदपुर पंचायत के जनप्रतिनिधि व पंचायत सचिव



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रभारी बीडीओ नंदजी राम के प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को मुकुन्दपुर मायर के दो दर्जन ग्रामीणों ने जन वितरण प्रणाली के विक्रेता मां अंबे महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा सितंबर और अक्टूबर माह के राशन नहीं दिए जाने को लेकर आक्रोषपूर्ण शिकायत लेकर पहुंचे। लाभुक ग्रामीणों की शिकायत पर जन वितरण प्रणाली के संचालक वीरेंद्र पासवान को कड़ी फटकार लगाई गई वहीं कल शुक्रवार को हर हाल में सभी लाभुकों के बीच शत प्रतिशत राशन वितरण पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून एवं मुखिया मूंगा साह, पंचायत सचिव राजीव कुमार की उपस्थिति में वितरण किया जाना है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित विभिन्न पंचायत के मुखिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंचम प्रसाद बने झारखंड प्रमुख संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष



**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रमुख संघ की बैठक आयोजित कर संघ का किया विस्तार। मौके पर पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद को झारखंड प्रमुख संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है इसके अलावा और भी कई प्रखंडों के प्रमुखों को अहम जिम्मेदारी दी गई है। संघ के उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद पांकी प्रखंड प्रमुख प्रमुख पंचम प्रसाद ने प्रतिक्रिया दी है उन्होंने राज्य भर के प्रमुख का इसके लिए आभार जताया है उन्होंने कहा कि राज्य भर के प्रमुखों ने झारखंड प्रमुख संघ का उपाध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपा हैं। मैं अपने इस दायित्व को पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगा। पांकी प्रमुख ने कहा कि झारखंड प्रमुख की अपनी कुछ मांगों को लेकर विभिन्न पदाधिकारी से मिला है यदि समय पर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो झारखंड प्रमुख संघ के बैनर चले जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

## बाइक एजेंसियों के शोरूम में आकर्षक उपहार की बारिश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धनतेरस और दीपावली त्यौहार नजदीक आते ही बाजारों की रौनक बढ़ने लगी है। दुकानदार ग्राहकों को लुभाने के लिए सारे जतन करने में जुटे हैं। वहीं दुकानों को नया लुक देने के साथ ही ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। व्यवसाईयों में ऑफर देने की होड़ मची है। वही बाइक एजेंसियों पर भी रौनक बढ़ गई है। शहर के विभिन्न बाइक एजेंसियों पर बिक्री के लिए आकर्षक लुक में बड़ी संख्या में बाइक उतारी गई है। ऐसे में हम बात करें पेट्रोल पंप स्थित मखदूम अशरफ ऑटो सेल्स हीरो शोरूम में और एजेंसियों से सबसे अधिक हीरो की बाइक देखने को मिल रही है। यहां हीरो कंपनी का विभिन्न तरह की बाइक आकर्षक लुक में लगे हैं। बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचकर अपनी अपनी पसंद की बाइक को बुक कर रहे हैं। ग्राहकों के सबसे अधिक रुझान एचएफ दिलक्स, ग्लैमर, स्प्लेंडर प्लस, पैसन प्लस और स्कूटी दिख रहा है। वहीं ग्राहकों को लुभाने के लिए हीरो शोरूम के प्रोपराइटर वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी की ओर से विशेष आकर्षण छूट के साथ फाइनेंस की भी सुविधा दे रखी है। जिससे लोग उत्सुकता के साथ एजेंसी पर पहुंच रहे हैं। जिससे संचालकों को मोटा मुनाफा होने की उम्मीद है। हीरो एजेंसी में ग्राहक के पहुंचते ही उन्हें स्कीम समझाना शुरू कर देते हैं। हीरो बाइक पर ग्राहकों का अधिक रुझान को देखते हुए हीरो शोरूम के संचालक वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार ग्राहकों का रुझान बाइक की ओर अधिक है। अभी तक तीन दर्जन से अधिक हीरो के विभिन्न बाइकों की बिक्री हो चुकी है। ग्राहकों के लिए एक से बढ़कर एक डिस्काउंट ऑफर तथा एक्सचेंज ऑफर दिए जा रहे हैं। ग्राहकों को फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। इसमें ग्राहक केवल आधार कार्ड, बैंक का पासबुक, फोटो लेकर आए और चमचमाती हुई हीरो का बाइक लेकर घर जाए। उन्होंने बताया कि 5000 में हीरो का प्रत्येक गाड़ी फाइनेंस किया जा रहे हैं। इधर ग्राहक भी अपने मनपसंद लुक के अनुसार गाड़ियों की खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि धनतेरस के दिन करीब 200 से 300 बाइक बिक्री होने की उम्मीद है। प्रत्येक बाइक पर 2100 का नगद डिस्काउंट तथा 3000 का एक्सचेंज बोनस दिया जा रहा है। साथ ही हीरो के प्रत्येक गाड़ियों पर एक विशेष उपहार भी दिए जाएंगे।

## बाल विवाह, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा समाप्त करने को लेकर निकाली गई जागरुकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जेएसएल पीएस के तत्वावधान में प्रखंड के पिण्डरिया ग्राम में बाल विवाह, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा समाप्त करने को लेकर एसआरपी वाजदा ख़ातून के नेतृत्व में महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं द्वारा पिण्डरिया स्कूल से लेकर रेलवे लाइन तक जागरूकता रैली निकाला गया। रैली में शामिल स्वयं सहायता समूह की महिलाएं - ज्ञान का दीपक जलाना है- बाल विवाह को मिटाना है। बाल विवाह कुप्रथा है- बेटी के लिए बिपदा है। बेटी को पढ़ने दो- बाल विवाह का रहने दो, आओ मिलकर बढ़ाए कदम- बाल विवाह को मिटाए हम, सहित अन्य नारे लगा रहीं थी.इस अवसर पर एसआरपी वाजदा ख़ातून ने कहा कि बच्चों के अधिकार को सुनिश्चित करने में सभी का सहयोग होना चाहिये। यदि उसे अधिकार से वंचित करते हैं तो बच्चों का विकास नही हो पायेगा। उन्होंने कहा कि भागीदारी में सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिये नहीं तो बच्चों के भविष्य के साथ-साथ देश भी अंधकार में चला जायेगा। उन्होंने कहा कि 18 साल से कम उम्र में कोई भी दीदी एवं भैया अपने बच्चों का शादी नहीं करें. कम उम्र में शादी करने पर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत मे एसआरपी वाजदा खातून द्वारा बाल हिंसा और बाल विवाह को लेकर शपथ भी दिलाया गया। मौके पर ग्राम संगठन अध्यक्ष जुलेखा बीवी, सचिव चिंता देवी, सीआरपीईपी शशि, सेतु दीदी प्रभा देवी, बीएपी रंजीता साव, जाबिर अंसारी, योगेंद्र सिंह, आंगनबाड़ी सेविका सहित महिला स्वंय सहायता समूह की महिलाएं शामिल थीं।

## 22 नवंबर को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू पहुंचेंगे पांकी, कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक



**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू पांकी प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं के साथ आगामी 22 नवंबर को बैठक करेंगे एवं इसके पश्चात ग्राम सभा को भी संबोधित करेंगे जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। गुरुवार की दोपहर पांकी पूर्वी जिला परिषद के आवास पर समाजसेवी सह धीरज प्रसाद साहू के समर्थक मुकेश सिंह चंदेल प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, कांग्रेस पार्टी के महासचिव आफताब आलम, चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष इनामुल आजाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उक्त जानकारी साझा करते हुए कहा कि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू का विशेष कार्यक्रम 22 नवंबर को पांकी में होने जा रहा है जिसकी तैयारी की जा रही है इसमें प्रखंड एवं विधानसभा स्तर के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कई जनप्रतिनिधि समेत रईस अंसारी कैलाश प्रसाद जनप्रतिनिधि मदन भुईया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पांकी के सिंचाई विभाग के मैदान में अखिल भारतीय भुईयां जागृति मंच की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में गुरुवार की दोपहर अखिल भारतीय भुईया जागृति मंच की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष ललन भुईया ने की, बैठक में मुख्य रूप से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने एवं समाज के उत्थान को लेकर विशेष चर्चा करते हुए अखिल भारतीय भुईया जागृति विकास मंच का विधानसभा स्तर पर विस्तार को लेकर विचार विमर्श की गई, प्रखंड अध्यक्ष ललन भुईयां ने कहा कि अखिल भारतीय भुईयां जागृति विकास मंच बीते कई वर्षों से सामाज हित में कार्य कर रही है जागृति मंच के बैनर तले शबरी जयंती समारोह मनाने एवं कई अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं, फिलहाल कुछ लोग अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति नामक संगठन का गठन कर समाज के लोगों को गुमराह कर रहे हैं जिसे लेकर आज की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति से उनका कोई लेना-देना नहीं है। मौके पर बैठक में अध्यक्ष ललन भुईयां प्रखंड सचिव संजय भुईयां कोषाध्यक्ष संतोष भुईयां उपसचिव उपेंद्र भुईयां उदय कुमार राम, सोमर भुईया बेचन भुइयां सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एके सिंह कॉलेज की नवगठित शासी निकाय को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** करीब छह माह से भंग एके सिंह कालेज जपला के शासी निकाय भंग होने की वजह कालेज कर्मियों सहित अन्य कार्यो के निष्पादन में कठिनाई हो रही थी। विश्वविद्यालय के निर्देश पर गुरुवार को मेदिनीनगर परिसदन भवन में बैठक हुई। अध्यक्षता पलामू सांसद विष्णुद्याल राम ने की। वहीं प्रफुल्ल कुमार सिंह को शिक्षाविद चुना गया है। बैठक होने से शासी निकाय के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। शासी निकाय के निवर्तमान सचिव रौनक सिंह ने नवगठिक शासी निकाय के अध्यक्ष व शिक्षाविद भगत सिंह की जेल डायरी नामक पुस्तक देकर स्वागत किया।

## सड़क हादसे में केवाल तेतरिया के चालक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के तूरी पंचायत अंतर्गत केवाल तेतरिया गांव निवासी ट्रक चालक जितेन्द्र यादव ( 32 ) की उड़ीसा के झारसुगुड़ा में सड़क हादसे में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को उसका शव गांव पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि दो ट्रक के टक्कर में चालक जितेन्द्र की मौत हो गई। मृतक घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद उसकी पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है । पूरे गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार स्थानीय बटाने नदी घाट पर किया गया। वहीं कई लोगों ने घटना पर शोक जताया है ।

## स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली का हुआ आयोजन



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार आवास और शहरी कार्य मंत्रालय तथा नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के निर्देशन में स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली के तहत हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में 7 नवंबर से लेकर 9 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुवार को जल दिवस संबंधी कार्यक्रम में नगर प्रबंधक अजमल हुसैन ने जल के महत्व समझाया। वहीं शहरी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति के संचालनकर्ता अमरजीत कुमार के द्वारा जल शोध पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामुदायिक संगठनकर्ता बिचित्रा कुमारी, सीआरपी अनीता कुमारी, शाहदा अंजुम, रिशु कुमारी, लालमुनि कुमारी के अलावे स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अभियान से जुड़कर यज्ञ स्थल की साफ सफाई की



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के संस्थापक परमपूज्य श्री सुधीर भईया जी का गुरुवार को पाल्हे जतपुरा स्थित यज्ञ क्षेत्र में आगमन हुआ। उन्होंने संपूर्ण यज्ञ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर लोगों को परिसर की साफ सफाई के लिये प्रेरित किया। भईया जी के पवित्र विचारों से प्रेरित प्रेरणा परमार्थ आश्रम रेहला शाखा के सदस्य तथा बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी गढ़वा के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह व कुलपति प्रो एमके सिंह के निर्देश पर यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेजों से लगभग 100 छात्र बसों व अन्य वाहनों से यज्ञ स्थल पर पहुंचे व गणमान्य लोगों के साथ सामूहिक रूप से परिसर की साफ सफाई किया.भैया जी ने श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ आयोजित करने के लिये समिति के लोगों की सराहना किया. उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि पर बड़े बड़े संतों और असंख्य श्रद्धालुओं का आगमन हुआ है, इस धरा पर श्रीलक्ष्मीनारायण भगवान का भी आगमन हुआ होगा. इसलिये यहां पर स्वच्छता अभियान चलाकर आनंद की अनुभूति हो रही है. उन्होंने लोगों से स्थानों की साफ सफाई के साथ साथ मन में बैठे बुरे विचारों की भी साफ सफाई करने और मिल जुलकर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को दिन में एक बार जरुर अपने इष्टदेव की आराधना करनी चाहिये जिससे हमे उर्जा प्राप्त होती है। मन शांत होता है और बुरे विचार मन में नहीं आते हैं। **स्वच्छता अभियान में प्रेरणा परमार्थ आश्रम :** रेहला शाखा के सदस्य रणधीर सिंह, रणजीत सिंह, शेरू सिंह, मनोज कुमार सिंह, कृपा सिंह, प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के सदस्य व श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति के लोगों ने हिस्सा लिया।

## जल संरक्षण की दिशा में कारगर साबित होगा जल दिवाली कार्यक्रम : हिमानी बाड़ा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय परिसर में कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देशानुसार वाटर फॉर वूमेन एंड वूमेन फॉर वाटर कार्यक्रम के तहत जल दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरानसमूह की महिलाओं को देवरी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का विजिट कराकर जल संरक्षण, रॉ वाटर के फिल्टरेशन प्रकिया की जानकारी दी गई। मौके पर कार्यक्रम की नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा ने बताया कि महिलाओं के लिए पानी, पानी के लिए महिलाएं जल दिवाली कार्यक्रम का उद्देश्य है। घरेलू जल प्रबंधन में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में महिलाओं को जल उपचार प्रक्रियाओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी देकर सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने की उनकी क्षमता बढ़ाना है। जल दिवाली कार्यक्रम के अंतर्गत पानी के संरक्षण को लेकर महिलाओं को जागरूक किया। महिलाओं को वाटर ट्रीटमेंट पर ले जाकर रॉ वाटर के फिल्टरेशन की प्रकिया बताई, ताकि महिलाएं जागरूक हो पानी की कीमत समझ इसके संरक्षण में अपना योगदान दें। महिलाएं ही पानी का ज्यादा इस्तेमाल करती हैं। घर के बर्तन, कपड़े धुलने और अन्य चीजों में पानी का उपयोग ज्यादा करती हैं, इसलिए महिलाओं को पानी का महत्व समझाया गया। मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, राकेश सिंह, सीएलटीसी देवेन्द्र कुमार, धीरज कुमार, संजीत कुमार समेत समूह की दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

## रोजगार मेले में 200 बेरोजगारों को मिला ऑफर लेटर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** प्रखंड परिसर में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस के तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीओ यामुन रविदास, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदीया, जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, पूर्व जिप सदस्य सदस्य आशा देवी, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, जितेंद्र पासवान, कमला देवी, नीतू कुमारी, समाजसेवी राजेश राम, कमलेश कुमार यादव, सनोज गुप्ता, सतेन्द्र भुईयां, रामजी पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेले में आईएसएस सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड मुंबई, आईएसएस एसडीबी फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड मुंबई, रिड सोसायटी हटिया रांची कंपनी ने भाग लिया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के 18 से 40 उम्र वर्ग के 200 बेरोजगार युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया। इस दौरान प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने स्टाल लगा कर इच्छुक युवाओं को कंपनी की जरूरत व युवाओं की योग्यता के अनुसार पद व सैलरी आदि तय करके नौकरी देने की पहल की। साथ ही कार्य व दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर युवाओं को रोजगार के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक नवल किशोर राजू, ब्लॉक नाजीर ब्रजेश कुमार, सीसी बलवंत सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, धर्मपाल प्रजापति, रवि रंजन कुमार, आईपीआरपी ममता कुमारी, सरिता देवी, जितेंद्र सिंह, दीपक विश्वकर्मा, उपेंद्र राम, गुंजा देवी, गुड़िया देवी, भर्ती पदाधिकारी संतोष परमार, क्षेत्रीय सचिव वरुण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## थाना में काम नहीं करनेवाले को एसएसपी ने हटाया

**रांची :** थानों में पदस्थापित और काम नहीं करने वाले दारोगा रैंक के पदाधिकारीयों को एसएसपी चंदन सिन्हा ने हटा दिया है। वही जिस थाना में पुलिसकर्मी की कमी है तो उसके लिए पुलिसकर्मी की भी मांग की गई है। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। पत्र के अनुसार इनके जगह पर दूसरे पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

**दारोगा को हटाया गया है :** लोअर बाजार थाना के एसआई विवेकानंद दूबे को डीसीबी शाखा, सौरभ शर्मा को सुखदेवनगर थाना, लालपुर थाना के मनीष पूर्ति पुलिस केंद्र, कांके थाना के संजय नायक, बरियातू और मेसरा ओपी के रणजीत कुमार सिंह पुलिस केंद्र भेज दिया है।

## जेसीईआरटी में राज्यस्तरीय रोल प्ले एवं फोक डांस प्रतियोगिता आयोजित

**रांची :** राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में गुरुवार को झारखंड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) में राज्यस्तरीय रोल प्ले एवं फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राथमिक शिक्षा की निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा ने किया। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से चयनित 30 स्कूलों के स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। राज्यस्तरीय रोल प्ले एवं फोक डांस प्रतियोगिता के विजयी दल को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। निर्णायक मंडली में विपुल नायक, सुजीत शर्मा और ओम प्रकाश शामिल थे।

# टीओपी में सीनियर पुलिस से जूनियर पुलिस पदाधिकारी का लिया जा रहा है काम

परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** रांची जोन में अपराध नियंत्रण करने के लिए थाना तो बनाया ही गया है । लेकिन जो बड़ी आबादी वाली क्षेत्र है उन क्षेत्रों में अपराध की संख्या भी अधिक होने की संभावनाएं रहती है, तो वैसे थाना क्षेत्रों में अपराध कंट्रोल करने के लिए थाना क्षेत्र के साथ-साथ ओपी और टीओपी का भी बंदोबस्त किया जाता है। ताकि सब मिलकर छोटे,बड़े अपराध,विधि व्यवस्था पर कंट्रोल किया जा सके। रांची शहर और इसके आस पास में मुख्य रूप से लोअर बाजार थाना, बरियातू , लालपुर , सुखदेवनगर , नामकुम , धुर्वा, कांके, ओरमांझी, जगन्नाथपुर थाना सहित कई ऐसे थाने हैं जिसके अंतर्गत ओपी, टीओपी भी स्थापित किया गया है। ताकि थाना प्रभारी यदि किसी कारणवश समय पर न पहुंच सके तो टीओपी प्रभारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच सके। इन स्थानों पर है टीओपी खादगढ़ा बस स्टैंड टीओपी, मोराबादी टीओपी,भुसुर टीओपी, हटिया टीओपी, खरसीदाग टीओपी, तुपुदाना टीओपी,सिठीओ टीओपी इत्यादि।

**हवलदार की जगह दरोगा से लिया जा रहा काम:** रांची में कुछ ऐसे टीओपी हैं जहां पर जूनियर पुलिसकर्मी को रहना चाहिए था, वहां पर सीनियर पुलिस पदाधिकारी को पद स्थापित कर दिया गया है। यानी जिस टीओपी की जिम्मेदारी हवलदार को मिलनी चाहिए थी , उस टीओपी में कुछ दरोगा वर्तमान समय में पद संभाल रहे हैं, जबकि ऐसे दरोगा को थाना प्रभारी होना चाहिए था । ऐसे कई थाने हैं जहां थानेदार के पद पर पदस्थापित दरोगा थे, उन्हें वहां से हटाकर टीओपी का प्रभारी बना दिया गया है।




**क्या कहते हैं अधिकारी:** रांची जोन के डीआईजी अनुप बिरथरे ने बताया कि जिस क्षेत्र में थाना है और वहां की आबादी अधिक है तो वहां पर थाना के साथ-साथ टीओपी स्थापित किया जाता है। उस टीओपी में वरीय पुलिस पदाधिकारी की पहली कोशिश होती है कि जिन्हें कानूनी तरीके से काम करने की जानकारी है तो उसे ही टीओपी की जिम्मेदारी दी जाती है। ताकि आमलोगों की शिकायत न आए, जरुरी नहीं है कि टीओपी में सिपाही , हवलदार ही रहे दरोगा भी रह सकते हैं, क्यूंकि दरोगा को काम करने की जानकारी होती है।

**सिटी एसपी ने कहा:** वहीं सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि थाना तो होता ही जरूरत पड़ने पर ओपी और टीओपी की भी व्यवस्था की जाती है। ओपी में कांड अंकित किया जाता है ।

इसी तरह थानेदार का बोझ कम करने के लिए जगहनुसार टीओपी भी बनाया जाता है। टीओपी में हवलदार , सिपाही , दरोगा किसी को भी पदस्थापित किया जा सकता है।

जगह पर निर्भर है कि जिस जगह पर टीओपी है वहां के लोगों के लिए हवलदार देना ठीक है या दरोगा। आमजन की सुविधा को देखते हुए निर्णय लिया जाता है।

# निगम ने नाईट मार्केट के लिए जारी किया गाइडलाइन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची के कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के सामने नाईट मार्केट लगेगी है। हेल्दी एंड हाईजीन स्ट्रीट इनिसिएटिव के तहत नाइट स्ट्रीट मोबाइल फूड हब का निर्माण किया जाएगा। नगर निगम ने इसे लेकर एसओपी जारी किया है।

पहले चरण में कचहरी रोड से लेकर जयपाल सिंह स्टेडियम तक नाईट स्ट्रीट मार्केट शुरू करने,सपोर्ट टू अर्बन स्ट्रीट वेंडर के तहत स्ट्रीट वेंडर को पीएम स्वनिधि का लाभ देने और चयनित स्थल के पास आधारभूत संरचना का विकास जैसा काम किया जाना है। यह रांची में नया प्रयास होगा।

### नाईट मार्केट में क्या-क्या सुविधाएं होंगी

रांची नगर निगम की तरफ से यहां शुद्ध पेयजल, लाइटिंग, टॉयलेट, लाइटिंग और पार्किंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बता दें कि निगम ने नाईट मार्केट के लिए गाइडलाइन जारी किया है। जो व्यक्ति यहां मोबाइल फूड, मोबाइल कार्ट या मोबाइल कियोस्क लगाने का इच्छुक है, उनको निगम में आवेदन करना होगा। निगम से इसके लिए निशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

आवेदकों को यह दस्तावेज जमा कराना होगा आवेदन करने वाले को आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, वैध रजिस्ट्रेशन कार्ड, ऑनर बुक, फूड कार्ट रजिस्ट्रेशन, पीएम स्वनिधि, मोबाइल कियोस्क फोटो, सहित फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट जमा कराना होगा।

आवेदनों की जांच के बाद ही जगह का निर्धारण और आवंटन किया जाएगा। दस्तावेजों की जांच, स्थान चिह्नित करने और जगह का आवंटन करने के लिए 4 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया है।

# 37 नेशनल गेम में संतोषी कुमारी को मिला बेस्ट टेक्निकल का अवॉर्ड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** योगासन भारत द्वारा 8 नवंबर 2023 को गोवा में नेशनल योगासन अवार्ड 2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड के खेल मंत्री रेखा आर्य एवं योगासना भारत के सेक्रेटरी जनरल डॉ.जयदीप आर्य थे। इस सम्मान समारोह में स्कूल ऑफ योग,रांची विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका संतोषी कुमारी को बेस्ट टेक्निकल ऑफिसर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। संतोषी कुमारी कई वर्षो से योग के क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है। राष्ट्रीय स्तर के खेलों में जैसे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, नेशनल गेम्स स्टेट गेम्स सहित कई जगह पर निर्णायक की भुमिका में रह चुकी है।संतोषी योग थैरेपिस्ट के रूप में 37 नेशनल गेम्स में अपना योगदान दे रही है। संतोषी कुमारी के इस उपलब्धि के लिए योगसन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संजय सिंह,सचिव बिपिन पाण्डे,स्कूल ऑफ योग की डॉयरेक्टर डॉ.मधुलिका वर्मा, कॉर्डिनेटर डॉ. गुरुचरण साहू,एसके घोषाल, आचार्य प्रह्लाद, आचार्य शंकर,विकास,प्रशांत सिंह, चैताली मुखर्जी, पूजा सिंह, सोनाली सरकार, दयानंद, ऋषि रंजन एवम संस्था के अन्य अधिकारियों ने बधाई दी।

# दो मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मिनाक्षी सिनेमा हॉल के पास से राजा पाल को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ में प्राप्त सूचना के आधार पर राजा पाल के मुक्तीधाम स्थित किराये के मकान से एक और चोरी की मोटरसाईकिल बरामद कि गई तथा चन्दवा (लातेहार) थाना क्षेत्र से एक अन्य अभियुक्त आकाश कुमार को दो चोरी के मोटरसाईकिसल के साथ गिरफ्तार किया गया। जाँच के क्रम में पाया गया कि चारों बरामद मोटरसाईकिल हिन्दपीढ़ी थाना, लोअर बाजार, थाना सदर थाना एवं अरगोड़ा थाना से चुराई गई है। इसके अलावे दोनों अभियुक्तों के द्वारा सुखदेवनगर थाना एवं अन्य थाना क्षेत्र से और मोटरसाईकिल चोरी करने की बात स्वीकार कि गयी है जिसकी बरामदगी हेतु छापामारी कि जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता :** राजा पाल , मूक्ति धाम पंचमुखी मंदीर रोड नं0-05 सुखदेवनगर जिला राँची और आकाश कुमार पिता गोविन्द महतो चंदवा जिला लातेहार शामिल हैं।



**कांड में जप्त किये समानों की विवरणी :** जेएफ डीलक्स वाहन यूपी 70डी डब्लू 9462 ,102 एनएस पल्तर जिसका रजिस्ट्रेशन नं0- जेएच 01 डब्लू 8878 (लोअर बाजार थाना कांड सं0 333/23), एच एफ डीलक्स वाहन जेएच 01सीसी 3574 ( सदर थाना ), हीरो कंपनी का बिना नंबर का स्प्लेन्डर प्रो (अरगोड़ा थाना कांड सं0 394/23) है।

**छापामारी दल में शामिल:** पुअनि रजनी रंजन सुखदेवनगर थाना, पुअनि राज गुप्ता सुखदेवनगर थाना, आडी/3670 अमृत तिग्गा सुखदेवनगर थाना, आ/2863 दीपक गगराई शामिल थे।

# वोकल फॉर लोकल मिशन को अपनाते हुए अमर बाउरी ने खरीदा दिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** दीपोत्सव के इस पावन पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वोकल फॉर लोकल मिशन को अपनाते हुए गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रांची के हरमू रोड स्थित सड़क किनारे लगने वाले मिट्टी के बर्तन की दुकान पर जाकर दीपावली की खरीदारी की। इस दौरान उन्होंने डिजिटल पेमेंट के माध्यम से दुकानदार को भुगतान किया।वहीं मौके पर उपस्थिति मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए लोकल फॉर वोकल और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। इसी दौरान हम सभी भारत के नागरिक होने के नाते



स्थानीय कुम्हार के द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन खिलौने दीया, सजावटी सामग्री आदि की खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर रहे हैं। यह कार्य नेता प्रतिपक्ष के नाते नहीं बल्कि भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते कर रहे हैं। वहीं उन्होंने देशवासियों से भी आग्रह किया कि वे भी लॉकल फॉर वोकल, डिजिटल पेमेंट को आगे बढ़ते हुए इस दीपावली स्थानीय व क्षेत्रीय कारीगरों सही खरीदारी करें और उनके घरों को भी रोशन बनाएं।

# बैंक ऑफ इंडिया ने किया एमएसएम ई महाहंगामा ऋण शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा रातू के संडे मार्केट स्थित मंगलम हॉल में बृहत रूप से एम.एस.एम.ई महा हंगामा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 550 लोगों ने हिस्सा लिया। मनोज कुमार सिंह, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह ड्ड झारखंड ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्राहक, कारोबारी, कृषक और आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा एकमात्र उदेश्य झारखंड की आम जनता को महाजनों से मुक्ति दिलाना है और कारोबार करने हेतु बैंक से कारोबार संबंधी ऋण उपलब्ध करा कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा इस तरह का शिविर हम झारखंड स्तर पर कर रहे हैं। हम अपने पांचों अंचल; राँची, हजारीबाग, बोकरो, जमशेदपुर और धनबाद के माध्यम से इस तरह के शिविर का आयोजन आगे भी करते रहेंगे। इस विशेष अवसर पर श्रेष्ठ 3 बैंक सखी, 3 कारोबार प्रतिनिधि और 3 शाखा प्रबंधकों को भी सम्मानित किया गया। बताते चलें कि 2 नवंबर से 9 नवंबर 2023 के दौरान एम.एस.एम.ई महा हंगामा ऋण शिविर का आयोजन कर कुल 129 करोड़ का लीड सृजित किया गया है। मंच संचालन विपणन अधिकारी प्रदीप चटर्जी द्वारा और धन्यवाद ज्ञापन उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास द्वारा किया गया। एम.एस.एम.ई. महा हंगामा ऋण मेला में बैंक ऑफ़ इंडिया राष्ट्रीय बैंकिंग समूह - झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार, राँची आंचलिक कार्यालय के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास, अग्रणी जिला प्रबंधक श्रीकांत, मुख्य प्रबंधक अनुराग वर्मा, पप्पू कुमार, स्टार कृषि विकास केंद्र के वरिष्ठ प्रबंधक पियूष कुमार, डी.आई.सी. से अतिन टोपनो, शेखर प्रसाद जे.एस.एल.पी.एस से दीपक गुप्ता, नाबार्ड से डी लुगुन, जिला तकनीक अधिकारी मनोज कुमार, डीएओ रमाशंकर सिंह, सुमित कुमार, ओम प्रकाश, नितेश कुमार, शाखा प्रबंधक, अन्य बैंक स्टाफ समेत बड़ी संख्या में ग्राहक, कारोबारी, कृषक और आम जनता उपस्थित थे।

# 27 गोवंशीय पशुओं को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस को सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के पुराना हुलहुंडु के पास बीती रात को ग्रामीणों ने करीब 27 गोवंशीय पशु को पकड़ लिया और इसके बाद पशुओं के साथ आ रहे पशु तस्कर एवं गाय चरवाहा को भी पकड़ लिया । लेकिन किसी तरह से यह सभी भागने में सफल हो गए। फिर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को दी । तब तुपुदाना प्रभारी मीरा सिंह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे और सभी पशुओं को अपने पास बरामद कर लिया। इसके बाद ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाना प्रभारी मीरा सिंह ने बताया कि 27 पशुओं में 13 काड़ा, भैंस और बाकी 15 गाय, बाछा ,बाछी शामिल है। पशुओं के साथ कोई पकड़ा नहीं गया है इसलिए अभी पता नहीं चल सका है , कि पशु कहां से आ रही है।

लेकिन पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। इतना पता चला है कि सिमडेगा की ओर से लाया जा रहा होगा ।

ये सब कांटा टोली या डोरंडा की और इसे ले जाने की तैयारी थी। अभी पुलिस अपने स्तर से सभी पशुओं की सूची तैयार कर ली है और स्थानीय ग्रामीणों को बुलाया गया है सभी के आधार कार्ड लेकर उसे सौंप दिया जायेगा। बता दें कि बीते साल 20 जुलाई22 तुपुदाना ओपी की एसआइ संध्या टोपनो की गोवंशीय पशु लदा पीकअप वैन रोकने के लिए ड्यूटी पर थी तभी पीक अप वैन ने से धक्का मारो दिया और संध्या की मौत हो गई।


### एसएसपी ने कहा

एसएसपी ने कहा कि इन दिनों लगातार गौ तस्करों के खिलाफ पुलिस सख्ती से काम कर रही है। पिछले 14 अक्टूबर को नामकुम थाना की पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं की चमड़े से लदा ट्रक और 16 अक्टूबर 23 को कांके थाना क्षेत्र से 53 गोवंशीय पशुओं को जब्त किया था।

# दीपावली और छठ को देखते हुए फुटपाथ दुकानदारों पर रहम करे निगम : गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नगर निगम रांची और यातायात पुलिस के संयुक्त प्रयास से रांची के मेन रोड, चर्च रोड,डेली मार्केट और इसके आसपास की जगहों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाई जा रही। इसके तहत डेली मार्केट,चर्च मार्केट, काली मंदिर रोड के आसपास ठेला, खोमचा और फुटपाथ पर लगाए गए दुकानदारों को हटाया गया।कुछ लोगों का सामान भी जप्त किया गया। मुख्य रूप से ठेला, टेबल,कपड़ा वगैरह निगम अपनी हल्ला गाड़ी में जप्त कर अपने साथ ले



गई। वहीं फुटपाथ पर अपनी दुकान लगाकर जीवन यापन करने वालों ने बताया कि निगम और यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है,जिसमें हमारा कपड़ा और ठेला भी पुलिस द्वारा जप्त कर ले गई। वहीं झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि धनतेरस, दीपावली,छठ पर्व है और ऐसे समय में फुटपाथ दुकानदार वालों की कुछ कमाई हो जाती है तो ऐसे पर्व त्योहार को देखते हुए रांची नगर निगम और यातायात पुलिस अभियान ना चलाएं, ताकि इस त्यौहार में ये गरीब लोग कुछ काम सके। वही नगर निगम द्वारा बताया गया कि पहले भी कई बार इन लोगों को समझाया बुझाया गया कि वह सड़क पर फुटपाथ पर दुकान ना लगाएं, ठेला ना लगाएं बावजूद इसके इस तरह की समस्याएं ये लोग पैदा करते हैं , जिस आमजनों ,वाहन चालकों को समस्याएं होती हैं, सड़क जाम होता है इसलिए यह अभियान चलाना पड़ता है।

## धनबाद से एर्नाकुलम के लिये दस नवंबर को चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रांची :** दीपावली और महापर्व छठ को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। घरों से दूर और महानगरों में रहने वाले लोग अपने-अपने प्रियजनों के पास और घरों की ओर रुख कर रहे हैं। लेकिन इस दौरान उनके बीच एक बड़ी समस्या आ रही और वो यह है कि उन्हें ट्रेन में कंफर्म सीटें नहीं मिल रही हैं। लंबी-लंबी वेटिंग लिस्ट सामने है, जिससे वे परेशान है। इसके मद्देनजर रेलवे बोर्ड की ओर से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिल रही है। देशभर में स्पेशल ट्रेन परिचालन का आदेश जारी किया गया है।

# राज्यपाल से मिले नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी

### दोनों ने राज्य हित में विपक्षी दल की भूमिका और सहयोग पर चर्चा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को राजभवन में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने शिष्टाचार मुलाकात की। नया दायित्व मिलने के बाद बाउरी की यह राज्यपाल से पहली भेंट थी। इस दौरान उन्होंने राज्य हित में विपक्षी दल की भूमिका और सहयोग पर उनसे चर्चा भी की। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि नेता प्रतिपक्ष के



रहने से अब राज्य की जनता के कल्याणार्थ कई सकारात्मक पहल होंगे। राजभवन से निकलने के बाद अमर बाउरी ने हरमू रोड में सड़क किनारे बैठे कारीगरों, दुकानदारों से मिट्टी के दीयों और दूसरे सामानों की खरीदारी की। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस बार की दीपावली इस देश के लोगों के लिए खास भी है। भगवान राम लंका विजय के पश्चात जब अयोध्या लौटे थे तो लोगों ने खुशी से दीये जलाए थे। रोशनी का त्योहार मनाया था। इस बार एक बार फिर ऐतिहासिक पल आने वाला है जब अगले दो माह बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह इस देश के लिए विशिष्ट, ऐतिहासिक पल होगा। इस लिहाज से उन्होंने भी स्थानीय दुकानदारों से दीयों की खरीद की है। सबों को चाहिये कि छोटे-छोटे दुकानदारों, कारीगरों से मिट्टी के दीये, खिलौने और अन्य सामानों की खरीद करें और उन्हें प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसके लिए अपील की है।बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार द्वारा बिहार विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण पर दिए गये एक बयान पर उन्होंने कहा कि यह असभ्य और अस्वीकार्य है। उन्होंने विधानसभा जैसे लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में महिलाओं के संबंध में शर्मनाक बात कही। यह विनाश काले विपरीत बुद्धि का परिचायक है। उन्होंने अपने पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए था।

# भारतीय साइबर ठगों की मदद से लाभान्वित हो रहा है चाइनीज ठग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड रांची अंतर्गत साइबर क्राइम पर कंट्रोल करने के लिए अपराध अनुसंधान विभाग तत्परता के साथ काम कर रही है। इसी के तहत कई साइबर ठगों को गिरफ्तार का जेल भेजी जा चुकी है। इस क्रम में 5 जुलाई 2023 धनबाद के रहने वाले राहुल द्वारा एक मामला दर्ज कराया गया था । जिसमें उसने बताया कि www.jeevansathi.com पर प्रोफाइल से संपर्क किया गया और क्रिप्टोकरंसी निवेश कर अधिक पैसे कमाने के लिए प्रोत्साहित किया । इसके लिए राहुल को फर्जी वेबसाइट व डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू banocoin.org पर एक रजिस्टर करने को कहा गया और अलग-अलग बैंक खताओं में यूपीआई के माध्यम से पैसे डालने के लिए कहता गया । वादी को जो वेबसाइट दिखाया जाता था जांच में इन सभी फर्जी वेबसाइट था। मूल स्थान हांगकांग, चाइना ,कंबोडिया इत्यादि में पाया गया । सीआईडी ने जांच पड़ताल किया और इस मामले में देखा कि मध्य प्रदेश ,दिल्ली , उत्तर प्रदेश के बैंक खाता पाए गए, जिसमें करोड़ों रुपए का ट्रांजैक्शन किया गया था। शिकायतकर्ता राहुल से करीब 95 लाख 2000 साइबर ठगी कर लिया गया। जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी बैंक खताओं में कुल ठगी किए गए 67 लख रुपए को फ्रिज करवा दिया गया।

**एडीजी अनुराग गुप्ता ने कहा:** सीआईडी के एडीजी अनुराग गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित




करते हुए बताया कि जैसे ही इसकी जानकारी हुई तो त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले तो क्रिप्टोकरंसी के माध्यम ठगी के करीब 67 लख रुपए फ्रिज कराया गया है । इसमें दो लोगों को 18 जुलाई 2023 को ही प्रतीक संतोष रावत और अभिषेक दुबे को औरंगाबाद महाराष्ट्र से गिरफ्तार का जेल भेजा जा चुका है। इन्हीं लोग के पूछताछ के क्रम में जीवन गोपीनाथ गलधर उर्फ गोपीनाथ रामबाबू गलधर को गिरफ्तार कर लिया गया है । इसके पास से दो मोबाइल, दो सिम कार्ड ,चार एटीएम, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड , दो क्रेडिट कार्ड , एक पासपोर्ट , 48400 नगद और 3300 ताइवान का डॉलर बरामद किया गया है । अनुराग गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है । अब तक जितने लोग साइबर ठग में पकड़े गए हैं सभी भारतीय मूल के नागरिक हैं और इन्हीं लोगों की मदद से विदेश में बैठे चाइनीज के मुख्य ठग भारतीय करेंसी की ठगी करवा रहा है।

**कौन है जीवन गोपीनाथ:** बता दें की जीवन गोपीनाथ गलधर 31 वर्ष उम्र है और वर्तमान में ताइवान के नांगांग सिटी ताइवान में रह रहा था। वह औरंगाबाद महाराष्ट्र का रहने वाला था और इंजीनियरिंग की पढ़ाई किया था इसलिए वह ताइवान में नौकरी की तलाश में गया था । वहीं रह रहा था इसी बीच चाइनीज निवासी लीन नामक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई और फिर धीरे-धीरे दोस्ती हो गई । लीन जो साइबर ठग का मुख्य व्यक्ति है। उसने ही जीवन गोपीनाथ को भारतीय करेंसी को विदेश लाने के लिए प्रोत्साहित किया था । इसी के साथ में ठगी करने में शामिल हो गया। ऐसे भारतीय मूल मुख्य ठग जीवन गोपीनाथ को माना जा सकता है। पकड़े जाने के पीछे की कारण था । shaadi.com । इस उद्भेदन में सीआईडी के एसपी एस कार्तिक, डीएसपी नेहाल और साइबर इंस्पेक्टर गजेन्द्र पांडेय।

# आईएसआईएस आतंकी को एटीएस कोर्ट ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एटीएस के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में गुरुवार को आईएसआईएस संगठन के आतंकी मोहम्मद नसीम को कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। इसके बाद अदालत ने उसे 22 नवम्बर तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। उल्लेखनीय है कि आठ नवम्बर को आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों मोहम्मद नसीम और मो. आरिज हसनैन को एटीएस ने हजारीबाग और गोड्डा जिले से गिरफ्तार किया था। मोहम्मद नसीम हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहने वाला है। नसीम की गिरफ्तारी हजारीबाग से ही हुई थी। दूसरा आतंकी मो. आरिज हसनैन गोड्डा जिले के रहमत नगर का रहने वाला है। आरिज की गिरफ्तारी गोड्डा से की गयी थी। मो. आरिज हसनैन को बुधवार को ही न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया था।

## चलो जलाएं दीप वहां जहां अभी अंधेरा है कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत नवागढ़ पंचायत के ओबर गॉव में भारत विकास परिषद रांची मध्य एवं महानगर शाखा के तत्वाधान में आज वृहस्पतिवार के दिन चलो जलाएं दीप वहां जहां अभी अंधेरा है कार्यक्रम -2023 के तहत आर्थिक पिछड़े लोगों के बीच दीपक, बत्ती, माचिस, तेल एवं मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इंटरनेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट शशि भूषण पांडे एवं सूचना वैज्ञानिक जितेंद्र कुमार जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। लॉर्ड गौतम बुद्ध ट्रस्ट के संस्थापक भारत भूषण ने कहा कि दिवाली के अवसर पर अपने आसपास रह रहे आर्थिक पिछड़े लोगों की सहायता करना हमारी प्रार्थमिकता है। मंच का संचालन जुगल बेदिया द्वारा की गई ।

## धनतेरस को लेकर सज गया बाजार, धनतेरस आज



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज धनतेरस को लेकर सिल्ली मुरी की बजार पुरी तरह सज कर तैयार हो गया है। पुरा बजार रंगबिरंगी रोशनी से जगमग हो उठा है। साथ ही गहनो की दुकान, बाइक शॉरुम, मोबाइल दुकान, इलक्ट्रोनिकस की दुकानें, बर्तन की दुकानें साथ ही छोटे बड़े और भी दुकानें पुरी तरह से सज कर तैयार हो गया है। हर एक खरीदारी पर उपहार भी दिया जाएगा। दिपावली को लेकर बजार मे काफी चहल पहल दिखा। गणेश लक्ष्मी की मूर्ति ?50 से लेकर ?300 तक बिका।,ग्वालन रू40 से लेकर रू100 तक बिका वही दीपावली को लेकर लोगों में काफी चहल-पहल रहा ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण लोगों ने अपने घरों को साफ सफाई कर रंगाई पुताई किया।

## आमया अंचल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को आल मुस्लिम यूथ एसोसीएसन ने अंचल अधिकारी हेमराज खलखो को मुस्लिम मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपा संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा की सरकार और अधिकारियों के उपेक्षा के कारण मांडर प्रखंड के कंजिया में 14 करोड़ 75 लाख की लागत से होने वाले अल्पसंख्यक आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय निर्माण योजना स्थगित कर रांची जिला के दूसरे प्रखंड में स्थानंतरण किये जाने के खिलाफ आमया संगठन मांडर प्रखंड संयोजक फिरोज अंसारी के नेतृत्व में अंचल? अधिकारी विजय हेमराज खलखो से मिला और आपत्ति जताते हुए अल्पसंख्यक आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय का निर्माण मांडर प्रखंड के बंझिला ग्राम में अवस्थित सरकारी भूमि में कराने कि मांग किया साथ ही प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बहुल पंचायत एवं ग्राम से अस्पताल, स्कूल, ट्रेनिंग सेंटर, खेल मैदान, मार्केट शेड छात्रावास, आदि का प्रस्ताव आईटीडीए पदाधिकारी रांची को भेजने की मांग किया। जिसपर अंचल अधिकारी ने अविलम्ब प्रस्ताव भेजने का भरोसा दिया।

## संत माईकल +2 स्कूल मुरी के पूर्व छात्र शशिकांत महतो को विद्यालय में किया गया सम्मानित

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत माईकल +2 स्कूल, मूरी के पूर्व छात्र शशिकांत महतो का चयन 37 नेशनल गेम (वुशु) में हुआ था। जो कि गोवा में 1 से 4 नवंबर को आयोजित किया गया था । जिसमें शशिकांत ने अपनी काबलियत एवं प्रतिभा से कांस्य पदक हासिल किया और इस क्षेत्र एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया। शशिकांत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एवं वुशु का प्रशिक्षण की शुरुवात इसी विद्यालय से कोच वाहिद अली के नेतृत्व में किया था और इसी दौरान शशिकांत ने वर्ष 2013 में स्कूल नेशनल गेम जो कि दिल्ली में आयोजित किया गया था उसमें कांस्य पदक हासिल किया और वर्ष 2016 में अंतराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशीप जो कि मलेशिया में आयोजित किया गया था उसमें स्वर्ण पदक हासिल किया था। इस मौके पर विद्यालय में शशिकांत और कोच वाहिद अली को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

## कोयलांचल के बचरा-पतरातु मुख्य मार्ग पर पिकअप व बाईक की टक्कर में एक युवक की मौत

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कोले रेलवे स्टेशन के समीप पताल गांव के पास गुरूवार की दोपहर पिकअप वैन और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर मे बाईक सवार युवक की मौत हो गई।मृतक युवक की पहचान खलारी थाना क्षेत्र के बमने पंचायत के डुण्डू गांव निवासी 24 वर्षीय शशिकांत महतो पिता स्व. फुलु महतो के रूप मे की गई है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक शशिकान्त अपने किसी रिश्तेदार को पहुंचा कर अपने बाईक से वापस लौट रहा था,इसी बीच बचरा पतरातु मुख्य मार्ग के कोले रेलवे स्टेशन के समीप पताल गांव के पास विपरीत दिशा से आक्सीजन सिलेंडर लदी पिकअप वैन और बाईक मे जोरदार टक्कर हो गई।इस दुर्घटना में बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया।इस बीच उक्त सड़क मार्ग में गुजर रहे राहगीरों द्वारा तत्काल उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे रांची रेफर कर दिया गया।इस दौरान रांची ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।इधर इस घटना की सूचना पाकर काफी संख्या मे स्थानीय ग्रामीण बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आक्रोश प्रकट किया।आक्रोशित ग्रामीण मृतक के परिजन को मुआवजा देने की मांग को लेकर हंगामा किया। इस बीच सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने समझा बूझाकर ग्रामीणों को शांत कराया।पुलिस ने घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन और बाइक को भी जप्त कर लिया है।वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्धटना में युवक घायल, रांची रेफर

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा-बुण्डु मुख्य मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना मे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के बुण्डु गांव निवासी सिद्धांत करमाली पिता कुजूंल करमाली के रूप मे की गई है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक घायल युवक सिद्धांत बचरा मे मजदुरी का काम करता है।बुधवार की शाम वह मजदुरी करने के बाद अपने घर बुण्डु अपने बाईक से जा रहा था,इसी बीच बचरा बुण्डु मुख्य मार्ग पर संतुलन बिगड़ने से वह मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया।जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रांची रेफर कर दिया गया है।इधर घटना की सूचना पाकर काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और घायल युवक के रिश्तेदार बचरा अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। चिकित्सको ने घायल युवक की स्थिति खतरे से बाहर बताया है।

## मनोज चंद्रा को केंद्रीय सचिव बनाये जाने पर पिपरवार कमेटी ने दी बधाई



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता मनोज चंद्रा को रैयत विस्थापित मोर्चा का केंद्रीय सचिव और मोहम्मद अफजल को केंद्रीय सदस्य बनाये जाने पर रैयत विस्थापित मोर्चा पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के द्वारा उन्हे बधाई दी गई है।जानकारी के अनुसार मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह झारखण्ड सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने दोनों का मनोनय किया है।इधर मनोज चंद्रा को रैयत विस्थापित मोर्चा का केंद्रीय सचिव और मोहम्मद अफजल को केंद्रीय सदस्य बनाये जाने पर रैयत विस्थापित मोर्चा पिपरवार क्षेत्रिय कमेटी ने केन्द्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा के प्रति आभार प्रकट करते हुए मनोज चन्द्रा और मोहम्मद अफजल को बधाई दी है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में गुरूवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया।प्रतियोगिता मे निर्णायक मंडली की भुमिका श्रीमती निभा झा और आकांक्षा मिश्रा ने निभाया।इस प्रतियोगिता मे कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा दो तक के कुल 50 बच्चों ने भाग लिया।सभी नन्हे मुन्हे बच्चों ने बहुत ही सुंदर तरीके से अपना अभिनय किया, जिसमे सभी बच्चों का अभिनय बहुत ही सराहनीय रहा।कार्यक्रम का संचालन आयुषी,हर्ष,कृति और सांवी ने संयुक्त रूप से किया।निर्णायक मंडली द्वारा फैंसी ड्रेस विजेता घोषित किया गया,जिसमें कक्षा एलकेजी से अथर्व आनंद प्रथम,इशानी प्रधान द्वितीय और सुप्रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रही।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का इंटर-स्कूल टेक्निकल बोनान्जा में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने मोरहाबादी में आयोजित इंटर-स्कूल टेक्निकल बोनांजा में अपनी अमिट छाप छोड़ी। इस प्रतियोगिता में 15 स्कूलों के 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। बारहवीं कक्षा के आदित्य कुमार को पाइथागोरस प्रो -अ मैथमेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ और उन्हें ?7000 नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं के शिवांश जोशी को पाइथागोरस स्टार में प्रथम पुरस्कार के साथ ?7000 का नकद पुरस्कार मिला। कक्षा दसवीं के लाल रूपक नाथ शाहदेव को ?3000 नकद पुरस्कार के साथ पाइथागोरस स्टार में तीसरा पुरस्कार मिला। कक्षा नवम की खुशी कुमारी ने टेक आर्ट- तकनीकी ड्रॉइंग प्रतियोगिता में रू 3000 के नकद पुरस्कार के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के विभु आनंद को पाइथागोरस स्टार में तीसरा प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। कक्षा नवम के निश्चय रतन को क्यूरियोसिटी-जनरल क्विज में तीसरा प्रशंसा पुरस्कार मिला। कुल मिलाकर स्कूल को 1ह्यह्ल रनरअप की ट्रॉफी मिली। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों की उनके समर्पित प्रयासों के लिए सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की। उन्होंने सीखने के महत्व पर जोर दिया जो ऐसी प्रतियोगिताओं के लिए आवश्यक है और उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने में मदद करता है।

# रैयत विस्थापित मोर्चा की डकरा में हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक अंबेडकर पार्क डकरा में हुई. अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने किया.बैठक में रैयत विस्थापितों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई.इस मौके पर लपरा पंचायत की मुखिया पुतुल देवी,मायापुर मुखिया पुष्पा ख़लखो,विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी,जगरनाथ महतो एव आजाद अंसारी ने मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया.सभी को माला पहनाकर स्वागत किया.मौके पर बिगन सिंह भोगता ने कहा कि मोर्चा रैयत विस्थापितो के हक अधिकार दिलाने और जागरूक करने का काम कर रहा है यही कारण की मोर्चा में सभी लोग जुड़ रहे हैं.मोर्चा सभी के साथ मिलकर रैयत विस्थापित के हक अधिकार की आवाज बुलंद करता रहेगा.उन्होंने कहा कि यहां के बेरोजगार को रोजगार के लिए भटकना पड़ता है जबकि एनके एरिया में कई आउटसोर्सिंग कंपनी चल रहा है इसलिए जो कंपनियां चल रही है उसमें बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का काम करे.मोर्चा इसको लेकर एक ज्ञापन देगा और उसके बाद रोजगार नही मिला तो मोर्चा कंपनियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी.संचालन सह सचिव रामलखन गंझू ने किया. बैठक में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा . रंथू उरांव, जगरनाथ महतो,जालिम सिंह,नरेश गंझू,विनय ख़लखो,अमृत भोगता, प्रकाश महतो,कन्हाई पासी,अशोक राम,शिवनारायण लोहरा,सुनील यादव,सलामत अंसारी, शिवनाथ भोगता,प्रभाकर गंझू, कुलदीप साहू ,दिनेश प्रसाद,श्यामजी महतो,मो तौहीद,भरत महतो आदि उपस्थित थे.

## श्रीजानकी रमण मंदिर में रामलीला महोत्सव शुरू

**खलारी :** श्रीजानकी रमण मंदिर खलारी परिसर में सात दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का शुभारम्भ किया गया. इस अवसर पर पहले दिन प्रयागराज से आये धर्म प्रचारक रामलीला मण्डल के कलाकारों ने दशरथ पुत्रिष्ठी यज्ञ व भगवान श्री राम जन्मोत्सव का सफल मंचल किया गया. शाम से शुरू हुई रामलीला कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु महिला-पुरूषों ने पुरे भक्तिभाव से देखकर आनन्द लिया. मौके पर रामलीला के संचालक लवलेश कुमार ने बताया कि पुरे देश में हिन्दु संस्कृति व धर्म रक्षा के साथ ही भगवान श्रीराम के आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने के लिये ये कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. लवलेश कुमार ने बताया यह रामलीला शाम में सात बजे से रात दस बजे तक चलता है. उन्होने बताया कि 13 नवम्बर तक चलेगा. इसके बाद मुनि आगमन,ताड़का मारिच सुबाहु वध का मंचल किया जायेगा. 09 को सीता स्वयंवर,रावण वाणासुर संवाद,धनुष त्रिखण्डन,10 को लक्ष्मण परशुराम संवाद,सीताराम विवाह,11 को सूर्पनखा नकछेदन,सीता हरण, रामविलाप, 12 को सबरी राम भेंट,राम हनुमान मिलन,राम-सुग्रीव मित्रता,बाली वध,13 को मेघनाथ वध,कुंभकरण वध,रावण वध,श्री राम राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न होगा.रामलीला के सफल मंचन में प्रयागराज के लवलेश कुमार, मुकेश कुमार, राम प्रकाश चौरसिया, नितेश शर्मा, रामजी चौरसिया, पप्पू चौरसिया, राघव प्रसाद का सराहणीय योगदान रहा है.

## कार्यालय :- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा।

E-mail:-dfo-lohardagga@gov.in Ph. & Fax - 06526 – 224285/359028

### "निविदा सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा वन प्रमण्डल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित वाहनों एवं रद्दीकृत विभागीय वाहनों की जहाँ है, जिस स्थिति में है के आधार पर बिक्री हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फॉर्म अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस को कार्य अवधि के दौरान विहित शुल्क 100/– (एक सौ) रूपया जमा कर प्राप्त की जा सकेगी। विधिवत् भरा गया मुहरबन्द निविदा फॉर्म दिनांक12.12.2023 को 12:00 बजे पूर्वाहन तक वन प्रमण्डलीय कार्यालय, लोहरदगा में प्राप्त की जायेगी। निविदा उसी दिन प्रमण्डलीय कार्यालय में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 01:00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। किसी भी वाहन के लिए उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अधोहस्ताक्षरी बाध्य नहीं है और उसे बिना कारण बताये बिक्री से उठालेने या रद्द करने के लिए सक्षम होंगे। निविदा में उच्चतम डाक वाले निविदादाताओं को स्वीकृत राशि का 15% जमानत की राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य है। सफल निविदादाताओं को नियामानुसार पूरी राशि (सभी कर सहित) निविदा स्वीकृति के 15 दिनों के अन्दर जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अन्तर्गत पूरी राशि जमा नहीं कर पाते हैं तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन एवं जमानत तथा अन्य जमा राशि बिना कोई कारण बताये राज्य सात कर ली जाएगी। निविदादाता को निविदा के साथ आधार कार्ड एवं पैनकार्ड की छायाप्रति भी समर्पित करना अनिवार्य होगा। क्रय किये गये वाहनों से संबंधित निबंधनपत्र देने या निबंधन स्थानांतरण कराने की जिम्मेवारी प्रमण्डलीय कार्यालय की नहीं होगी।

निविदादाता को ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों के लिए 10000/– (दस हजार) रू० अन्य चार पहिये वाहन के लिए 5000/– (पाँच हजार) रू० एवं दो पहिए वाहन हेतु 2000/– (दो हजार) रू० मात्र अग्रधन की राशि मुहरबन्द लिफाफे में निविदा के साथ बैंकड्रॉपट जो पंजाब नेशनल बैंक, लोहरदगा में भुगतेय हो एवं वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा (Divisional Forest Officer, Lohardaga Forest Division, Lohardaga) के पदनाम के पक्ष में हो जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं के अग्रधन की राशि तुरन्त वापस कर दी जाएगी। सफल निविदादाताओं द्वारा जमा की गई अग्रधन की राशि वाहन के मूल्य में समायोजित कर दी जाएगी। इच्छुक निविदादाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन कार्यालय अवधि में वाहन का निरीक्षण कर सकते है। प्रत्येक वाहन के लिए अलग–अलग निविदा विहित प्रपत्र में अग्रधन के साथ देना होगा। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते है, बशर्ते की विहित प्रपत्र में निविदा अग्रधन राशि सहित पूरी तरह मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक 12.12.2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न के पहले कार्यालय में प्राप्त हो जाए। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम सं0 | निबंधन सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन जहाँ अवस्थित है | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01E8476 | OMNI | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 2 | JH01H0489 | TRUCK | नेतरहाट वन विश्रामागार। | |
| 3 | CG14ZD0350 | COMMANDER JEEP | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 4 | BR14AH9231 | 407 TRUCK | –वही– | |
| 5 | JH01AE0538 | TRUCK | –वही– | |
| 6 | OR09D3814 | PICK UP | –वही– | |
| 7 | JH08A5435 | PICK UP | –वही– | |
| 8 | WITHOUT NO | 407 TRUCK (LOH) | –वही– | |
| 9 | OR09A2719 | TRUCK | वन परिसर कैम्पस, कुडू। | |
| 10 | CG04JA5592 | TRUCK | वन परिसर कैम्पस, कुडू। | |
| 11 | JH01BM1136 | AUTO | –वही– | |
| 12 | JH01AR2848 | AUTO | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 13 | WITHOUT NO | TRUCK (KURU) | वन परिसर कैम्पस, कुडू। | |
| 14 | JH08D5273 | AUTO | –वही– | |
| 15 | BHN206 | JEEP | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 16 | BPN2119 | JEEP | वन प्रमण्डल पदाधिकारी, आवासीय परिसर। | |
| 17 | JH08B5364 | MOTORCYCLE | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 18 | JH08F6164 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 19 | JH01C7941 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 20 | JH08H1249 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 21 | JH01V5825 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 22 | JH08C 4232 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 23 | JH01E9688 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 24 | JH08A5540 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 25 | JH01E1903 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 26 | JH07H9771 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 27 | JH08A9711 | AUTO | –वही– | |
| 28 | JH08B1033 | AUTO | –वही– | |
| 29 | UP65CT1542 | TRUCK | –वही– | |
| 30 | JH07H4579 | PICKUP | वन परिसर कैम्पस, बनारी। | |
| 31 | JH01CB4593 | PICKUP | –वही– | |
| 32 | JH08F6111 | TRUCK | –वही– | |
| 33 | Without No | EICHER TRACTOR | वन परिसर कैम्पस, कुडू। | |
| 34 | JH08A9192 | MARUTI ZEN | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 35 | WITHOUT NO | TRACTOR & TAILER | वन परिसर कैम्पस, बनारी। | |
| 36 | JH07A7013 | COMMANDER JEEP | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 37 | JH01T 43384 | TATA MAGIC | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 38 | JH01T 7587 | TATA TURBO 404 | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 39 | JH01AB 0563 | HUNDAI i20 | वन परिसर कैम्पस, कुडू। | |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 311091 (Lohardaga) 23-24 (D)

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग (जिला जनसम्पर्क शाखा, समाहरणालय भवन)

### आपकी योजना–आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम–2023

### –: पंचायत स्तरीय शिविर आयोजन संबंधी आम सूचना :–

राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक–15 नवम्बर से 29 दिसम्बर, 2023 तक "**आपकी योजना–आपकी सरकार, आपके द्वार**" कार्यक्रम के तहत हजारीबाग जिला के सभी प्रखण्डों के विभिन्न पंचायतों में निम्नलिखित Schedule के अनुसार शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं :–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | शिविर आयोजन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | | चंपानगर नावाडीह | 16.11.2023 |
| 2 | | डुमरौन | 17.11.2023 |
| 3 | | गोबरबंदा | 22.11.2023 |
| 4 | | हदारी | 24.11.2023 |
| 5 | | बरियट | 28.11.2023 |
| 6 | | बोंगा | 29.11.2023 |
| 7 | | कारीमाटी | 02.12.2023 |
| 8 | | कुरहा | 06.12.2023 |
| 9 | | परासी | 07.12.2023 |
| 10 | ईचाक | पुराना ईचाक | 09.12.2023 |
| 11 | | बरकाकला | 11.12.2023 |
| 12 | | बरकाखुर्द | 13.12.2023 |
| 13 | | डाड़ीघाघर | 15.12.2023 |
| 14 | | डाढ़ा | 20.12.2023 |
| 15 | | दरिया | 21.12.2023 |
| 16 | | देवकुली | 22.12.2023 |
| 17 | | मंगुरा | 23.12.2023 |
| 18 | | करियातपुर | 26.12.2023 |
| 19 | | आलौंजाखुर्द | 27.12.2023 |
| 20 | | चुगलामो | 16.11.2023 |
| 21 | | बरकनगांगो | 17.11.2023 |
| 22 | | गैड़ा | 22.11.2023 |
| 23 | | बेड़ोकला | 24.11.2023 |
| 24 | | तुईयो | 25.11.2023 |
| 25 | | कपका | 28.11.2023 |
| 26 | | गंगपाचो | 29.11.2023 |
| 27 | | गयपहाडी | 30.11.2023 |
| 28 | बरकट्ठा | सलैया | 01.12.2023 |
| 29 | | झुरझुरी | 02.12.2023 |
| 30 | | कोनहराखुर्द | 07.12.2023 |
| 31 | | चेचकपी | 09.12.2023 |
| 32 | | बरकट्ठा दक्षिणी | 11.12.2023 |
| 33 | | बरकट्ठा उत्तरी | 14.12.2023 |
| 34 | | बेलकपी | 20.12.2023 |
| 35 | | शिलाडीह | 22.12.2023 |
| 36 | | गोरहर | 28.12.2023 |
| 37 | | बेन्दगी | 16.11.2023 |
| 38 | | रसोईयाधमना | 17.11.2023 |
| 39 | | बरही पश्चिमी | 22.11.2023 |
| 40 | | बरहीपूर्वी | 24.11.2023 |
| 41 | | कोनरा | 28.11.2023 |
| 42 | | करसो | 30.11.2023 |
| 43 | | केदारूत | 01.12.2023 |
| 44 | | गौरियाकरमा | 02.12.2023 |
| 45 | | खोड़ाहार | 06.12.2023 |
| 46 | बरही | बसरिया पंचमाधव | 07.12.2023 |
| 47 | | दुलमाहा | 09.12.2023 |
| 48 | | कोल्हुआकला | 11.12.2023 |
| 49 | | भण्डारो | 12.12.2023 |
| 50 | | डपोक | 13.12.2023 |
| 51 | | बिजैया | 15.12.2023 |
| 52 | | मलकोको | 16.12.2023 |
| 53 | | बरसोत | 21.12.2023 |
| 54 | | करियातपुर | 22.12.2023 |
| 55 | | धनवार | 23.12.2023 |
| 56 | | रानीचुंआ | 27.12.2023 |
| 57 | | सिन्दुवारी | 16.11.2023 |
| 58 | | डाड़ीकला | 17.11.2023 |
| 59 | | चेपाकला | 22.11.2023 |
| 60 | | बड़कागॉव प0 | 24.11.2023 |
| 61 | | सिकरी | 25.11.2023 |
| 62 | | सिरमा | 28.11.2023 |
| 63 | | बड़कागॉव मध्य | 29.11.2023 |
| 64 | | बड़कागॉव पूर्वी | 30.11.2023 |
| 65 | | कांडतरी | 01.12.2023 |
| 66 | | सॉढ़ | 02.12.2023 |
| 67 | | चन्दौल | 04.12.2023 |
| 68 | बड़कागॉव | महुँगाईकला | 06.12.2023 |
| 69 | | गोंदलपुरा | 08.12.2023 |
| 70 | | बादम | 09.12.2023 |
| 71 | | हरली | 11.12.2023 |
| 72 | | नयाटांड़ | 13.12.2023 |
| 73 | | चोपदारबलिया | 14.12.2023 |
| 74 | | नापोखुर्द | 15.12.2023 |
| 75 | | तलसवार | 16.12.2023 |
| 76 | | आंगो | 18.12.2023 |
| 77 | | पोटंगा | 20.12.2023 |
| 78 | | उरीमारी | 23.12.2023 |
| 79 | | गरसुला | 28.12.2023 |
| 80 | | मनातु | 16.11.2023 |
| 81 | | पचडा | 22.11.2023 |
| 82 | | बारियातु | 23.11.2023 |
| 83 | | पाण्डु | 25.11.2023 |
| 84 | | बेंगवरी | 29.11.2023 |
| 85 | | हेवई | 01.12.2023 |
| 86 | | बेलतु | 04.12.2023 |
| 87 | केरेडारी | चट्टीबारियातु | 07.12.2023 |
| 88 | | गर्रीकला | 09.12.2023 |
| 89 | | कराली | 14.12.2023 |
| 90 | | केरेडारी | 16.12.2023 |
| 91 | | पेटो | 18.12.2023 |
| 92 | | सलगा | 19.12.2023 |
| 93 | | कण्डाबेर | 21.12.2023 |
| 94 | | बुण्डू | 22.12.2023 |
| 95 | | पताल | 27.12.2023 |
| 96 | | डांड | 16.11.2023 |
| 97 | | बरगड्डा | 17.11.2023 |
| 98 | | कण्डसार | 22.11.2023 |
| 99 | | लुपुंग | 24.11.2023 |
| 100 | | खुटरा | 25.11.2023 |
| 101 | | गदोखर | 29.11.2023 |
| 102 | | पेलावल उत्तरी | 30.11.2023 |
| 103 | | डांटोखुर्द | 01.12.2023 |
| 104 | कटकमसाण्डी | शाहपुर | 04.12.2023 |
| 105 | | पबरा | 06.12.2023 |
| 106 | | रोमी | 07.12.2023 |
| 107 | | कंचनपुर | 09.12.2023 |
| 108 | | पेलावल दक्षिणी | 11.12.2023 |
| 109 | | कटकमसाण्डी | 13.12.2023 |
| 110 | | ढौठवा | 14.12.2023 |
| 111 | | आराभुसाई | 21.12.2023 |
| 112 | | रेबर | 26.12.2023 |
| 113 | | बाझा | 28.12.2023 |
| 114 | | अडरा | 16.11.2023 |
| 115 | | सुलताना | 22.11.2023 |
| 116 | | सलगावां | 24.11.2023 |
| 117 | | मसरातू | 25.11.2023 |
| 118 | | पसई | 29.11.2023 |
| 119 | कटकमदाग | कटकमदाग | 04.12.2023 |
| 120 | | कुसुम्भा | 08.12.2023 |
| 121 | | ढेंगुरा | 18.12.2023 |
| 122 | | खपरियावां | 19.12.2023 |
| 123 | | नवादा | 23.12.2023 |
| 124 | | बेस | 28.12.2023 |
| 125 | | खरना | 17.11.2023 |
| 126 | | अचलजामो | 22.11.2023 |
| 127 | | बेड़ाहरियारा | 23.11.2023 |
| 128 | | करगालो | 24.11.2023 |
| 129 | | बनासो | 25.11.2023 |
| 130 | | चानो | 29.11.2023 |
| 131 | | सारूकुदर | 01.12.2023 |
| 132 | | चेडरा | 04.12.2023 |
| 133 | | विष्णुगढ | 06.12.2023 |
| 134 | | नवादा | 08.12.2023 |
| 135 | | बकसपुरा | 09.12.2023 |
| 136 | विष्णुगढ़ | मड़मो | 11.12.2023 |
| 137 | | जोबर | 13.12.2023 |
| 138 | | गाल्होवार | 14.12.2023 |
| 139 | | नागी | 15.12.2023 |
| 140 | | नरकी | 16.12.2023 |
| 141 | | खरकी | 18.12.2023 |
| 142 | | भेलवारा | 19.12.2023 |
| 143 | | गोविन्दपुर | 20.12.2023 |
| 144 | | कुसम्भा | 21.12.2023 |
| 145 | | गैड़ा | 22.12.2023 |
| 146 | | अलपिटो | 23.12.2023 |
| 147 | | बरॉय | 26.12.2023 |
| 148 | | सिरय | 28.12.2023 |
| 149 | | पिण्डारकोण | 17.11.2023 |
| 150 | | सरैया | 23.11.2023 |
| 151 | | कुटीपीसी | 04.12.2023 |
| 152 | पदमा | पदमा | 16.12.2023 |
| 153 | | सूर्यपुरा | 20.12.2023 |
| 154 | | बंदरबेला | 21.12.2023 |
| 155 | | रोमी | 23.12.2023 |
| 156 | | बिहारी | 27.12.2023 |
| 157 | | सिन्दूर | 16.11.2023 |
| 158 | | नगवां | 17.11.2023 |
| 159 | | सिंघानी | 22.11.2023 |
| 160 | | ओरिया | 24.11.2023 |
| 161 | | बैहरी | 25.11.2023 |
| 162 | | नयाखाप | 28.11.2023 |
| 163 | | हरहद | 29.11.2023 |
| 164 | | पौता | 30.11.2023 |
| 165 | | सखिया | 02.12.2023 |
| 166 | सदर हजारीबाग | गुरहेत | 04.12.2023 |
| 167 | | मण्डईखुर्द | 06.12.2023 |
| 168 | | बड़ासी | 07.12.2023 |
| 169 | | मोरांगी | 09.12.2023 |
| 170 | | भेलवारा | 11.12.2023 |
| 171 | | करवेकला | 15.12.2023 |
| 172 | | सिलवारकला | 16.12.2023 |
| 173 | | अमनारी | 18.12.2023 |
| 174 | | मेरू | 20.12.2023 |
| 175 | | हुटपा | 23.12.2023 |
| 176 | | चुटियारो | 28.12.2023 |
| 177 | | होन्हेमोढा | 17.11.2023 |
| 178 | | बलसगरा | 22.11.2023 |
| 179 | | हुवाग | 23.11.2023 |
| 180 | | रबोध | 28.11.2023 |
| 181 | | कनकी | 30.11.2023 |
| 182 | | हेसालौंग | 02.12.2023 |
| 183 | डाड़ी | डाड़ी | 04.12.2023 |
| 184 | | मिश्राईनमोढा | 08.12.2023 |
| 185 | | रेलिगढा पूर्वी | 15.12.2023 |
| 186 | | रेलिगढा प0 | 18.12.2023 |
| 187 | | गिद्दी'ख' | 19.12.2023 |
| 188 | | गिद्दी 'क' | 20.12.2023 |
| 189 | | गिद्दी 'ग' | 23.12.2023 |
| 190 | | टोंगी | 28.12.2023 |
| 191 | | मेढ़कुरी खुर्द | 17.11.2023 |
| 192 | | पुनाई | 25.11.2023 |
| 193 | | जिनगा | 04.12.2023 |
| 194 | | रामदेव खरिका | 08.12.2023 |
| 195 | दारू | हरली | 14.12.2023 |
| 196 | | दारू | 18.12.2023 |
| 197 | | कविलासी | 22.12.2023 |
| 198 | | ईरगा | 23.12.2023 |
| 199 | | दिगवार | 27.12.2023 |
| 200 | | चोरदाहा | 16.11.2023 |
| 201 | | दैहर | 17.11.2023 |
| 202 | | झापा | 22.11.2023 |
| 203 | | दादपुर | 24.11.2023 |
| 204 | | चयकला | 25.11.2023 |
| 205 | | जवनपुर | 28.11.2023 |
| 206 | | बेला | 29.11.2023 |
| 207 | | चैथी | 30.11.2023 |
| 208 | | चौपारण | 01.12.2023 |
| 209 | | ताजपुर | 02.12.2023 |
| 210 | | भगहर | 04.12.2023 |
| 211 | | करमा | 05.12.2023 |
| 212 | चौपारण | बहेरा | 06.12.2023 |
| 213 | | मानगढ़ | 07.12.2023 |
| 214 | | जगदीशपुर | 08.12.2023 |
| 215 | | पाण्डेयबारा | 09.12.2023 |
| 216 | | पडरिया | 11.12.2023 |
| 217 | | बसरिया | 13.12.2023 |
| 218 | | बरहमौरिया | 14.12.2023 |
| 219 | | बेलाही | 15.12.2023 |
| 220 | | रामपुर | 16.12.2023 |
| 221 | | सेलहराकला | 18.12.2023 |
| 222 | | डेबो | 20.12.2023 |
| 223 | | गोबिन्दपुर | 23.12.2023 |
| 224 | | सिंघरावॉ | 26.12.2023 |
| 225 | | बच्छई | 28.12.2023 |
| 226 | | चनारो | 16.11.2023 |
| 227 | | चुरचू | 22.11.2023 |
| 228 | | आंगो | 24.11.2023 |
| 229 | चुरचू | बहेरा | 04.12.2023 |
| 230 | | चरही | 09.12.2023 |
| 231 | | इन्दरा | 13.12.2023 |
| 232 | | हेन्देगढ़ा | 22.12.2023 |
| 233 | | जरबा | 27.12.2023 |
| 234 | | मनैया | 16.11.2023 |
| 235 | | सेवाटांड | 22.11.2023 |
| 236 | | सलैयडीह | 23.11.2023 |
| 237 | | चलकुशा | 25.11.2023 |
| 238 | चलकुशा | अलगडीहा | 04.12.2023 |
| 239 | | सुदन | 08.12.2023 |
| 240 | | मस्केडीह | 20.12.2023 |
| 241 | | चौबे | 23.12.2023 |
| 242 | | खरगु | 27.12.2023 |
| 243 | | खैरा | 17.11.2023 |
| 244 | | झरपो | 22.11.2023 |
| 245 | | भराजो | 24.11.2023 |
| 246 | टाटीझरिया | धरमपुर | 08.12.2023 |
| 247 | | डूमर | 15.12.2023 |
| 248 | | डहरभंगा | 22.12.2023 |
| 249 | | टाटीझरिया | 23.12.2023 |
| 250 | | बेड़म | 27.12.2023 |

उपरोक्त तिथियों को आयोजित होने वाले पंचायत स्तरीय शिविरों में विभिन्न योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवदेन प्राप्त किये जायेंगे। साथ ही ऑन द स्पॉट शिकायतों का निवारण एवं योजनाओं का लाभ, परिसम्पत्तियों का वितरण सहित जनकल्याणकारी/फ्लैगशीप योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

सभी आमजनों से अपील की जाती है कि तिथिवार आयोजित होने वाले इन पंचायत स्तरीय शिविरों में भागीदार बनकर समस्याओं का समाधान कराने सहित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 311118 (IPRD) 23-24 (D)

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## खुदिलोंग गांव में पीसीसी निर्माण को लेकर बीडीओ एसडीओ के बाद डीसी को सौंपा ज्ञापन

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड के युवा समाजसेवी मंगल चंद्र महतो के नेतृव में सरायकेला उपयुक्त कार्यालय में उपायुक्त की अनुपस्थिति में कार्यालय अधीक्षक विश्वनाथ मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा गया। श्री महतो ने कहा कि हमारे गाँव में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ, गाँव में दो खाद्य आपूर्ति जन वितरण प्रणाली दुकान है वहां से लोगों को राशन सामग्री लाने में एवं बच्चों को विद्यालय आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्रखण्ड आकांक्षी प्रखण्ड घोषित हुआ फिर भी गाँव के लोग आज भी वहीं हाल में रह रहे हैं। इससे पूर्व कुकडु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अनुमंण्डल पदाधिकारी चाण्डिल को ज्ञापन सौंपा गया था। मौके पर मुख्य रूप से सपन कुमार महतो, मंगल चंन्द्र महतो, राहुल महतो, मालखान महतो आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत एएनसी जांच शिविर का आयोजन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल सरायकेला में



गुरुवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत एएनसी जांच शिविर का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल में 68 एवं सीनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 70 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई है। साथ ही 12 गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रा साउंड भी किया गया। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी ने बताया प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत जिले में सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह नौ तारीख को एएनसी जांच शिविर आयोजित किया जाता है। जांच के क्रम में उनकी रक्तचाप, हिमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांच करते हुए खान पान एवं अन्य सावधानियों की जानकारी दी जाती है।

## नीमडीह के सबर बस्ती में लगा विशेष आधार पंजीकरण शिविर

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत समानपुर पंचायत के सबर बस्ती में प्रखंड विकास पदाधिकारी नीमडीह के निर्देश पर आधार कार्ड पंजीकरण का लगा विशेष शिविर।सबर बस्ती में रहने वाले निवासियों के पहचान पत्र नहीं होने के कारण केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाएं एवं मूल भूत सुविधाओ से वंचित रहा हे। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी के. एस. अविनव ने बताया पिछ्ले दिनों समानपुर पंचायत के सबर बस्ती के ग्रामीणों से कई तरह के समस्यायों से जिसमे से आधार कार्ड,राशन कार्ड नही होने सहित कई मामले देखने को मिला हे।समस्या को निदान करने के लिए सर्व प्रथम आधार कार्ड का पंजीकरण होना महत्पूर्ण था,जिससे लेकर आज सबर बस्ती में आधार पंजीकरण एवं सुधार के लिए विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में 30 लोगो का आधार पंजीकरण आधार कार्ड में सुधार किया गया।

## बिष्टुपुर श्री राम मंदिर में वीरांगनाओं ने दीपावली पर गरीबों में बांटे सामग्री



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के नेतृत्व में बिष्टुपुर स्थित श्री राम मंदिर मैं गरीबों के बीच दीपावली की सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही मंदिर परिसर में दिया जलाकर वीरांगनाओं में दीपोत्सव मनाया। इस अवसर पर भारती सिंह ने कहा कि दिवाली खुशियों का त्यौहार है और सबके साथ इसको मिलकर मनाना चाहिए। ईश्वर प्रभु ने बच्चों को पटाखों से सतर्क रहने की भी सलाह दी। इस अवसर पर वीरांगनाओं में मंदिर में पूजा अर्चना भी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारती सिंह के साथ-साथ प्रीति सिंह, रूबी सिंह, अर्चना सिंह, चित्रलेखा सिंह, गुरिया सिंह, सुनीता सिंह, सबिता सिंह, नीलम सिंह, मंजू सिंह, सुनीता सिंह, रेनू सिंह, प्रीति सिंह, पुनम सिंह, बबली सिंह, किरण सिंह, शिला सिंह , रानी सिंह, संध्या सिंह, राखी आदि का सहयोग रहा।

## नीमडीह में आयुष चिकित्सा विभाग ने मनाया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस




**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के बामनी उच्च विद्यालय केतुनंगा तथा राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय बुरुडीह एवं आंगनवाड़ी केंद्र में आयुष चिकित्सा विभाग की पहल से प्रकृति के प्रथम आयुर्वेद चिकित्सक रहे धन्वंतरी जयंती अवसर पर आयुष चिकित्सा विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस दौरान नीमडीह बुरुडीह आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ स्वेता सुषमा एवं योग शिक्षक भीमसेन महतो ने स्कूलों और चिकित्सा संस्थानों के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ रहने के सिद्धान्तों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरुक किया गया। इस अवसर पर बाड़ेदा पंचायत के मुखिया बरुण सिंह ,भवानी महतो ,सुधाकर प्रामाणिक एवं सभी सहिया उपस्थित रहे।

# विधायक सुखराम के फर्जी हस्ताक्षर से मुख्य सचिव को लिखा गया पत्र

### जांच में जुटी जिला प्रशासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चाईबासा डीआरडीए कार्यालय में र्यरत अजय यादव के खिलाफ चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के फर्जी लेटर हेड और फर्जी हस्ताक्षर कर मुख्य सचिव को पत्र लिखा गया है। इधर मामले की जानकारी होने पर विधायक सुखराम उरांव ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन भी मामले को गंभीरता से ली है और जांच करा रही है।पत्र में अजय यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए गए है। विधायक सुखराम उरांव ने साफ तौर पर कहा है की यह पत्र पूरी तरह फर्जी है।जांच कर इस मामले में जो भी दोषी है उस पर सख्त कारवाई की मांग की गई है।पत्र की प्रतिलिपि मुख्यसचिव और उपायुक्त को भी दी गई है।



## लायाडीह में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत ओड़िया पंचायत के लायाडीह जाहेर गाड़ क्लब पूर्वी पाड़ा द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ शामिल हुए। उन्होंने फुटबॉल पर किक मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया एवं खिलाड़ियों

### गणपति करुआ हुए शामिल

से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनसाराम पावरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य नारायण सोरेन, बोड़ाम प्रखंड उपाध्यक्ष सुधांशु महतो, रवि पोद्दार, फूलचांद सिंह, सुभाष सहिस व अनिल माझी आदि उपस्थित थे।

## नीमडीह में आयुष चिकित्सा विभाग ने मनाया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के बामनी उच्च विद्यालय केतुनंगा तथा राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय बुरुडीह एवं आंगनवाड़ी केंद्र में आयुष चिकित्सा विभाग की पहल से प्रकृति के प्रथम आयुर्वेद चिकित्सक रहे धन्वंतरी जयंती अवसर पर आयुष चिकित्सा विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस दौरान नीमडीह बुरुडीह आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ स्वेता सुषमा एवं योग शिक्षक भीमसेन महतो ने स्कूलों और चिकित्सा संस्थानों के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ रहने के सिद्धान्तों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरुक किया गया। इस अवसर पर बाड़ेदा पंचायत के मुखिया बरुण सिंह ,भवानी महतो ,सुधाकर प्रामाणिक एवं सभी सहिया उपस्थित रहे।

## जिले के विभिन्न क्षेत्र में किया गया विधिक सेवा दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नालसा न्यू दिल्ली, झालसा रांची तथा पीडीजे सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष विजय कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को विधिक सेवा दिवस का आयोजन व्यवहार न्यायालय सरायकेला, अनुमंडलीय न्यायालय चांडिल सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। साथ ही विगत तीन नवंबर से 9 नवंबर तक चलाये जा रहे विधिक सहायता सप्ताह का समापन किया गया। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय कुमार क्रांति प्रसाद ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय की देख रेख में नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा नालसा एक्ट 1987 को 9 नवंबर 1995 को लागू किया गया था। इसी कारण प्रतिवर्ष 9 नवंबर को विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है । राज्य स्तर पर झारखंड में झालसा एवं जिला स्तर पर सराईकेला में डालसा की स्थापना इसी के तहत की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब ,महिला, पिछड़ी, वंचितो आदि को विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कवितांजली टोप्पो ने कहा इन कार्यक्रमों द्वारा विभिन्न माध्यमों से आम जनता के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया जाता है जिससे लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी हो एवं लाभ प्राप्त कर सकें। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, सचिव देवाशीश ज्योतिषी ने भी संबोधित करते इस विषय पर अपने अपने विचार रखे।

## बाराद्वारी गांधी आश्रम में सुरभि शाखा ने मनायी दिवाली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा गुरूवार को बाराद्वारी स्थित गांधी आश्रम में सभी लोगों के बीच नाश्ता एंव मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के साथ पटाखे जलाकर दीवाली मनाई गयी। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। यह कार्यक्रम शाखा सचिव कविता अग्रवाल के जन्म दिन पर उनके सौजन्य से किया गया था। अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में कविता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, उषा चौधरी, पिंकी खेड़िया, मनीषा संघी, खुशबू कांवटिया, बिंदिया नरेडी, मुस्कान अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## भाजपा नेता के नेतृत्व में माधवपुर पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में गुरुवार को बोड़ाम थाना अंतर्गत माधवपुर पंचायत के ग्रामीणों ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर माधवपुर गांव के नाम 4 किमी दूर राजाहाटा गांव में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य को तत्काल रोकवाने की मांग की है। इस संबंध में भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार माधवपुर गांव से 4 किमी दूर बंगाल सीमा से सटे राजाहाटा में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माणाधीन है। उस मामलें में ग्रामीणों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। ग्रामीणों की मांग है कि जबतक हाईकोर्ट का निर्णय नहीं आ जाता है तबतक निर्माण कार्य को स्थगित रखा जाय। ग्राम प्रधान केशरी मोहन महतो ने बताया कि 1985-86 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा माधवपुर गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया था जहां अभी भी कामकाज चलता है। इस स्वास्थ्य उपकेंद्र का नया भवन के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष



2021-22 में स्वीकृति प्राप्त है। लेकिन ग्रामीणों का दुर्भाग्य है कि अब इस प्रतिष्ठान को गांव से हटाकर दूसरे गांव ले जाया गया। इस संबंध में 10 जुलाई को भी अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन किसी तरह का संज्ञान नहीं लिया गया तो मजबूर होकर उन लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर किया है। ज्ञापन सौपनें वालों में मुखिया शत्रुघ्न सिंह सरदार, ग्राम प्रधान केशरी मोहन महतो, सुकुमार कुंडु, संजय महतो, डॉ. मनोज कुमार महतो, सतीश चन्द्र महतो, प्रकाश दत्त, सुभाष महतो, मानस कुमार राणा, गणेश महतो, बासुदेव महतो, उमेश कुमार महतो एवं मोतीलाल महतो आदि शामिल थे।

## सरकार आपके द्वार योजना की तैयारी को कुकडु प्रखंड में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** आगामी 17 नवम्बर से 21 नवम्बर तक कुकडु प्रखंड के सभी पंचायतो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कुकडु प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक किया गया जिसमें पिछले कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए इसे और बेहतर बनाने को लेकर चर्चा किया गया। वही कार्यक्रम का प्रचार प्रसार पूरे जोर सोर से करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत से मुखिया एवम सभी पंचायत सचिव समेत सभी कर्मी उपस्थित थे।

## तैलिक साहू महासभा का भुइयांडीह बाबुडीह क्षेत्रीय कमिटी गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की एक बैठक गुरूवार को बाबूडीह शिव मंदिर में आयोजित हुई, जिसमें भुइयांडीह बाबुडीह क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया। अमीत साव को बाबूडीह क्षेत्रीय अध्यक्ष, पवन साव को महासचिव एवं शंकर साव को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने तीनों को नियुक्ति पत्र देकर एवं माला पहनकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने नयी कमेटी का गठन 15 दिनों के अंदर करके जिला कमिटी को जानकारी देने को कही। कार्यक्रम का संचालन सिदगोड़ा थाना क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज साव ने किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सत्यनारायण साहू ने दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष पप्पू साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से गौतम साहू, सागर साहू, प्रवीण साहू यशवंत साहू, जीतू साह, मुकेश साव, गोलू साव, आर्यन साव, विजय साव, अनमोल साव, रूपेश साव आदि मौजूद थे।

## विधिक जागरुकता शिविर आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुकडु :** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की और से चिंगड़ा पारकीडीह में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में पीएलवी शुभंकर महतो ने ग्रामीण को जानकारी देते हुए कहा कि भारत के संविधान के सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक आपको स्वतंत्र विधिक सेवा प्रदान करना है और इसके लिए कोई खर्च नहीं करना है। यदि आप किसी भी प्रकार की विधि से पीड़ित हैं तो तत्काल प्राधिकार से संपर्क करें। कानूनी पुस्तिका व पर्ची का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरुवाली माझी, कल्पना मार्डी, लीटा माझी, नकुल माझी, बीडीओं मार्डी आदि उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के झारखंड दौरा को लेकर भाजपा सोनारी की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के अध्यक्षता में सोनारी गुरुजात संघ सभागार में प्रदेश मंत्री एवं मंडल प्रवासी रीता मिश्रा की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। अपने संबोधन में रीता मिश्रा ने कहा कि धरती आबा भगवान् बिरसा मुंडा के जन्म स्थान खुंटी पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। मोदी जी के झारखंड आगमन पर मंडल के कार्यकर्ता में बड़ी खुशी और उमंग में है। सोनारी मंडल से हजारों की संख्या में जनसभा में शामिल होने की अपील की। प्रशांत कुमार पोद्दार ने सभी कार्यकर्त्ताओं को अपने संबोधन में कहा की सर्वप्रथम सोनारी अंतगर्त बिरसा (बस्ती) स्थित भगवान् बिरसा के आदमकद प्रतिमा में श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण करने के पश्चात कार्यकर्ता संग प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल (खूंटी)



के लिए प्रस्थान करेंगे। उक्त बैठक प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, सुनील सिंह,सोनु ठाकुर, विरेंद्र प्रताप सिंह,पूरण वर्मा, महावीर सिंह, रवि ठाकुर,किशोर साहू, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, शंकर सिंह, रासबिहारी प्रसाद, भरत भुषण, काजल मुखर्जी, राजपाल सिंह, शुशील हेसा,संजय मुंडा, बिराज दे उपस्थित थे।

## दिवाली से पहले मानदेय भुगतान होने से पारा शिक्षकों में हर्ष, हेमंत सरकार का किया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** दिपावली से पहले पारा शिक्षकों का मानदेय दिए जाने से जेटेट पास पारा शिक्षक संघ ने झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया है। जेटेट पास पारा शिक्षक संघ के कुकड़ु प्रखंड प्रवक्ता गुणाधर महतो ने कहा कि सात माह से केन्द्र सरकार लगातार अपने केंद्रांश की 60 प्रतिशत राशि पारा शिक्षक सहायक अध्यापकों की मानदेय मद में नहीं देने के बाद भी हेमंत सरकार ने हर पर्व त्योहार के साथ साथ दिपावली से पहले पारा शिक्षको की मानदेय भुगतान से खुशी जताते हुए



कहा कि जहां पहले डबल इंजन की सरकार में पर्व त्योहार ईद -क्रिसमस आदि मनाने के लिए पुरे माह काम करने के बाद भी मानदेय के लिए दोङ्कदो,तीनङ्कतीन माह तक प्रतीक्षा करना पड़ता था और तो और शादी व्याह श्राद्ध कर्म के लिए साहूकार से ब्याज पर रूपए लेने पर मजबूर थे । उन्होंने कहा कि जब से वर्तमान झामुमो की गठबंधन सरकार आई तो एक ही नारा हेमन्त है हिम्मत है बस तत्कालीन यूपीए गठबंधन की चुनावी घोषणा पत्र में 6 नंबर पर अंकित वेतनमान की घोषणा की इंतजार में है और इसी सरकार में देगी ऐसा विश्वास है । उन्होंने कहा कि पारा शिक्षक/सहायक अध्यापकों ने हेमंत सरकार को आभार व्यक्त करते हुए काली पूजा सहराय बंदना पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी भेजे हैं ।

# आदिवासी भूमिज-मुंडा समाज ने पटमदा में रैली निकाल किया प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आदिम भूमिज मुंडा श्मशान रक्षा समिति व आदिवासी भूमिज मुंडा युवा एकता मंच के बैनर तले गुरुवार को पटमदा के लावा निताई सिंह मैदान में एक जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में छोटी -बड़ी वाहनों में सवार होकर पटमदा, बोड़ाम, चांडिल, नीमडीह, रांची, चाईबासा, जमशेदपुर, घाटशिला व गालूडीह क्षेत्र से हजारों की संख्या में पुरुष व महिलाएं पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल हुए। सभा का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते



हुए किया गया। समाज की सांस्कृतिक पहचान एवं धरोहर को बचाने के लिए समाज के लोगों द्वारा प्रदर्शन किया गया। जिसमें समाज के हित में कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सभा के पश्चात हजारों लोग पारंपरिक हथियारों के साथ रैली निकाल पटमदा प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे। इसके बाद शरत सिंह सरदार, अमर सिंह सरदार व भक्तरंजन भूमिज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के नाम बीडीओ को अलग- अलग पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा। कार्यक्रम में प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। रैली में काफी भीड़ होने की वजह से टाटा- पटमदा मुख्य सड़क में कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही। रैली का संयुक्त नेतृत्व मुख्य रूप से राम दुर्लभ सिंह मुंडा, जितेंद्र मुंडा, रामलाल मुंडा, असित सिंह सरदार, गिरीजा प्रसाद सिंह सरदार, रविन्द्र सिंह सरदार, दिनकर कच्छप, महिन सरदार, नंदलाल भूमिज व श्रवण सिंह आदि ने किया।

### करीम सिटी कॉलेज में स्पार्क का वार्षिक नाट्य उत्सव कर्टेन रैसर संपन्न

# पारिवारिक जीवन पर आधारित नाट्य प्रदर्शित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के साकची प्रांगण में सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ़ आर्ट् स्पार्क द्वारा द्विदिवसीय वार्षिक नाट्य उत्सव कर्टेन रैसर का आज समापन हुआ। वार्षिक नाट्य उत्सव का शुभारंभ 8 नवंबर को हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बहरागोड़ा कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ बी के बेहरा, करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद रियाज, स्पार्क के संयोजक डॉ एस एम याहिया इब्राहिम, जमशेदपुर के प्रतिष्ठित नाट्यकार शिवलाल सागर उपस्थित थे। इस मौके पर वार्षिक




नाट्य उत्सव में उखड़े लोग नाट्य के भिन्न-भिन्न चरित्र को कॉलेज के अनिकेत करण, स्नेहा गोराई, इमान शेख, रिंकी जयसवाल, आकाश दास, राकेश चरण गुंडुवा द्वारा प्रदर्शित किया गया। वहीं नाट्य के लेखक अनिल ठक्कर हैं एवं इसे जमशेदपुर के प्रतिष्ठित नाट्यकार शिवलाल सागर द्वारा निर्देशित किया गया। उखड़े लोग नाट्य एक घरेलू परिवार पर आधारित है। इस नाट्य के द्वारा वर्तमान पारिवारिक जीवन को दर्शाया गया, जिसमें वर्तमान में हमारी एक दूसरे से मिलने की संस्कृति, अब धीरे-धीरे कम होती जा रही है। वहीं आज समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभात खबर जमशेदपुर के संपादक संजय मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में बी एन त्रिपाठी उपस्थित हुए। आज 9 नवम्बर 2023 को पुनः शिवलाल सागर के निर्देशन में जयवंत दलवी द्वारा लिखित संध्या छाया एवं प्रियम जानी द्वारा लिखित दिग्दर्शक का मंचन किया गया। मंच का संचालन, सना वकील एवं स्नेहा शर्मा ने किया। धनयवाद ज्ञापन रिषभ राज ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्पार्क के सदस्यों का योगदान रहा।

## संपादकीय

# परिवहन मैत्री माहौल के लिए

**अंततः** हिमाचल सरकार को रोड टैक्स में छूट देकर परिवहन मैत्री माहौल के लिए सामंजस्य बैठाने की आवश्यकता दिखाई दी। परिवहन व्यवस्था में आए गतिरोध को खत्म करने के लिए स्टेट रोड टैक्स में आधे से भी अधिक बढ़ी दरों से पीछे हटकर सरकार ने यह स्वीकार किया है कि पर्यटन, माल ढुलाई और तीर्थयात्रा के लिए यह कदम जरूरी हो गया था। सरकार की चुनौती बढ़े हुए कर ढांचे की स्वीकार्यता है, जबकि राजकोषीय घाटे से उबरने के लिए नए पैगाम में, नए आर्थिक संसाधन जुटाने की अनिवार्यता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। बहरहाल परिवहन के दायित्व में सरकार ने सभी वर्गों के साथ बातचीत करके जो निष्कर्ष निकाला, उससे राहत के रास्तों पर पड़ोसी राज्यों की आपत्तियां कुछ हद तक समझी गई हैं, लेकिन पर्यटन व माल ढुलाई के लिए घरेलू स्तर पर भी परिवहन को ठोस नीति चाहिए। खास तौर पर जब सरकार पांच करोड़ पर्यटक आगमन के लक्ष्य को लेकर चल रही है, तो वाहनों की तादाद और रफ्तार पर कुछ तो नीतिगत फैसला हो। जाहिर तौर पर नाममात्र के पर्यटक ही हिमाचल पथ परिवहन के नियमित रूट पर प्रदेश में आते हैं, जबकि अधिकांश यात्राओं के लिए निजी आपरेटरों के पहिए घूम रहे हैं।

> हिमाचल में पर्यटन, परिवहन, शहरी विकास तथा कला, संस्कृति एवं भाषा विभागों का एक्शन ग्रुप होना चाहिए ताकि नीतियां व नियम बनाते हुए एक दूसरे के हितों का ख्याल रखा जाए। मिशन पांच करोड़ पर्यटक को हासिल करने के लिए कमोबेश हर विभाग का एक पर्यटन सैल बनाना आवश्यक है। पर्यटन परिवहन को महज ट्रांसपोर्ट की शब्दावली नहीं समझ सकती, बल्कि हर सैलानी की इसमें भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। पांच करोड़ सैलानियों की आमद को परिवहन के नजरिए से समझना होगा। अब तक प्रदेश में पंजीकृत वाहनों की संख्या बाइस लाख है और इसमें बाहरी वाहनों को जोड़ दिया जाए, तो करीब पचास लाख गाडियां हर साल यहां दौड़ रही हैं। दूसरी ओर वर्तमान डेढ़ से पौने दो करोड़ पर्यटकों की संख्या को पांच करोड़ तक बढ़ाने के लिए कम से कम आज की स्थिति से दो गुना वाहन चाहिएं यानी पचास लाख अतिरिक्त वाहन आने बाकी हैं। ऐसे में कोशिश यह होनी चाहिए कि अधिकांश वाहन हिमाचल में पंजीकृत हों या स्टेट रोड टैक्स की दरें बाहरी वाहनों को यहां आने को प्रेरित करें। इसी के साथ इलैक्ट्रिक वाहनों की दृष्टि से हिमाचल पूरे उत्तर क्षेत्रीय राज्यों के लिए एक मॉडल अख्तियार कर सकता है।

हिमाचल में पर्यटक वाहनों का पंजीकरण क्योंकि अति भारी कीमत वसूल करता है, इसलिए प्रायः ऐसी बसें-टैक्सियां बाहरी राज्यों में परिवहन उद्योग को संबल दे रही है। इसलिए केवल स्टेट रोड टैक्स की कटौती से ही हिमाचल में परिवहन मैत्री का माहौल उत्पन्न नहीं होगा, बल्कि ऐसे वाहनों की पंजीकरण फीस भी घटानी होगी। कठिन व महंगे पंजीकरण शुल्क अदायगी के कारण अंततः हिमाचल के खजाने को ही नुकसान हो रहा है। हिमाचल में पर्यटन, परिवहन, शहरी विकास तथा कला, संस्कृति एवं भाषा विभागों का एक्शन ग्रुप होना चाहिए ताकि नीतियां व नियम बनाते हुए एक दूसरे के हितों का ख्याल रखा जाए। मिशन पांच करोड़ पर्यटक को हासिल करने के लिए कमोबेश हर विभाग का एक पर्यटन सैल बनाना आवश्यक है। पर्यटन परिवहन को महज ट्रांसपोर्ट की शब्दावली नहीं समझ सकती, बल्कि हर सैलानी की इसमें भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। पांच करोड़ सैलानियों की आमद को परिवहन के नजरिए से समझना होगा। अब तक प्रदेश में पंजीकृत वाहनों की संख्या बाइस लाख है और इसमें बाहरी वाहनों को जोड़ दिया जाए, तो करीब पचास लाख गाडियां हर साल यहां दौड़ रही हैं। दूसरी ओर वर्तमान डेढ़ से पौने दो करोड़ पर्यटकों की संख्या को पांच करोड़ तक बढ़ाने के लिए कम से कम आज की स्थिति से दो गुना वाहन चाहिएं यानी पचास लाख अतिरिक्त वाहन आने बाकी हैं। ऐसे में कोशिश यह होनी चाहिए कि अधिकांश वाहन हिमाचल में पंजीकृत हों या स्टेट रोड टैक्स की दरें बाहरी वाहनों को यहां आने को प्रेरित करें। इसी के साथ इलैक्ट्रिक वाहनों की दृष्टि से हिमाचल पूरे उत्तर क्षेत्रीय राज्यों के लिए एक मॉडल अख्तियार कर सकता है। पर्यटन की क्षेत्रीय संभावनाओं में कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ-साथ ऐसे सहयोग की तलाश करनी चाहिए, ताकि पर्यटन उद्योग एक आदान प्रदान की तरह विकसित हो। देश के मेट्रो शहरों तथा अति व्यस्त पर्यटक स्थलों की एक खासियत यह भी है कि वहां हिमाचल के मुकाबले सस्ता परिवहन उपलब्ध है। खास तौर पर टैक्सी सेवाएं पर्यटक सहूलियत में विकसित करने के लिए सहमति और सौहार्द का माहौल बनाना होगा। इलैक्ट्रिक वाहनों के जरिए हिमाचल का पर्यटन क्षेत्र नई उम्मीदें पाल सकता है। इलैक्ट्रिक टैक्सियों के लिए मिल रही पचास फीसदी सबसिडी का असली उद्देश्य पर्यटक को सस्ती वाहन सेवा देना होना चाहिए और इसके लिए निम्न दरों पर प्वाइंट टू प्वाइंट सेवाएं शुरू करनी होंगी। बेशक हिमाचल परिवहन निगम अपने रूट निर्धारित करते हुए अब श्रद्धालुओं के लिए यात्रा की सुविधा बढ़ा रहा है या आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के लिए सीधी बस सेवाएं भी शुरू कर रहा है, लेकिन राज्य के भीतर साइट सीईंग जैसी बस सेवाओं के अलावा सस्ती टैक्सी सेवाओं के लिए जोरदार हस्तक्षेप करना होगा।

## कुछ अलग

# जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को समन किया था, ताकि शराब घोटाले के संदर्भ में पूछताछ की जा सके, लेकिन केजरीवाल ने समन को ही गलत तथा राजनीति से प्रेरित करार देते हुए पेश होने से इंकार कर दिया। उन्होंने कुछ सवाल भी पूछे कि जांच एजेंसी ने उन्हें मुख्यमंत्री अथवा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर बुलाया है। ईडी ने उन्हें 'गवाह' या 'संदिग्ध' के तौर पर समन भेजा था। भाजपा नेताओं के इन बयानों के मायने क्या हैं कि केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जा सकता है, लिहाजा यह समन भाजपा के निर्देशानुसार भेजा गया है! केजरीवाल ने ईडी को लिखे पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री के नाते उन पर काफी सरकारी दायित्व हैं और पार्टी का राष्ट्रीय नेता होने के नाते राज्यों के पार्टीजनों की अपेक्षा है कि वह चुनाव प्रचार करें। लिहाजा वह ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। चूंकि यह समन ही अवैध और अस्पष्ट है, लिहाजा उसे वापस ले लिया जाए। हमारी खबर है कि ईडी केजरीवाल को नया समन भेजेगा। यदि जरूरत पड़ी, तो अदालत का हस्तक्षेप भी मांगा जा सकता है। केजरीवाल ईडी के तीन समन ठुकरा सकते हैं। यदि फिर भी वह पेश नहीं होते हैं, तो ईडी को अगली कार्रवाई के लिए अदालत में ही जाना पड़ेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी 5 समन भेज चुका है, लेकिन वह एक बार भी पेश नहीं हुए हैं। आजकल नेताओं ने ईडी के समन को गंभीरता से लेना छोड़ दिया है, क्योंकि सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि समन न मानने की स्थिति में ईडी किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकता है। उसके लिए अदालत में आना अनिवार्य है। बहरहाल ईडी के संदर्भ में ही एक घटना राजस्थान में हुई है कि वहां के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ईडी के एक अधिकारी को 15 लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। वह अधिकारी इंफाल (मणिपुर) से राजस्थान आया था, ताकि भ्रष्टाचार के एक मामले को रफा-दफा किया जा सके। अब कांग्रेस नेता यह भी सवाल उठा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में जो काले संदूक आ रहे हैं और करोड़ों की धरपकड़ की गई है, उसमें ईडी या सीबीआई की कितनी संलिप्तता है? जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हुए हैं। इनसे सरकार और जांच एजेंसियों के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है और वे सवालिया होने लगी हैं। आम आदमी की चिंता बढने लगी है कि जिन जांच एजेंसियों को, संविधान के तहत, भ्रष्टाचार की जांच का, जनादेश प्राप्त है, वे खुद ही दागी और कटघरे में मौजूद हैं। बीते दिनों सीबीआई ने 5 करोड़ रुपए के भुगतान मामले में ईडी के एक सहायक निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुछ दिन पहले असम पुलिस ने एक सीबीआई अधिकारी को गिरफ्तार किया था, जो एक व्यापारी से पैसे वसूलने की साजिश में जुटा था। बीते साल मई में खुद सीबीआई ने अपने ही चार सब-इंस्पेक्टरों को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया था। ऐसे कथित भ्रष्ट मामलों की फेहरिस्त काफी लंबी है। प्रथमद्रष्ट्या माना जा सकता है कि हमारी प्रमुख जांच एजेंसियां भी दूध की धुली नहीं हैं। यह बेहद गंभीर स्थिति है, लेकिन वे आर्थिक अपराधों को नहीं पकड़ सकतीं और कानूनी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकतीं, ऐसा मानना गलत है। दिल्ली शराब घोटाले के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने ही 338 करोड़ रुपए के मुनाफे और सरकारी जनसेवक को कथित घूस दिए जाने की बात अपने फैसले में कही है।

### सतत एवं समग्र विकास के सार्वभौमिकता के सिद्धांत के अनुसार व्यक्तियों, समुदायों, गांवों, शहरों का सम्पूर्ण विकास होना आवश्यक है

# जनजातीय संस्कृति एवं सतत विकास

प्रो. सुरेश शर्मा

> जनजातीय शब्द ऐसे मानव समुदाय के लिए प्रयुक्त किया जाता है जो अपनी एक विशेष संस्कृति, खानपान, परिधान, वेशभूषा, पहचान, धर्म परम्परा तथा भाषा या बोली के लिए जाने जाते हैं तथा काफी लंबे समय से एक क्षेत्र विशेष के निवासी होते हैं। ये लोग एक विशेष भू-भाग पर रहते हैं जिनमें संस्कृति, सामान्य निरंतर संपर्क तथा क्षेत्र विशेष के कारण एकता की भावना होती है, जिनके जीवन रीति-रिवाज और व्यवहार के तौर तरीके आदिम जातियों की विशेषताओं से युक्त रहते हैं। जनजातीय लोगों की विशेषता है कि वे अपनी संस्कृति के लिए रूढ़िवादी, सख्त तथा रक्षात्मक होते हैं।

**भारत** में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है जो कि लगभग 10.4 करोड़ के लगभग है। इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश की कुल जनसंख्या का 5.7 प्रतिशत जनजातीय लोग निवास करते हैं। एक अध्ययन के अनुसार हिमाचल में लगभग 32 प्रतिशत लोग ही जनजातीय क्षेत्रों में निवास करते हैं, बाकि 68 प्रतिशत लोग शिक्षा, नौकरी के लिए तथा भू-सम्पत्ति खरीद कर दिल्ली, चंडीगढ़ एवं समीपवर्ती जिलों सोलन, शिमला, कुल्लू, मंडी, चम्बा तथा कांगड़ा के विभिन्न भागों में बस चुके हैं। इस समय भारत में संविधान के अनुच्छेद 342 के अन्तर्गत 730 से अधिक अनुसूचित जातियां अधिसूचित हैं। जनजातीय शब्द ऐसे मानव समुदाय के लिए प्रयुक्त किया जाता है जो अपनी एक विशेष संस्कृति, खानपान, परिधान, वेशभूषा, पहचान, धर्म परम्परा तथा भाषा या बोली के लिए जाने जाते हैं तथा काफी लंबे समय से एक क्षेत्र विशेष के निवासी होते हैं। ये लोग एक विशेष भू-भाग पर रहते हैं जिनमें संस्कृति, सामान्य निरंतर संपर्क तथा क्षेत्र विशेष के कारण एकता की भावना होती है, जिनके जीवन रीति-रिवाज और व्यवहार के तौर तरीके आदिम जातियों की विशेषताओं से युक्त रहते हैं। जनजातीय लोगों की विशेषता है कि वे अपनी संस्कृति के लिए रूढ़िवादी, सख्त तथा रक्षात्मक होते हैं। जनजातीय लोग बहुत आसानी से अपनी संस्कृति में किसी बाह्य व्यक्ति का दखल स्वीकार नहीं करते। ये लोग भोले-भाले, सीधे-सादे तथा भौतिकवाद की छाया से बहुत दूर होते हैं। हिमाचल प्रदेश में मुख्यतः किन्नर, गुज्जर, लाहौली, गद्दी, स्वांगला, पंगवाली तथा खम्पा जनजातियां निवास करती हैं। इस वर्ष सिरमौर के ट्रांस गिरि में बसने वाले भाटी समुदाय को भी केन्द्र सरकार ने अनुसूचित जनजाति में शामिल किया है। ये सभी जनजातियां अपनी पृथक-पृथक तथा समृद्ध संस्कृति के लिए जानी जाती हैं। सामान्य रूप से संस्कृति मानवीय संस्कारों की एक सुंदर कृति है। यह सांस्कृतिक परिवेश संस्कारों का एक ऐसा आवरण है जिसमें हम मानसिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, संवेगात्मक एवं भावनात्मक एवं रूप से सुरक्षित पाते हैं। संस्कृति एक विशाल शब्द है। खानपान, पहरावा, रीति-रिवाज, संस्कार, परंपराएं, धार्मिक आस्थाएं, विश्वास, अविश्वास, अंधविश्वास, लोकाचार, रीतियां-कुरीतियां तथा



पूजा पद्धतियां, ये सब संस्कृति को परिभाषित करते हैं। संस्कृति के दो रूप माने गए हैं जिनमें वृक्ष रूप संस्कृति की परम्परा या स्थायित्व को प्रतिबिंबित करता है तथा नदी रूप उसकी गतिशीलता तथा निरंतरता को व्यक्त करता है। संस्कृति का परम्परागत एवं गतिशील होना आवश्यक है क्योंकि ठहरे हुए पानी में भी सड़ांध आ जाती है। नवीनता, निरंतरता, गतिशीलता तथा रचनात्मकता के कारण ही संस्कृति नित-नवीन रहती है। आज संपूर्ण विश्व सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। सितम्बर 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 देशों के शीर्ष सम्मेलन में निश्चित वैश्विक एजेंडा के 17 सतत विकास के लक्ष्यों में सार्वभौमिकता के सिद्धांत में 'कोई पीछे न छूटे' के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इन 17 एसडीजी लक्ष्यों यानी 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स' में आर्थिक संपन्नता, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, गरीबी, भुखमरी, शिक्षा, स्वास्थ्य और खुशहाली, लैंगिक समानता, जल स्वच्छता, ऊर्जा, आर्थिक वृद्धि, उत्कृष्ट कार्य, बुनियादी सुविधाएं, उद्योग एवं नवाचार, असमानताओं में कमी, संवहनीय शहर, उपभोग एवं उत्पादन, औद्योगिक विकास, वैश्विक समस्याएं, जलवायु, कार्यवाही, पारिस्थितिक प्रणालियां, शांति, न्याय एवं भागीदारी आदि मुख्य लक्ष्य हैं। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपेक्षित, वंचित तथा हाशिए पर जी रहे लोगों, परिवारों, समुदायों तथा जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। इन लक्ष्यों में सतत विकास लक्ष्य क्रमांक ग्यारह सांस्कृतिक परम्परागत एवं प्राकृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन तथा संवहनीय शहरों एवं समुदायों के विकास पर आधारित है। वर्तमान में जनजातीय लोगों, समुदायों तथा संस्कृतियों पर भी भौतिकवाद की चकाचौंध का प्रभाव पड़ा है। आज जनजातीय विकास के नाम पर सांस्कृतिक व्यवसायीकरण, भौतिकवाद का प्रभावित नहीं बल्कि परम्परागत संस्कृति का संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देना भी बहुत आवश्यक है। परम्परा एवं आधुनिकता के संगम एवं सन्तुलन बनाए रखने से ही सतत विकास संभव है। यहां पर यह विचारणीय है कि परम्परागत संस्कृति को अपनाना पिछड़ापन तथा रूढ़िवादिता नहीं है तथा आधुनिकता एवं भौतिकवाद से प्रभावित होना कोई आधुनिकता नहीं है। वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति आर्थिक रूप से इतना सम्पन्न तथा महत्वाकांक्षी हो गया है कि वह भौतिकवाद तथा आधुनिकता की छाया से बच नहीं सकता। यह भी आवश्यक है कि जीवन में भौतिक सुखों का उपयोग एवं उपभोग करते हुए जीवन शैली में परम्परागत मूल्यों एवं आदर्शों का अनुकरण एवं अनुसरण करते हुए एक संतुलित जीवन व्यतीत किया जाना चाहिए। जनजातीय संस्कृति के संरक्षण, संकलन, संग्रहण एवं संवर्धन के लिए सरकार, व्यवस्थाओं तथा विभागों को विशेष आर्थिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उनकी लोक कलाओं, हस्त कलाओं तथा परम्परागत व्यवसायों को संरक्षण दिया जाना चाहिए। जनजातीय लोक कलाओं को भविष्य की पीढियों के प्रेषण के लिए कार्यशालाओं तथा सेमिनारों का आयोजन आवश्यक है ताकि वे अपनी बहुमूल्य संस्कृति पर गौरवान्वित महसूस कर सकें। जनजातीय जीवन शैली एकला संस्कृति, संस्कृति कर्मियों पर शोध कार्य होने के साथ लिखित रूप तथा तकनीक के प्रयोग से वीडियोग्राफी से दस्तावेजीकरण होना चाहिए। सतत एवं समग्र विकास के सार्वभौमिकता के सिद्धांत के अनुसार व्यक्तियों, समुदायों, गांवों, शहरों का सम्पूर्ण विकास होना आवश्यक है ताकि 'कोई पीछे न छूटे' का लक्ष्य प्राप्त हो सके। जनजातीय परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक संरक्षण, संग्रहण तथा संवर्धन के लिए जनजातीय लोक भाषाओं, लोक बोलियों, लोक साहित्यों, लोक गाथाओं, लोक पहेलियों, लोक समुदायों, लोक संस्कृतियों, लोक संस्कृति कर्मियों, लोक संगीत, लोक गीतों, लोक वाद्यों, लोक नृत्यों, लोक नाट्यों, लोक दन्त कथाओं का संरक्षण एवं संवर्धन करके उसे शुद्ध रूप से भविष्य की पीढियों के लिए प्रेषित करने की आवश्यकता है, तभी सतत सांस्कृतिक विकास संभव है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सयाल खुली खदान आर ए माइनिंग कंपनी में टीएसपीएस उग्रवादियों ने चार राउंड फायरिंग कर ड्रिल मशीन में लगाई आग

### पतरातु स्टीम कालोनी के रास्ते खदान में दाखिल हुए थे चार अपराधी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में नई खुली आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बिते बुधवार रात करीब 9:45 में हथियार से लैस चार नकाबपोश टीएसपीएस के उग्रवादियों ने खदान में काम कर रही ड्रिल मशीन में चार राउंड हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाया फिर ड्रिल मशीन के हाइड्रोलिक चेन स्पोकेट में आग लगा दी। वहीं देखते ही देखते मशीन में आग के लपटें उपर ड्राइवर केबिन की और पहुंच गई। वहीं टीएसपीएस के उग्रवादियों ने ड्रिल मशीन में आग लगाने से पहले ड्राइवर को केबिन से बाहर निकाल दिया और टीएसपीएस का पर्चा हाथ में थमा दिया। वही ड्रिल के आपरेटर ने बताया कि चार की संख्या में लोग आए और हमारे साथ मारपीट करने लगे। बता दें कि टीएसपीएस के उग्रवादी पतरातु स्टीम कालोनी के रास्ते खदान में दाखिल हुए और खदान में पहुंच कर फायरिंग करना शुरू कर दिये। घटना स्थल पर लगभग आधे घंटे तक उत्पात मचाते रहे थे टीएसपीएस के उग्रवादी,वहीं उग्रवादियों के जाने



के बाद मजदूरों द्वारा भुरकुंडा पुलिस को सुचना दी गई। जिसपर भुरकुंडा ओपी प्रभारी मंयक प्रसाद अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे व मजदूरों से घटना के बारे में जानकारी जुटाने लगे। वहीं देर रात घटना की सुचना पाकर पतरातू एसडीपीओ डाक्टर विरेन्द्र चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और आग लगी ड्रिल मशीन का मुआयना किया। वहीं घटना के बाद आग लगी मशीन को मजदूरों द्वारा सीसीएल के पानी टैंकर के माध्यम से बुझाया गया। मजदूरों में भय का माहौल,काम करने से कर रहे हैं इंकारसयाल खुली आउटसोर्सिंग खदान में बुधवार को देर रात उग्रवादियों के आगजनी की घटना के बाद गुरुवार को खदान में ओबी निकालने का काम पुरी तरह से ठप है, कोई भी मजदूर डर के कारण काम करने से इंकार कर रहा है,वहीं इस साइट के सभी मशीनो को? खदान से हटा लिया गया है।रंगदारी को लेकर टीएसपीएस के उग्रवादियों ने थमाया पर्चा सयाल खुली आउटसोर्सिंग खान आर ए माइनिंग कंपनी में आगजनी की घटना के वक्त टीएसपीएस के? उग्रवादियों ने फायरिंग करने के बाद नाइट में काम कर रहे मजदूर को टीएसपीएस का पर्चा हाथ में थमाया था जिसमें लिखा था कि जब-तक उपर मे मैनेज नहीं हो जाता तबतक कंपनी का काम बंद रखा जाए अन्यथा अंजाम भुगतने को तैयार रहे। घटना के बाद भुरकुंडा पुलिस ने इलाके को किया सील सयाल खदान में उग्रवादियों द्वारा गोलीबारी व आगजनी की घटना बीतने के बाद देर रात ही भुरकुंडा पुलिस ने क्षेत्र को सील कर जगह जगह पर नाकाबंदी लगा दी। वही आने जाने वाले लोगों की तलाशी ली गई। वहीं पतरातु एसडीपीओ भी क्षेत्र में निगाह जमाए हुए हैं घटना स्थल पर उनके द्वारा रात से ही कैम्प किए हुए हैं।

## बरकाकाना में विश्व उर्दू दिवस पर शानदार कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अंजुमन फ़ोरो उर्दू ने विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर आज़ाद पब्लिक स्कूल हेहल में बच्चों के लिए उर्दू लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसका आयोजन रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड इकाई द्वारा किया गया। इसके प्रमाण पत्र वितरण के लिए भव्य समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता 10 से 15 वर्ष के बच्चों को जूनियर ग्रुप में तथा 16 से 20 वर्ष के बच्चों को सीनियर ग्रुप में रखकर लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीनियर में प्रथम आशियाना बानो, द्वितीय कातिबून परवीन, तृतीय नाजमीन निशा और चतुर्थ एहसान मदनी। जूनियर में साजिया परवीन,द्वितीय फलक यास्मीन, तृतीय गौसिया नाज ने प्राप्त किया। समारोह की अध्यक्षता अधिवक्ता दिलदार हुसैन ने की और प्रोफेसर शाहनवाज खान ने निजामत का फर्ज अदा किया। मुख्य अतिथि के रूप में जुबली कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर डॉ. मंजूर अहमद बेग ने कहा कि आज भी दुनिया के कई देशों और क्षेत्रों में उर्दू व्यापक रूप से बोली और लिखी जाती है। जो उर्दू भाषा के महत्व से परिचित नहीं हैं उन्हें कमतर दर्जे की भाषा लगता है। विशिष्ट अतिथि अंजुमन फरोगे उर्दू के केंद्रीय सचिव ग़ालिब नशतर ने कहा कि उर्दू हिंदुस्तान की दूसरी बड़ी जुबान है बस जिद है इसे अपने इलाके में बचा कर रखने की।

## हेसला न्यू एंजल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बेहतरीन मॉडल का किया प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** हेसला के न्यू एंजल पब्लिक स्कूल प्रांगण में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने बेहतरीन मॉडलों का प्रदर्शन किया। अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के संस्थापक मोहम्मद शाहबान खान, विज्ञान प्रदर्शनी की अगुवाई प्राचार्य मिली शाह उपस्थित रही। बच्चों ने प्रदर्शनी में ड्रोन, सोलर सिस्टम, रेन वाटर पार्क, कुलर, सोलर मशीन, प्रदूषण संबंधी यंत्रों का प्रदर्शन किया। इसे पहले ग्रुप में कक्षा एक से तीन तक, दूसरे ग्रुप में कक्षा चार से 6 तक हुआ। तीसरे ग्रुप में कक्षा 7 से 9 तक के छात्रों को रखा गया था। अंत में बच्चों के मॉडल पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। स्कूल संस्थापक मोहम्मद शाहबान ने कहां कि बच्चों में वैज्ञानिक कल्पना को निखारने के लिए प्रैक्टिकल तौर पर मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया जाता हैं। जिससे वे आगे बढ़ते हुए देश की भविष्य निर्माण में वैज्ञानिक बनने और मन से संरचना करने पर जोर दे सकें। प्रदर्शनी सफलता के लिए शिक्षक तौकीर, नसीम, अफरोज संतोष, वीरेंद्र, बिना मैडम, मोनिका मैडम, सोनी मैडम, मीरा मैडम, बिना मैडम, गौसिया, सना, स्वीटी आदि का योगदान रहा।

## रामगढ़ में आयोजित सोहराई चांचईर को लेकर चितरपुर में बैठक की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड के साण्डी स्टेडियम में बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच चितरपुर प्रखंड के सदस्यों की आवश्यक बैठक जगेश्वर महतो नागवंशी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की चितरपुर प्रखंड के सभी पंचायतों से महिला पुरुष एवं बच्चे अपने पारंपरिक परिधान में गाजे बाजे के साथ आगामी 11 नवंबर 2023 को रामगढ़ में आयोजित होने वाले शहरें सोहराई चांचइर आर बरद खुटा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाग लेंगे, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चितरपुर प्रखंड से 20 वॉलिंटियरों का चयन किया गया जगेश्वर महतो नागवंशी ने बताया कि चितरपुर प्रखंड से 10 चांचइर टीम दिनांक 11 नवंबर 2023 को सुबह 10 . 00 बजे कुड़मि चौक सुकरीगढ़ा से रामगढ़ के लिए वॉलिंटियरों के साथ एक साथ रवाना होंगे। आज के बैठक में खिरु महतो, ठाकुरदास महतो, सुधीर कुमार अकेला, लुमनाथ महतो, लुकेश्वर चौधरी, पावेल कुमार,मनोज चौधरी, पंचम कुमार महतो, चितरंजन महतो,चेतन महतो, नीरज कुमार, बिरसाई महतो, विश्वजीत महतो, अनूप महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, किरण कुमार सहित प्रखंड के सभी पंचायतों से सदस्य एवं सोहराई प्रेमी उपस्थित हुए।

## खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है : सुधीर मंगलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड मुख्यालय स्थित हत्यारी महुआ मैदानमें मंगलवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023 का बालिका टीम का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश मुखिया वीणा देवी रविन्द्र कुमार प्रमेश्वर पटेल चुडगी देवी संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय कर व फुटबॉल का किक मारकर किया। फुटबॉल टूर्नामेंट उद्घाटन के मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा की आप सभी खिलाड़ी खेल को खेल भावना से खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप संपन्न करवाने का मुख्य उद्देश्य पंचायत से प्रखंड,प्रखंड से जिला तक बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित कर राज्य से देश तक खेलने का अवसर प्रदान करेगी। खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है।वर्तमान राज्य सरकार के गठन के बाद से ही गांव से लेकर शहर तक के कोने-कोने से यहां के नौजवानों के अंदर छिपी हुई हुनर को निरंतर तराशने का काम किया जा रहा है।

## बरियातू में कैंटीन का उद्घाटन किया गया

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरियातू पंचायत स्थित पारटांड़ में रामलोचन कैंटीन का विधिवत उद्घाटन नागरिक चेतना मंच अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती एवं विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव हरिचरण मुंडा जी ने संयुक्त रूप से किया यह कैंटीन पहले से ही लोगों को छोटी-छोटी सुविधा देती थी आज वह कैंटीन के रूप में काम करेगी आज यहां श्रमिक लोग जो बाहर से आते हैं जो गुजरते हैं वह रास्ते पर उन लोगों के लिए खाने की व्यवस्था भी की यहां शुरूआत किया गया है जिसे हम लोग आज विधिवत उद्घाटन यहां किया गया है कार्यक्रम में मुख्य रूप से हीरा प्रमाणिक संचालक रामलोचन महतो ,लक्ष्मण महतो, दिनेश महतो ,डब्लू महतो, अनुज सिंह, राहुल कुमार, विवेक कुमार,राजेश महतो, रवि रजक, और गांव की एक महिलाएं पुरुष मौजूद थे।



## गोला में काली पूजा समिति का गठन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां काली की पूजा अर्चना के लिए सार्वजनिक काली मंदिर में गुरुवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता आधार कुमार सिन्हा ने की।इस दौरान पूजा के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।जिसमें अध्यक्ष आधार कुमार सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बक्सी, सचिव शिवानंद पाठक,उप सचिव मदन कुमार दास,कोषाध्यक्ष रवि कुमार, उपकोषाध्यक्ष चितरंजन पोद्दार के अलावे कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उप प्रमुख विजय कुमार ओझा, परितोष पोद्दार, जितेंद्र कुमार, धनंजय पोद्दार,सुभाष पोद्दार, निशांत बर्मन आदि लोग शामिल थे।



# आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारी के साथ साथ जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारी एवं जिला समन्वय समिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व अन्य सभी विकास तथा कल्याणकारी योजना की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अबु इमरान ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों, लोक सभा चुनाव 2024 से संबंधित की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण




निदेश दिए। इसके पश्चात जिला समन्वय समिति की बैठक प्रारंभ की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबा साहब भीम रावं अम्बेडकर आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना समेत अन्य योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई।राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राज्य समेत जिले में भी संचालित होनेवाली आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण के कार्यक्रम दिनांक-15 नवम्बर से 29 दिसम्बर 2023 तक संचालित की जाएगी। इसे लेकर उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आम जनों को दिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों से अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले जैसे मयूटेशन, भूमापि, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकार्ड में सुधार करने से संबंधि तमामले, आय,आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वनपट्टा और व्यक्तिगत वनपट्टा के लिए संबंधित एफआरसी के आवेदन, आम जनों से सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ-साथ सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के आवेदन लिए जाएंगे और उन्होने कहा कि लाभुकों के बीच कैंप में ऑन स्पॉट परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा इसके लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी पूरी तैयारी पूर्ण कर लें। यह सुनिश्चित करें कि अबुआ आवास योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को कैंप के माध्यम से मिले इसके लिए पंचायत स्तर पर लगाए जाने वाले कैंप में अबुआ आवास योजना का स्टॉल अलग से लगायेंगे और पर्याप्त मात्रा में इससे जुड़े आवेदन स्टॉल में उपलब्ध रखेंगे। साथ ही साथ व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जनों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के निर्माण हेतु कहा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संबंधित अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करें और बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना के लक्ष्य को भी पूर्ण करें। इसकी समीक्षा एक सप्ताह के बाद की जाएगी। समीक्षा के क्रम में जिन प्रखण्डों की प्रगति धीमी देखी जाएगी उनपर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक के अंत में उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को संचालित योजनाओं को पूर्ण करने में आनेवाली कठिनाईयों से संबंधित जानकारी साझा करने हेतु आमंत्रित किया गया। उन्होने कहा किसी भी परिस्थिति में जन कल्याणकारी योजना व विकास योजना लंबित न रहे सभी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं को पूर्ण कराएं।

## प्रखंड मुख्यालय में करीब डेढ़ किलोमीटर तक निकाली गई रैली



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेराल प्रखंड कार्यालय पर गुरुवार को भारतीय आदिम जनजाति विकास परिषद, भारतीय भुईयां विकास परिषद, भारतीय बुनियादी विकास मंच, वन अधिकार परिषद, भारतीय आदिवासी विकास परिषद तथा झारखंड जन संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में जल, जंगल और जमीन पर मेरा अधिकार है सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर रोष पूर्ण प्रदर्शन किया गया। इससे पहले विभिन्न संगठन के बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अपनी 18 सूत्री मांगो से संबंधित बैनर तथा तख्ती लिए हुए मेराल हाई स्कूल से रैली निकालकर रोष पूर्ण प्रदर्शन करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जल, जंगल और जमीन पर मेरा अधिकार है, दलाली, बिचौलिया गिरी बंद करो, वन अधिकारी होश में आओ, गरीब भूमिहीन पर केस करना बंद करो, किसानों का 5 लाख तक केसीसी ऋण माफ करो आदि नारे लगा रहे थे। प्रखंड कार्यालय पहुंचकर रैली सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय आदिम जनजाति जनमुक्ति पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रामाशंकर बैग, विशिष्ट अतिथि भारतीय भूमिया विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार भुईयां सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि भूमि बैंक में रखी गई जमीन को गरीब, मजदूर, किसानो को रसीद उपलब्ध कराई जाए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार के उपेक्षित रवैया के कारण गरीबो को उनका हक एवं अधिकार नहीं मिल पा रहा है। वन विभाग द्वारा गरीबों के जगह पर बिचौलियों को वन पट्टा दिया जा रहा है तथा गरीब व वास्तविक हकदार को झूठे केस में फसाया जा रहा है। सरकार गरीब, दलित, आदिवासी तथा भूमिहीन परिवार को चिन्हित कर वन अधिकार अधिनियम 2006 तथा 2008 के तहत वन पर आश्रित परिवार को वन पट्टा देने एवं आदिम जनजाति तथा आदिवासी मजदूर किसान को जल जंगल जमीन से बेदखल करने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग किया। इस दौरान मंगरी देवी द्वारा गीत के माध्यम से लोगों को अपने हक अधिकार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम 18 सूत्री मांग पत्र बीपीआरओ वसंत पांडे को सौंपा गया।

## आयुष हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड मुख्यालय में स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को आयुष हेल्थ एंड वैलनेस के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेदऔर टीवी, होमियोपैथ के गुणों के बारे में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के बिच में रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास का आगमन हुआ। अपने संबोधन में विधायक श्री दास ने आयुर्वेद की विशेषताओं को बताते हुए उसे सभी लोगों को अपने निजी जीवन में अपनाने को भी कहा । इस मौके पर आयुष हेल्थ एंड वैलनेस टंडवा के प्रभारी डॉक्टर प्रिया कुमारी ने सभी बच्चों को आयुर्वेद और योग के बारे में पूरी बारीकि से समझाया। साथ ही



साथ इनके द्वारा प्राथमिक उपचार संबंधी दवाओं का वितरण भी किया गया। अंत में विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, सुनील कुमार चौरसिया, रंजीत कुमार गुप्ता, विद्यालय प्राचार्य नीरज कुमार, शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, संजय कुमार, सुबोध चंद्र महतो, राजेंद्र वर्मा, मनोज कुमार, नीरज कुमार, तमन्ना यास्मीन सुधीर कुमार नायक, विजय कुमार, प्रियंका सिंह, वेंकट रमण शुक्ल, रवि कुमार, कमल किशोर महतो, विक्की कुमार, लिपिक रसीदा खातून आदेशपाल सुरेंद्र यादव और निर्भय कुमार दास सामिल थे।

## बालक व बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में गुरुवार को बालक /बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लातेहार सह जिला कार्यवाह सत्येन्द्र प्रसाद प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ओउम् एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं को व्यक्तित्व विकास निर्माण के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता कराया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिका छात्रा की ओर से प्रथम



स्थान कक्षा अष्टम एवं द्वितीय स्थान कक्षा सप्तम को मिला। बालक छात्र की ओर से प्रथम स्थान कक्षा अष्टम और द्वितीय स्थान कक्षा सप्तम को मिला। सभी विजयी प्रतिभागी को प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी द्वारा कॉपी कलम से पुरस्कृत किया गया। वहीं विद्यालय के छात्र छात्रों को आगे कैसे बढ़ना चाहिए इस पर उन्होंने विस्तार पूर्वक से प्रकाश डाला। भैया बीडीओ ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी सरस्वती विद्या मंदिर गुमला से मैट्रिक तक कि पढाई की हूं। हमें अपने जीवन में संस्कार एवं अनुशासन को बनाए रखना चाहिए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 34 महिलाओं के एएनसी का हुआ जांच

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत34 महिलाओं का एएनसी जांच वृष्पतिवार को प्रसव पूर्व जांच किया गया। जांच कर रही अनीशा चेन्नई,रिंकू कुमारी, बिमला देवी, नीलू कुमारी सभी स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम व नर्स महिलाओं का जांच बारी-बारी से किया। जांच में हिमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, वजन, एचआईवी सभी तरह की निशुल्क जांच किया गया। एवं निशुल्क दवाई दी गई। जांच करवा रही महिलाओं का नाश्ता का भी प्रबंध हॉस्पिटल से करवाया गया। मौके पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी बीरेंद्र दांगी संतोष कुमार विजय कुमार अनिल कुमार दांगी खीरु यादव एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## कम्प्यूटर ऑपरेटरों का चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ गढ़वा जिला इकाई ने चरणबद्ध तरीके से काला बिल्ला लगाकर विरोध कर आंदोलन का शुरुआत कर दिया है। आंदोलन के संबंध में जानकारी देते हुए संघ के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि हम आज 9 नवम्बर से 11 नवम्बर तक काला बिला लगा कर चरणबद्ध तरीका से आंदोलन करते हुए काम करेंगे।इस आन्दोलन में जेएसएलपीएस में कार्यरत 24 जिला के करीब 400 डाटा एंट्री ऑपरेटर इस आन्दोलन में काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है, इनके मुख्य मांग JSLPS के मानव संसाधन नियमावली के लेवल 7 में जोड़कर लाभ देने एवं मानदेय 26,300 रु देने का है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव झारखण्ड सरकार द्वारा 12 सितम्बर को डाटा एंट्री ऑपरेटर मानव संसाधन नियमावली के लेवल 7 में जोड़कर, इनके मानदेय 26,300 रु देने का पीत पत्र दी गयी, परन्तु आज तक कोई करवाई नही हुई। संघ के पदाधिकारियों का कहना की जब तक हमारी मांगो पर विचार नही किया जाता है, तब तक हम सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर आन्दोलन करते रहेगे और 23 नवम्बर को राज्य कार्यालय घेराव करेंगे उसके उपरांत अनिश्चित कालीन हड़ताल और धरना प्रदर्शन करेंगे। आन्दोलन में गढ़वा जिला से रंजीत कुमार रजक, अंजली तिवारी, रिचा दुबे, आरती कुमारी, पल्लवी कुमारी, चन्दन कुमार चौधरी, गौरी शंकर सिंह, सुनील कुमार, सुजीत कुमार, ब्रजेश कुमार, अजय पासवान, वीरेंद्र कुमार रवि, सुजीत कुमार यादव, बालमुकुंद उराँव, जितेंद्र विश्वकर्मा आदि शामिल हुए।

## समाजसेवी का हुआ निधन गांव में शोक की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत गांव के जाने-माने समाज सेवी सुरेंद्र दांगी पिता स्वर्ग रामसेवक दांगी का मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुधवार बीते रात मौत हो गई। बताते चलें कि हजारीबाग से वापस अपने घर गिद्धौर आ रहा था। इन्होंने जपुआ के आसपास हाइवा के चकमा से मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उनके माथे में काफी चोट लग चुकी थी। गिद्धौर थाना प्रशासन ने गस्ती के दरमियान इस व्यक्ति को घायल अवस्था में रास्ते के किनारे पाया। जहां से उठाकर प्रशासन अपनी गाड़ी से बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इनका अग्नि संस्कार गांव के ही धोबिनिया घाट में बृहस्पतिवार दोपहर को किया गया।जहां अनेकों समाजसेवी सम्मिलित हुए। जिला परिषद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुशवाहा मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र दांगी समाज सेवी राजेश कुशवाहा यदुनंदन पांडेय कपिल कुमार दांगी मनोज कुशवाहा बबलू साव राजुलाल वर्मा व अन्य सम्मिलित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत बच्चों को किया गया जागरुक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड के अन्तर्गत संचालित विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के आदेश अनुसार वृष्पतिवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुआरी में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गिद्धौर प्रखंड पी एल भी शम्भु कुमार राणा के द्वारा एवं लिटरेसी क्लब कलास लिया गया। तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर में पी एल भिनकुमारी शारदा भारती द्वारा जिसमें लोगों को गरीबी उन्मूलन एवं किशोर न्याय अधिनियम साथी साइबर क्राइम के बारे में बच्चों को भी बीच जागरूक किया गया।

## पूर्व मंत्री सह अखिल भारतीय भुइंया कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुलाल भुइंया पहुंचे चतरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड के पूर्व मंत्री सह अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुलाल भुईया आज चतरा पहुंचे। उन्होंने हंटरगंज में बीते 10 अक्टूबर को नाबालिक बच्ची की हुई हत्या की निंदा की। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने और दोषियों को फाँसी की सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारा बेटा हाई कोर्ट का वकील है। फ्री में केश लड़ेंगे एक पैसा भी नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि अगर न्याय नहीं मिलेगा तो आंदोलन होगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष उमेश भारती के अलावा कोडरमा, लातेहार के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने कमल छोड़ थामा लालटेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पुर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने गुरूवार को अपने हजारो समर्थको के साथ रांची स्थित राजद प्रदेश कार्यालय मे राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामा।राजद प्रदेश कार्यालय मे राजद का दामन थामने से पहले मांदर की थाप पर मनिका स्थित हाईस्कूल के मैदान में सैकड़ो गाड़ियो के काफिले के साथ भाजपा के पुर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह निकले । पत्रकारों से बातचीत के क्रम मे कहा की मनिका विधानसभा क्षेत्र की जनता व उनके कार्यकर्ताओं की मांग उनके दिलों की आवाज सुनकर मैं राजद का दामन थाम रहा हूं। आगे श्री सिंह ने कहा की पिछले बार विधानसभा चुनाव में भाजपा पार्टी को मिला वो वोट उनका व्यक्तिगत और उनके व्यक्तित्त्व व



उनके विचारधारा को हमारे अपने लोगों ने वोट किया था। आज वे अपने उन्ही कार्यकर्ताओ और उनकी ही भावनाओं को आगे रख राजद का दामन थाम रहे हैं। उन्होने कहा की राजद पार्टी का दामन थाम वे बेहतर तरीके से क्षेत्र के विकास मे अपना योगदान दे सकते है। आने वाले विधानसभा चुनाव मे टिकट मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि टिकट पार्टी तय करती है। वे सिर्फ राजद का सच्चा सीपाही बनकर पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर क्षेत्र मे काम करने मे विश्वास रखते है। वही काफिले मे शामिल राजद के जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि रघुपाल सिंह एक संघर्षशील विचारधारा के नेता है। निश्चित ही उनका राजद मे आना राजद पार्टी को ओर मजबूती मिलेगी। रघुपाल सिंह के राजद मे आने से राजद का उपहास उड़ाने वाली कांग्रेस व भाजपा दोनो का इस क्षेत्र से सफाया होना तय है। वही राजद के वरिष्ठ नेता बली यादव ने कहा कि भाजपा के पुर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह का राजद मे आने से आने वाला चुनाव मे मनिका विधान सभा क्षेत्र मे मील का पत्थर साबित होगा। राजद नेताओ ने बताया की मनिका विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा नेता रघुपाल सिंह का राजद का दामन थामने रांची रवाना होने से पुर्व मनिका विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह, गारू, महुआडांड से भी भाजपा सहित कांग्रेस व राजद कार्यकर्ता सैकड़ो गाड़ियो के काफिले के साथ रांची रवाना हुवे।

## बाल विवाह उन्मूलन हेतु ''सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन'' अभियान के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण, प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर विकास भवन सभा कक्ष में बाल संरक्षण विभाग द्वारा बाल विवाह उन्मूलन हेतु ''सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन'' अभियान के तहत मीडिया कर्मी एवं स्वयं सेवी संस्थान के प्रतिनिधि का एक दिवसीय उन्मुखीकरण,प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों, मीडिया कर्मी एवं स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम एवं कानूनी प्रावधानों के बारें में बिस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि को बाल संरक्षण के मुद्दों पर साकारात्मक पहल करने तथा जन जन तक बच्चों के प्रति हिंसा, शोषन से संरक्षण करने एवं बच्चों के हित में नीति निर्धारण करने हेतु



नीति निर्माता एवं सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए सभी मीडिया कर्मी को जागरूक किया गया।जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरूणा प्रसाद द्वारा बाल विवाह एवं बाल संरक्षण के अन्य मुद्दों जे.जे.एक्ट व पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड मैरेज एक्ट, मादक द्रव्यों के सेवन से बालको को संरक्षण एवं बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं एक्स.आई.एस.एस यूनीसेफ के प्रतिनिधि अंकित कुमार के द्वारा भी इससे संबंधित दायित्वों के बारें में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई।भूमि सुधार उप समाहर्त्ता द्वारा बाल संरक्षण एवं विशेषकर बाल विवाह होने के कारण को बताते हुए मीडिया कर्मी से जागरूकता लाने में उनकी अहम भूमिका को बताया। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बाल विवाह उन्मूलन हेतु सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसएलपीएस के दीदीओ के बीच पंप सेट का किया गया वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड के विजैया में संयुक्त रूप से करियातपुर, बरसोत, दुलमाहा पंचायत के जेएसएलपीएस के दीदिओ के बीच पंप सेट का वितरण किया गया। भूमि संरक्षण विभाग आवंटेड डीजल पंप सेट जिसकी कुल लागत 22700 रुपए हैं, जिसमें लाभुकों को सिर्फ 2900 रुपए ही देंना पड़ रहा है बाकी का अनुदान भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा किया जाएगा। मुख्य रूप से इस योजना का लाभ एससी-एसटी जेएसएलपीएस महिला समूह के दीदियो को दिया जाएगा। मौके पर मुख रूप से उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा,करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी, बरसोत पंचायत समिति के प्रतिनिधि सुजीत कुमार, बीपीएम दीपक कुमार, एफटीसी राजीव कुमार पाण्डेय, आईपीआरपी संजू कुमारी, अकाउंटेंट ममता देवी, जेंडर सीआरपी लीलावती देवी, सेतु दीदी नीलम कुमारी, बैंक सखी राखी कुमारी, उषा देवी, एकेएम दीदी उपस्थिति रही। पंपसेट प्राप्त करते हुए महिलाओं में काफी हर्ष दिखा पंपसेट पाने वालों लाभुक में खुशबू देवी, कंचन देवी, बेबी देवी, किरण देवी आदि उपस्थित रहें।

### राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए श्रीदस के दो विद्यार्थी चयनित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में खेलो झारखंड राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को एक सप्ताह से खोड़ाहर स्थित पोखर में दी जा रही तैराकी प्रशिक्षण के पश्चात दो विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ। विद्यालय के प्राचार्य के .कुमार ने चयनित विधार्थियों को बधाई दी और कहा कि खेल हमें न केवल सेहतमंद रखते है बल्कि भाईचारे की भावना भी सिखाते हैं। खेल के माध्यम से छात्र अपने अंदर की ऊर्जा का पुनः उपयोग कर सकते हैं, स्वस्थ जीवन में सफलता हमारे पास रहती हैं। साथ ही उनका हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि आपकी इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से आपके माता पिता एवं आपके स्कूल को आप सबों पर गर्व है। आप सभी हर क्षेत्र में अपनी जीत सुनिश्चित करते रहें, यही मेरी शुभकामना है। जिन बच्चों का चयन राज्य स्तरीय तैराक प्रतियोगिता के लिए हुआ उनमें निशांत इक्का और एम डी रजा शामिल है।

### जमीन निबंधन के बाद निबंधन कार्यालय से मोटेशन के लिए स्वतः हो जाता है ऑनलाइन : अब्दुल मनान वारसी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बरही प्रखंड सह अंचलवासियों को जानकारी देते हुए बताया कि यह अक्सर देखा जा रहा है कि रैयत जमीन निबंधन कार्यालय के बाद जमीन का दाखिल खारिज अर्थात मोटेशन के लिए फॉर्म ऑनलाइन करते है, जबकि उनको ज्ञात होना चाहिए कि झारखंड सरकार ने रैयतों की सुविधा के लिए निबंधन के समय ही मोटेशन के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने का दायित्व निबंधन कार्यालय को ही दे चुकी है। जिससे किसी भी जमीन को कोई खरीद कर निबंधन करवाता है तो मोटेशन के लिए उसका फॉर्म ऑनलाइन होकर स्वत- ही अंचल कार्यालय पहुंच जाता है। जिससे अंचल कार्यालय से उसका मोटेशन हो जाता है, लेकिन रैयत जानकारी के अभाव में दोबारा से ऑनलाइन फॉर्म भरते है, जिससे काफी परेशानी भी होती है जिसकी कोई आवश्यकता नहीं है, इसलिए आगे से उन्होंने रैयतो से आग्रह किया है कि यदि वह जमीन निबंधन करवाते है तो उसका मोटेशन के लिए दोबारा से ऑनलाइन ना करवाए।

### एसएसवीएम में दो कमरों के लिये भूमि-पूजन

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा के सांसद फंड से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू बाजार में दो कमरे का निर्माण किया जाएगा । इसके लिए गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद एवम वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. संजय सिंह के द्वारा स्कूल प्रांगण में भूमि-पूजन किया गया । मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य उपेन्द्र कुमार पांडे,नरेश पाठक,अवधेश सिंह,नारायण साहू, भीम ठाकुर,महानंद सिंह,मनोज साहू और रवि दता सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### उपायुक्त से मिल सांसद प्रतिनिधि ने की सामुदायिक भवन निर्माण की मांग

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में प्रत्येक पंचायत में एक मॉडल सामुदायिक भवन का निर्माण होगा ढ्ढ होने जा रहा है। जिसकी लागत लगभग एक करोड़ रूपया है। इस सामुदायिक भवन में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण सेंटर, लोगों के लिए जिम, छात्र- छात्राओं के लिए कम्प्यूटर, विवाह मण्डप और शौचालय साथ-साथ सोलर अधारित सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी महेंद्र कुमार महतो जिला सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है ढ्ढ इस संदर्भ में गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि ने रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात की। मुलाकात कर उन्होंने पतरातू प्रखण्ड के पंचायत पालू अन्तर्गत ग्राम किरीगढ़ा में पहले फेज के निविदा में किरीगढ़ा में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग किये है। इसके आलावा उन्होंने आगे बताया कि प्रथम फेज की निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ज्ञातव्य हो कि हजारीबाग लोक सभा सांसद जयंत सिन्हा ने पिछले दिनों पतरातू प्रखण्ड के दौरे पर ग्राम किरीगढ़ा में ग्रामीणों से जन- संवाद कर यह धोषाणा किए थे कि ग्राम किरीगढ़ा में सामुदायिक भवन का निर्माण होगा।

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती व जनजातीय गौरव दिवस पर कायक्रम का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, पारनाला में आगामी भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डॉ ममता कच्छप, विभागाध्यक्ष ,गृह विज्ञान ,विनोबा भावे विश्वविद्यालय ,हजारीबाग ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित के साथ कियाद्यउन्होंने बिरसा मुंडा सहित पूरे जनजातीय समाज के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर उन्होंने कहा आदिवासी जनजातीय समाज का आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जनजातीय समाज के आदर्शों को आत्मसात करने का यह समय है। संकल्प लेने का समय है। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में आदिवासी जनजातीय समाज के वीरता एवं पराक्रम को बताते हुए विभिन्न आंदोलनों के बारे में विस्तार से बताया द्य उन्होंने कहा झारखंड के जनजातीय एवं आदिवासियों के सतत प्रयास से भारत स्वाधीन हुआ हैद्य हम उन वीरों एवं क्रांतिकारी के पद चिन्ह पर चलकर उनके आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने की जरूरत हैद्य कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव ,संजय उपाध्याय ने अध्यक्षीय आशीर्वचन में कहा- भैया -बहन आप सभी सिद्धू, कानू ,मुर्मू एवं बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करें साथ ही देश सेवा का संकल्प आप ले । कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा नृत्य नाटिका, सामूहिक नृत्य ,नागपुरी नृत्य, जनजातीय संस्कृति प्रदर्शन एवं नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों एवं श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। विद्यालय के नन्हे- मुन्ने भैया -बहनों ने प्रकृति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण, ईमानदारी ,कला प्रेम, चिकित्सीय औषधीय गुण, समानता, पारिवारिक संबंध, पर्व त्यौहार, शिक्षा एवं देश भक्ति की भावना का संदेश दियाद्य कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय एवं सम्मान विद्यालय के प्राचार्य, दिनेश कुमार मिश्र के द्वारा ,अध्यक्षीय आशीर्वचन विद्यालय के सचिव , संजय उपाध्याय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन ,आचार्य श्रीकांत लाल महतो के द्वारा एवं मंच संचालन संजू कच्छप दीदी जी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया- बहन एवं अभिभावगण उपस्थित थे।

# भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के द्वारा रबी फसलों के उन्नत बीज का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान हज़ारीबाग झारखंड के द्वारा अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत एक सराहनीय पहल में रबी फसलों के बीज वितरण कार्य 2023 में मानव विकास संस्था इचाक से जुड़े आदिवासी किसानों को एक-एक सब्जी बीजों का कीट दिया गया जिसमे दस प्रकार के बीज जैसे धनिया,पलक,प्याज, मूली, गाजर, मटर, बकला, मैथी और सरसों धानवीनतम उन्नत किस्म के बीज प्रदान किया गया था.इसका उद्देश्य आदिवासी किसानों को अधिक कुशल कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है.जिससे उनकी समग्र उत्पादकता,लाभप्रदता और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके।बीज वितरण के अलावा, प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया था.जिसमें आदिवासी किसानों को फसल प्रबंधन के लिए उन्नत तरीके सिखाए गए.और उन्हें अपनी कृषि गतिविधियों को अनुकूलित करने के लिए सशक्त बनाया गया।

परंपरागत रूप से ये किसान स्थानीय रूप से प्राप्त या स्वदेशी बीजों पर निर्भर रहते हैं।आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान हज़ारीबाग झारखंड ने आईसीएआर संस्थानों के द्वारा विकसित इन उन्नत किस्मों के बीजों को व्यापक रूप से प्रसार के लिए तथा इसे अपनाने के लिए मुफ्त में आदिवासी किसानों को उपलब्ध कराया गया था।

# पीवीयूएन में मनाया गया विश्व गुणवत्ता दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** विश्व गुणवत्ता माह के एक भाग के रूप में गुरुवार को पीवीयूएनएल में विश्व गुणवत्ता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पतरातू साइट पर एक गुणवत्ता मार्च का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व रवींद्र कुमार सीईओ ने किया।वहीं देवदीप बोस जीएम-पी एंड सी एंड टी बी.दास जीएम-इंजीनियरिंग उपस्थित थे। कार्यक्रम में परियोजना के प्रत्येक गतिविधि में निर्धारित गुणवत्ता एवं प्रणालियों और प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करके निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एफक्यूए भवन के पास गुणवत्ता प्रतिज्ञा लेने के बाद पद यात्रा निकाली गई।

जिसके बाद पीवीयूएन सीईओ द्वारा हिंदी में और जीएम-पी एंड सीएंडटी द्वारा अंग्रेजी में शपथ दिलाई गई। इसके अलावे पीवीयूएनएल बीएचईएल के कर्मचारियों और ठेका एजेंसियों के कर्मचारियों को सुरक्षा के साथ हर पहलू में समय सीमा सुनिश्चित करके गुणवत्ता आश्वासन के प्रति उच्चतम प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने की शपथ दिलाई गई।

# प्रेस क्लब बरकट्ठा इकाई ने बीडीओ व थाना प्रभारी से की शिष्टाचार मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी एवं नवनियुक्त बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम कुमार से प्रेस क्लब बरकट्ठा इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की।वहीं पत्रकारों ने बीडीओ व थाना प्रभारी को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर सेवा देने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान बीडीओ ने कहा कि लंबित समस्याओं का निराकरण शीघ्र करूंगी तथा क्षेत्र की समस्याओं का सकारात्मक समाधान होगा। उन्होंने प्रखंड वासियों को प्रशासनिक कार्य में सहयोग करने की अपील की.वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन बना रहे इसके लिए मेरी ओर से पूरा प्रयास रहेगा।साथ ही साइबर क्राइम पर रोक लगाना,लोगों के साथ न्याय करना तथा लड़ाई झगड़ों का सकारात्मक निष्पादन करना हमारी प्राथमिकता होगी।

# बरही में सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गुरुवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत खोड़ाहर में सेल्टोस कार जेएच 01 ईएफ 7676 ने एक मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार रालो गांव निवासी प्यारेलाल यादव को गंभीर चोट आई, जबकि उनकी पत्नी 45 वर्षीय गीता देवी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। स्थानीय लोगो की मदद से घायल प्यारेलाल यादव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं सूचना मिलने पर बरही पुलिस घटना स्तर पर पहुंची और कार को जप्त कर बरही थाना लाया। परिजनों ने बताया की प्यारे लाल यादव अपने बाइक से गुरुवार सुबह अपनी पत्नी गीता देवी के साथ सरसो से तेल निकालने बरही की और आ रहे थे। इसी क्रम में खोड़ाहर के नजदीक तेज गति से आ रही कार ने अपने चपेट में ले लिया। बाइक और कार का टक्कर इतना जोरदार था की कार के परखच्चे उड़ गया। इधर बरही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुवे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। घटना की खबर सुनते ही रालो में मातम छा गया। वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



# छठ पूजा की तैयारी जोरों पर टेकवाडीह तालाब की हुई साफ-सफाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** लोक आस्था के महापर्व छठ मे अब कुछ दिन शेष बचे है,जिसको देखते हुए शिवम क्लब के कार्यकर्ताओं द्वारा नवादा में टेकवाडीह तालाब एवं छठ घाटो की साफ-सफाई की गई। जैसा कि आस्था के इस महापर्व में पवित्रता का विशेष महत्व है।जिसको देखते हुए शिवम क्लब के साथ ग्रामीणों ने भी साफ-सफाई में पूरे तन-मन से सहयोग किया। छठ घाट की साफ-सफाई हो जाने पर व्रतियों को स्नान करने सहित अन्य किसी प्रकार के कार्य मे कोई दिक्कत नही होगी।बताते है,की इस तालाब मे हमारे पूर्वजों द्वारा यहाँ छठ पूजा होने के कारण बड़ी संख्या मे छठव्रतियां अपने परिवार के साथ इस घाट पर पहुँचते है।छठ पूजा के दौरान शिवम क्लब घाटों पर लाइटिंग समेत अन्य सुविधा बहाल करने में भी सदस्य पूरे जी-जान से जुटे है।इस पुनीत कार्य मे मुख्य रूप से शिवम क्लब के संतोष साव,वैभव प्रकाश राणा,उदय कुमार,श्रवण कुमार,राजू साव,आदित्य समेत ग्रामीणों ने अपना श्रम दान दिया।

# राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में पोशाक का वितरण किया गया। इस पोशाक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पंचमाधव पंचायत के मुखिया नीलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, समाज सेवी नागेश्वर रजक, सिकंदर पंडित, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, सरफराज अहमद, दामोदर साव, बिंदिया देवी, गायत्री सिंह, सतीश यादव, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीलम देवी, संयोजिका सुनीता देवी ने मिलकर विद्यालय में 6-8 तक के बच्चों को ड्रेस, जूता मोजा, स्वेटर का वितरण किया। साथ ही साथ बच्चों से आग्रह किया कि सभी बच्चे सब समय पर विद्यालय में आकर शिक्षण कार्य करें। मुखिया नीलम देवी ने कहा कि जिस प्रकार का ड्रेस दिया जा रहा है इस प्रकार से सभी बच्चे प्रतिदिन सफाई के साथ पहनकर विद्यालय में आकर शिक्षण कार्य करें।

# अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** करण के ताबड़तोड़ 8 गेंदों पर 26, परिणीत के 12 गेंदों 28 और विशाल के 16 गेंदों पर खेली गई 32 रनों की पारी के बदौलत आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस मैदान में गुरुवार को खेले गए अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग ने विज्ञान विभाग को 33 रनों से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। बता दें कि विशाल कुमार की अगुवाई में पहले बल्लेबाजी करते हुए वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में चार विकेट खोकर 128 रन बनाए। 129 रनों का स्कोर पूरा कर जीत के इरादे से मैदान पर उतरी विज्ञान विभाग की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 95 रन ही बना सकी और 33 रनों से मैच गंवा दिया। विज्ञान विभाग की ओर से कप्तान सुभाष कुमार ने 14 गेंदों पर जरूर 43 रनों की आतिशी पारी खेली लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाज वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के गेंदबाजों के सामने टिक ना सके। विजयी टीम के परिणीत ने अपने स्पेल के दो ओवरों में 18 रन खर्च कर सबसे अधिक तीन विकेट झटके। परिणीत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और खेल की तकनीकी बारीकियों को सीखने की सलाह दी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी सहित अन्य खेलों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अलग-अलग खेलों की टीम विश्वविद्यालय की ओर से बनाई जाएगी और बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण देकर उनके खेल को और निखारा जाएगा, ताकि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कामयाबी के नए-नए आयाम गढ़ सके। बताते चलें कि फाइनल मुकाबले में कला विभाग के प्राध्यापक अजीत पासवान और सीएस एंड आईटी विभाग के प्राध्यापक प्रभात कुमार ने बतौर अंपायर अपनी जिम्मेदारी निभाई। वहीं इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में खेल अध्यक्ष डॉ रूद्र नारायण, खेल शिक्षक आदित्य रंजन, मुकेश साव, उदय रंजन, सुरेश महतो, राहुल राजवार, अजय वर्णवाल, डॉ विनिता कुमारी, पूजा कुमारी, डॉ दिवाकर निराला, डॉ पूनम चंद्रा, अमित कुमार समेत अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पूर्व विधायक ने नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र अंतगर्त पंचायत सलैया में युवा क्रिकेट क्लब बरवां के तत्वाधान में नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बल्लेबाजी कर विधीवत उद्घाटन किए। उद्घाटन मैच गंगपांचो (हजारीबाग) बनाम घंघरी (हजारीबाग) के बीच खेला गया।मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद मुखिया प्रतिनिधि गंगपांचो युगल प्रसाद,उपमुखिया नारायण प्रसाद,रीतलाल प्रसाद,यमुना प्रसाद,खलील अंसारी, दयानंद उर्फ पन्नू कुमार,राजेश उर्फ लालू रजक, गौतम कुमार,समीम अंसारी, महेंद्र प्रसाद, सेराज मिंया, वाहिद मिंया, कुलदीप नायक, दिलीप पासवान, प्रकाश प्रसाद,संतोष प्रसाद, प्रकाश महतो, राजेन्द्र पंडित, राजू प्रसाद, मुन्ना रजक,विक्रम कुमार,मुकेश कुमार, सरफराज अंसारी,मुन्ना प्रसाद आदि सैकड़ो की संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थें।

# लगातार सातवें वर्ष हजारीबाग में आस्था के साथ प्रज्वलित हुआ आपका एक दीया शहीदों के नाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दीपावली पूर्व संध्या बुधवार को स्थानीय परिसदन के समक्ष अवस्थित शहीद स्मारक स्थल में लगातार सातवें वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ ÷आपका एक दिया शहीदों के नाम÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम से पूर्व यहां प्रति वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी पहले लगातर दो दिनों तक पूरे स्मारक स्थल को साफ- सफाई कर स्वच्छ बनाया गया तत्पश्चात शाम ढलते ही 3001 दिए कि दीपमालाओं से इसे रौशन किया गया और शहीदों की शहादत को याद किया गया। आस्था के साथ शहिदों की याद में जब दिए जगमगाए तो चहुंओर शौर्य और उजास छा गया। दीपों से प्रस्फुटित होती रोशनी प्रत्येक चेहरे पर गर्व की अनुभूति करा रही थी। सभी के दिलों में शहीदों के प्रति अपार सम्मान व कृतज्ञता का भाव झलक रहा था। शहीद स्मारक परिसर को उनकी यादों में रोशन किए गए थे जिनके बलिदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। मौके पर विशेषरुप से शहीद सुभाष बारला की मां पूनम बारला और शहीद संदीप पाल के भाई मनीष पॉल सहित जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़ सहित कई अन्य गणमान्य लोग और हजारीबाग के हर उम्र के लोग उपस्थित हुए और आयोजकों का हौसलाअफजाई किया। शहीदों के परिजनों ने खुद शहीद स्मारक पर घी के दिए जलाएं और दीपावली पूर्व संध्या अपने-अपने घरों में एक दिया शहीदों के नाम जलाने का अपील समस्त हजारीबाग वासियों से किया। शाहिद सुभाष बारला की मां पूनम बारला ने कहा कि जवान देश के लिए शहीद होता है और जब उनके याद में ऐसा कार्यक्रम आयोजित हो तो दिल प्रफुल्लित हो जाता है। उन्होंने खुद को शहीद की मां बताते हुए फ़र्क होने की बात कही। जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और उपाध्यक्ष किसुन यादव ने भी ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि शहीदों के सम्मान में इस कार्यक्रम को यथावत रखना हजारीबाग के लिए गौरव की बात है ।




# विष्णुगढ़ के नागी में झामुमो ने किया पंचायत कमिटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नागी पंचायत में 09 नवम्बर 23, गुरुवार को हनुमान मंदिर के बगल में पूर्व मुखिया नारायण गंझु के अध्यक्षता में झामुमो की बैठक आयोजित की गई,तथा बैठक का संचालन 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व.जगरनाथ महतो के सुपुत्र डुमरी विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो व झा.मु.मो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल की उपस्थिति में नागी पंचायत कमिटी का गठन किया गया। बैठक के दौरान सभी पहलुओं पर ध्यान रखते सर्वसम्मति से छोटेलाल मरांडी को अध्यक्ष,जगू भाई केवट को उपाध्यक्ष,विजय महतो को सचिव,दीपक केवट कोषाध्यक्ष,झरी सिंह को संगठन सचिव,कार्यकारिणी सदस्य दिव्या देवी,नंदलाल कुमार,मुकेश पटेल,संयुक्त सचिव मधु कुमारी,शर्मा मरांडी,सुनील हांसदा,पंचायत सदस्य नारायण गझू,डीएम राज पटेल,धनेश्वर महतो,कृष्ण कुमार महतो,अजीत करमाली आदि को चुना गया। पंचायत कमिटी के गठन के पश्चात गौरव पटेल ने कहा कि राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार ने राज्य हित में बेहतर कार्य कर रही है। संगठन को बूथ स्तर से पंचायत स्तर तक मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ़ प्रखंड संयोजक मंडली के अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी,संयोजक मंडली सदस्य सह 20 सूत्री सदस्य संजय प्रजापति,देवी राम हेम्ब्रम,राजा राम महतो,महादेव मुर्मू,रवि कुमार सिंह,सोमर सिंह,सुनील हांसदा,कपिल महतो,विजय कुमार पटेल,घनश्याम महतो,सूरज बेसरा,मगर सिंह,महेश तुरी,हेमलाल महतो , तालेश्वर महतो,बाबूलाल सोरेन, राजेश मुर्मू,जगदीश महतो , वैशाकी सिंह समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## नेपनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस दे रहा है देश भर के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, जल्द करें आवेदन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नॉर्थ ईस्ट पैरामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टीट्यूट (नेपनी) ने देश भर के मेधावी और गरीबी रेखा से नीचे के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की है। बता दें कि नेपनी हेल्थ केयर एजुकेशन का प्रमुख संस्थान है जिसमें नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्सेस कराए जाते हैं। यह संस्थान असम के गुवाहाटी के पास स्थित नेपनी ट्रस्ट के तत्वावधान में चलाया जाता है। मेरिट छात्रवृत्ति उन छात्रों को दी जाएगी जिन्होंने विज्ञान स्ट्रीम से 12वीं की परीक्षा में 80त्न और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि बीपीएल छात्रवृत्ति 12वीं परीक्षा में 60त्न और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को दी जाएगी। प्रत्येक छात्र को 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए लागू होगी जिन्होंने नेपनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्सेस यानी फिजियोथेरेपी, रेडियोग्राफी और मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में प्रवेश लिया है। बता दें कि प्रवेश की अंतिम तारीख 30 नवंबर 2023 है। अधिक जानकारी और जरूरी डेटा ऑनलाइन जमा करने के लिए छात्रों को नेपनी की आधिकारिक वेबसाइट https://nepniinstitutions.in पर जाना होगा। छात्रवृत्ति के बारे में बात करते हुए नेपनी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री बाबुल अली ने कहा, ÷हमें इस साल देश भर के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

## एक्स ए टी 2024 के लिए आवेदन जल्द बंद हो रहे हैं, रजिस्ट्रेशन का अंतिम 30 नवम्बर है

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित एमबीए प्रवेश परीक्षा ज़ेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (एक्स ए टी) ने घोषणा की है कि एक्स ए टी 2024 के लिए पंजीकरण की अंतिम दिनांक 30 नवम्बर 2023 है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक नज़दीक आ रही है, ऐसे में मैनेजमेन्ट के उम्मीदवारों को जल्द से जल्द आगामी परीक्षा के लिए 222.×ड्डह्लश्ठ्ठ-द्यद्बठ्ठद्द.द्बठ्ठ पर अपना पंजीकरण पूरा कर लेना चाहिए। एक्स ए टी 2024 परीक्षा रविवार 7 जनवरी 2024 को होगी। एक्स ए टी पारम्परिक परीक्षा के दायरे से आगे बढ़कर विशेष रूप से संरचित मूल्यांकन है। हम विशेषज्ञता के साथ उम्मीदवारों को मैनेजमेन्ट के क्षेत्र में मजबूत करियर बनाने में मदद करना चाहते हैं। 160 से अधिक ड्ढस्ठ्ठ और एक्स ए टी एसोसिएट कॉलेजों का नेटवर्क एक्स ए टी स्कोर को महत्व देता है, ऐसे में यह परीक्षा उम्मीदवारों के व्यापक और बहु-आयामी अवसर पेश करती है।' एक्स ए टी 2024 के कन्वेनर डॉ राहुल शुक्ला ने कहा। वे छात्र जो एक्स ए टी 2024 में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे ऑफिशियल वेबसाईट पर जाकर अपना पंजीकरण पूरा कर सकते हैं। एक्स ए टी के लिए पंजीकरण शुल्क रु 2100 है। हालांकि एक्सएलआरआई प्रोग्रामों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को रु 200 प्रत्येक का अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

XAT
Xavier Aptitude Test

## गोपी सैनिटरी के समक्ष बैंक ऑफ इंडिया मरार के द्वारा शिविर का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोपी सैनिटरी के समक्ष बैंक ऑफ इंडिया मरार के द्वारा गुरुवार को एमएसएमई महा हंगामा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक हितेश कुमार चौधरी ने सभी ग्राहकों को व्यवसाय लोन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वही इस दौरान सभी का सभी का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। चौधरी ने आगे की कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि अगला शिविर 16, 23 एव 30 नवंबर को मरार में लगाया जाएगा। शिविर में मुख्य रूप से कृष्ण सिंह, लॉन अधिकारी कुटिया, पुष्पा कुमारी सहित शुशील साहू, बृजकिशोर प्रसाद आदि उपस्थित थे।



## एसवीएम सिरका स्वास्थ्य जांच शिविर में निःशुल्क दवा का हुआ वितरण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर सिरका के प्रांगण में गुरुवार को सीसीएल के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। कैंप में डॉक्टरों ने एसवीएम प्राथमिक खण्ड के कक्षा दो से पांचवी तक के 150 भैया-बहनों को उचित परामर्श दिया। सभी छात्रो को निःशुल्क दवाए दिये गए। बताया गया कि सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र जीएम सुधांशु कुमार पांडेय के संरक्षण में कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। मौके पर कैंप आयोजन सफल बनाने में डॉक्टर गोपाल उरांव, डॉक्टर उत्तम कुमार, फार्मासिस्ट कौशिक, मुस्कान देवी, प्राचार्य कुमार विमलेश, आचार्यगण आदि का योगदान रहा।



## अरगड्डा में बिरसा स्मारक समिति ने बिरसा जयंती मनाने को लेकर की बैठक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा बैगा मोड़ के बिरसा प्रतिमा स्थल प्रांगण में गुरुवार संध्या बिरसा स्मारक समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती व झारखंड राज्य स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक आयोजन होने। साथ ही सभी ने अपनी भागीदारी निभाने, तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता धनेलाल बेदिया व संचालन अशोक करमाली ने किया। मौके पर राजेश बेदिया, शिवदेव बेदिया, आकाश बेदिया, बाल गोविंद बेदिया, दीपक बेदिया, विश्वनाथ मांझी, दिनेश आदि उपस्थित थे।



## गोली कांड को ले इंद्रनील चटर्जी सहित पांच के विरुद्ध प्राथमिकी

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोली कांड को लेकर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। हरिणडंगा बाजार की अनिंदिता त्रिवेदी उर्फ अनिंदिता जायसवाल (पिता- प्रभात कुमार त्रिवेदी एवं पति- सुनील जायसवाल) के लिखित शिकायत पर केस दर्ज हुआ है। थाना में दिए गए आवेदन में अनिंदिता त्रिवेदी उर्फ अनिंदिता जायसवाल ने कहा है कि मौजा संख्या 128 के दाग संख्या 1839 में स्थित जमीन की कलपाड़ा के इंद्रनील चटर्जी (पिता- स्वर्गीय रंजीत चटर्जी) असामाजिक तत्वों के साथ जबरन घेराबंदी कर रहे थे। जिसकी सूचना नगर थाना को दी गई थी। पुलिस ने घेराबंदी के काम को बंद भी कराया था। पुनः 8 नवंबर को दिन के 2¬30 बजे इंद्रनील चटर्जी अपने महिंद्र स्कॉर्पियो से पिस्तौल लेकर पहुंचे। उनके साथ भू-माफिया तांतीपाड़ा के विनोद चौधरी, पश्चिम बंगाल फरक्का सोलहमाइल के अनारूल शेख, पाकुड़ के सुरेंद्र पासवान एवं तांतीपाड़ा के राजू तिवारी हरवे हथियार से लैस होकर मेरी मां की जमीन को पक्का पिलर गाड़कर घेरने का प्रयास कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर मैं अपने भाई तुहीन त्रिवेदी एवं भाई के कुछ परिचित बड़ी अलीगंज के शोभित ठाकुर, मुर्कीमातल्ला के विशु कर्मकार, छोटी अलीगंज के राम ठाकुर जमीन की घेराबंदी को लेकर इंद्रनील चटर्जी को मन कर ही रहे थे, तभी इंद्रनील चटर्जी और उनके सहयोगियों ने मिलकर हम सबको घेर लिया और अभद्र गाली गलौज करते हुए इंद्रनील चटर्जी ने जानलेवा हमला कर दिया। अपने पिस्टल से पांच गोलियां दाग दी। जिसमें मैं और भाई किसी तरह बचकर निकल गया। पांच गोलियों में से राम ठाकुर के सीने के बाएं तरफ एक गोली लगी। विशु कर्मकार के पीठ के दाहिने तरफ एक गोली तथा शोभित ठाकुर को भी पीठ के बाएं तरफ एक गोली लगी। जिससे तीनों घटनास्थल पर ही लुढ़क गया। वहां भगदड़ मच गई। इसी दौरान इंद्रनील चटर्जी अपनी गाड़ी से साथ आए लोगों के साथ घटनास्थल से बंगाल की ओर भाग निकला। इंद्रनील चटर्जी एवं उनके साथ आए लोगों ने साजिश के तहत मुझे और मेरे भाई तथा साथ आए लोगों को जान मारने की नीयत से इस तरह का काम किया। आवेदन में यह भी कहा है कि घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गया।

# जिला नियोजनालय रामगढ़ द्वारा एक दिवसीय दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में जिला नियोजनालय रामगढ़ द्वारा छावनी परिषद फुटबॉल मैदान रामगढ़ मे वित्तीय वर्ष 2023 - 24 का द्वितीय एक दिवसीय दंत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा, विधायक बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अम्बा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ शीलवंत कुमार भट्ट, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी देव कुमार प्रसाद, अंचल अधिकारी सतेंद्र नारायण पासवान सहित अन्य उपस्थित पदाधिकारीयों द्वारा दीप प्रज्वलित कर रोजगार मेला का विधिवत शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने जिला प्रशासन रामगढ़ को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिले के युवाओं व युवतियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से आज रोजगार मेला का आयोजन किया गया है बहुत ही सराहनीय है। इस मेले के माध्यम से यहां के स्थानीय युवाओं एवं युवतियों को उनकी योग्यता के अनुसार लोकल स्तर पर रोजगार का अवसर मिल रहा है। साथ ही उन्होंने रोजगार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी रोजगार में जाने से पहले पैकेज की चिंता नही करनी चाहिए बल्कि अपनी कार्यशैली से बेहतर कार्य करना चाहिए जिससे आपको आपकी मेहनत और कार्यशैली के बदले भविष्य में बेहतर पैकेज मिले।कार्यक्रम के दौरान विधायक, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अम्बा प्रसाद ने बताया कि झारखंड सरकार के अथक प्रयास से स्थानीय बेरोजगार युवाओं व युवतियों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 75त्न नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 लागू किया गया है सभी के सहयोग से उपरोक्त अधिनियम के तहत कौशल के आधार पर स्थानीय एवं विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराना झारखंड सरकार की प्राथमिकता है।




## नियुक्ति संबंधी किसी भी तरह के फर्जी कॉल से रहे सावधान, कार्यवाई करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम हेतु एकल अनारक्षित पद पर एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो की पूर्णतः अस्थाई रूप से एक वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा निकाले गए विज्ञापन के आलोक में आवेदन पत्रों की प्राप्ति के उपरांत नियुक्ति प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। इसी क्रम में कुछ अभ्यर्थियों को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फर्जी कॉल कर नियुक्ति दिलाने हेतु पैसे की मांग किए जाने संबंधी मामले पर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने संज्ञान लेते हुए सभी जिले वासियों से इस तरह के किसी भी फर्जी कॉल से सावधान एवं सचेत रहने की अपील की है वही उन्होंने फर्जी तरीके से कॉल कर नियुक्ति हेतु पैसे की मांग किए जाने संबंधी मामलें में तथाकथित रूप से सामने आए एवं खुद को डाटा एंट्री क्लर्क बताने वाले शख्स दीपक कुमार सिंह, दूरभाष संख्या 8583064588 के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।गौरतलब हो कि प्राप्त शिकायत के अनुसार शख्स दीपक कुमार सिंह द्वारा खुद को डाटा एंट्री क्लर्क बताकर अभ्यर्थियों को फोन करने के उपरांत नियुक्ति हेतु पैसे की मांग की जा रही है साथ ही व्यक्ति के द्वारा आवेदक के द्वारा आवेदन में भरी गई गई जानकारियों को भी फोन पर साझा किया जा रहा है।



## अपर सचिव, भारत सरकार सह केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी रामगढ़ चंद्राकर भारती ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अपर सचिव, भारत सरकार सह केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी आकांक्षी जिला कार्यक्रम, रामगढ़ श्री चंद्राकर भारती ने अपने दौरे के पहले दिन समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त एवं जिले के वरीय अधिकारियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार द्वारा चंद्राकर भारती एवं सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा वैज्ञानिक सह तकनीकी पदाधिकारी डी खानिकर का स्वागत किया गया।समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक के दौरान श्री चंद्राकर भारती के द्वारा जल शक्ति अभियान ÷कैच द रेन÷ के तहत रामगढ़ जिले में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। मौके पर उन्होंने रामगढ़ जिले के प्रमुख जल स्त्रोतों, जल की कमी, ग्राउंडवाटर डिप्लीशन, जल प्रदूषण, ग्राउंडवाटर रिचार्ज आदि के तहत किए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जल शक्ति अभियान के तहत रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान श्री भारती ने जिले में रेन एक्शन प्लान को और भी प्रभावी तरीके से धरातल पर उतारने, जल शक्ति अभियान के तहत किए गए कार्यों की विशेष ग्राम सभा आयोजित करने, मिशन अमृत सरोवर के तहत निर्मित तालाबों की जियो टैगिंग करने, बृहद रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने, जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाने आदि को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में कई निर्देश दिए। बैठक के दौरान वैज्ञानिक सह तकनीकी पदाधिकारी डी खानीकर के द्वारा भी जल शक्ति अभियान को रामगढ़ जिले में सफल बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां जिला प्रशासन रामगढ़ के अधिकारियों के साथ साझा की गई। जल शक्ति अभियान के उपरांत भारती के द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान पीरामल फाउंडेशन के टीम लीड सिल्वेस्टर टोपनो के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में विभिन्न सूचकांकों के तहत किया जा रहे विकास कार्यों की जानकारी भारती सहित अन्य को दी गई।



## पल्स पोलियो अभियान के तहत सिविल सर्जन की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पल्स पोलियो अभियान के तहत गुरुवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डब्लूएचओ प्रतिनिधि के द्वारा जानकारी दी गई की आगामी 10 दिसंबर 2023 से 12 दिसंबर 2023 तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत 10 दिसंबर 2023 को विभिन्न बूथों पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी जिसके उपरांत 11 एवं 12 दिसंबर 2023 को घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक खिलाने का कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु माइक्रो प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया वहीं प्रखंड स्तर पर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित कर अभियान के तहत प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया गया वहीं सिविल सर्जन के द्वारा पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने हेतु योजना पर तरीके से कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीआरसीएचओ, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।



## फ्लोरोसिस जांच के लिए शिविर का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ डॉ0 तुलिका रानी के नेतृत्व में एस एस उच्च विद्यालय, माण्डू में एक दिवसीय जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में फलोराईड की जाँच की गयी। शिविर में कुल 99 बच्चों की जाँच जिला कंसल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल, एमओ डेंटल डॉ नितेश कुमार, डॉ अभिनव, डॉ नित्यानंद एवं सीएचओ प्रिति कुमारी के द्वारा की गई। कुल 25 बच्चों में जाँच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर श्री जीतेन्द्र कुमार के द्वारा विद्यालय में जाँच किया गया। शिविर में जॉच के साथ साथ फ्लोरोसीस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व - स्कूल के स्टाफ को दी गई। डॉ0 तुलिका रानी के द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं व साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती हैं। इस Camp के दौरान सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयाँ, खटटे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी गयी।



## एंटीक ज्वेलरी पसंद हैं तो धनतेरस में टीबीजेड में आकर निवेश कर सकते हैं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** धनतेरस का पर्व दिवाली की शुरुआत का प्रतीक है, इस दिन को किसी तरह के कीमती सामान, विशेष रूप से सोना और चांदी खरीदकर मनाया जाता है। वहीँ मान्यता से भी है कि इस दिन किसी भी तरह की खरीदारी बेहद शुभ और अपने साथ समृद्धि लेकर आती है। लेकिन इसके लिए आपको सोच विचारकर कुछ भी लेने की ज़रूरत होती है। वहीँ अगर आप सोना या चांदी खरीदने की सोच रहे हैं तो आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप इस धनतेरस किस तरह की ज्वेलरी में इन्वेस्ट कर सकते हैं जो आपको भविष्य में भी काफी उपयोगी साबित होगा। इस संदर्भ में हमने एसी मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित टीबीजेड द ओरिजनल के स्टोर मैनेजर, निधि शरण से खास बात चीत की उन्होंने बताया की अगर इस धनतेरस आप हीरे की ज्वेलरी लेते हैं तो ये एक स्मार्ट निवेश होगा। हीरे अपने स्थायी मूल्य के लिए जाने जाते हैं और अक्सर इन्हें एक सुरक्षित आश्रय संपत्ति माना जाता है। इस धनतेरस उत्सव को और भी शानदार बनाने के लिए एक क्लासिक डायमंड सॉलिटेयर रिंग, एक जोड़ी खूबसूरत डायमंड स्टड इयररिंग्स या एक सदाबहार हीरे का हार चुनें। अगर आपको भी एंटीक ज्वेलरी पसंद हैं तो आप इस धनतेरस इसमें भी निवेश कर सकते हैं। इसे खरीद कर न सिर्फ आपके कलेक्शन में एक बेहतरीन पीस ऐड होगा बल्कि इसका दाम भविष्य में काफी ज़्यादा भी हो जायेगा। एंटीक ज्वेलरी में ज़्यादातर प्योर कुंदन का काम ज़्यादा मिलेगा।इसी को ध्यान में रखते हुए हमारे स्टोर में सोने के आभूषणों की बनवाई पर फ्लैट पचास प्रतिशत की छूट दी जा रही है और हीरे की आभूषणों पर कोई बनवाई नहीं ली जा रही।



### गोला प्रखंड सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

## योजनाओं का लाभ आमजनों को मिले, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : रामबिनय महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड कार्यालय सभागार गोला में गुरुवार को 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामबिनय महतो एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बीस सूत्री समिति के सचिव संजय कुमार शांडिल्य ने की। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में हो रहे विकास कार्यों व योजनाओं की जानकारी दी। बीस सूत्री के सम्मानित सदस्यों ने काम में पारदर्शिता लाते हुए आम जनों तक इसका लाभ पहुंचे इसके लिए दिशा निर्देश दिए।जेएसएलपीएस एवं प्रदान के कार्यों में असंतोष जताई एवं कहा कि जेएसएलपीएस के पदाधिकारी क्षेत्र में उनका संतोषजनक काम देखने को नहीं मिलता है 20 सूत्री समिति के द्वारा उनके कार्यों का निरीक्षण करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।आपूर्ति पदाधिकारी को नेमरा स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार पर की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी एवं कार्ड धारियों को समय पर राशन उपलब्ध हो इस संबंध में निर्देश दिए गए।प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के ओर बीपीओ के द्वारा प्रतिवेदन की जिसमें पारदर्शिता का नहीं होने के कारण बीस सूत्री सदस्यों ने असंतोष व्यक्त किया तथा सभी तरह के कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की बात कही।साथ ही चिकित्सा, पशुपालन, मनरेगा 15 वें वित बाल विकास, कल्याण,सभी बैंकों के प्रबंधक के साथ समीक्षा बैठक किया गई ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामबिनय महतो एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बीस सूत्री समिति के सचिव संजय कुमार शांडिल्य ने की।बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष मनोज कोटवार,माननीय सदस्य जाकिर अख्तर,अजीत करमाली,आलम अंसारी ,कपिल महतो, बरतू करमाली विजय ओझा दिनेश कुमार महतो, साथ ही अंचल निरीक्षक रंजीत कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी राजदीप कुमार साव, सहकारिता पदाधिकारी पशु चिकित्सक राजेश कुमार, थाना प्रभारी बरलांगा, पेयजल , सीडीपीओ गलोरीया एकका, प्रभारी चिकित्सा शमीम अख्तर, बैंक प्रबंधक एचडीएफसी, एसबीआई ,आदि शामिल थे।




## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

### मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या-12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वार तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों को गिल नेट एवं नाव उपलबध कराने की योजना है। जिसका भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निम्नव् है :-

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | षीर्ष | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | इकाई लागत (रुपये में) | अनुदान की राषि प्रति इकाई (रु0 में) | लाभुक का अंषदन (रु0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोगसमितियों/सदस्यों / विस्थापितों कोविड-19 के प्रवासी मजदूरों को जलाषय के षिकारमाही हेतु गिल नेट | 101 | 20 | 3190 | 2871 | 319 | एक लाभुक को अधिकतम 05 कि0ग्रा0 गिल नेट का लाभ दिया जा सकता है। |
| | | 789 | 05 | | | | |
| 2 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों को नाव | 101 | 05 | 33000 | 30000 | 3000 | |

उक्त तालिका में दिये गये विवरणी के आलोक में गढ़वा जिला के जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों/विस्थापितों कोविड-19 के प्रवासी मजदूरों से दिनांक 18.11.2023 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नोट :-

1. गिल नेट हेतु आवेदक को आवेदन के साथ आधार कार्ड/बैंक पासबुक/समिति पंजीयन सं0 की छाया प्रति करना होगा।
2. आवेदक विगत दो बर्षों का मछली शिकरमाही का ऑकड़ा लिखित रुप में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।

ह0/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गढ़वा

PR311111 (Fish)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

### ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

**ई-निविदा संख्या:- 07/R1//2023-24/RWD/RAMGARH**

**दिनांक :- 08.11.2023**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा जिला योजना अनावद्ध निधि मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ RAMGARH/ 07/R1/2023-24/ Anabadh | पतरातु | सांकी गांव के बुच टोला झांगु बेदिया के घर से सखिया बेदिया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (325 मी0) | 3704300.00 | सैतीस लाख चार हजार तीन सौ रू0 मात्र | 3 माह |
| 2. | | पतरातु | डुडगी में मतीम के घर से मसमोहना रोड तक पी0सी0सी0, गार्डवाल एवं पुलिया निर्माण। (375 मी0) | 5511300.00 | पच्चपन्न लाख ग्यारह हजार तीन सौ रू0 मात्र | 4 माह |
| 3. | | पतरातु | सौन्दा बस्ती मे रोड पंचायत भवन सौन्दा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।(200 मी0) | 1511200.00 | पन्द्रह लाख ग्यारह हजार दो सौ रू0 मात्र | 3 माह |
| 4. | | पतरातु | इकबाल खान के घर से पंचायत भवन, बुद्धबाजार दोतल्ला तक पी0सी0सी पथ निर्माण।(550 मी0) | 3188100.00 | एकतीस लाख अठासी हजार एक सौ रू0 मात्र | 3 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 11.11.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 21.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 22.11.2023 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन- 829103
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 8709388730

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.311052 Rural Work Department(23-24):D

## जरूरतमंद लोगों के बीच हुआ वस्त्र, मिठाई व दीया-बाती का वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दीपावली के उपलक्ष्य मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी जमीर आरिफ के द्वारा शहर के कई स्थानों पर जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र, मिठाई और दीया-बाती का वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम मे महिलाओं एवं छोटे बच्चों की संख्या काफी अधिक थी। सभी लोग काफी उत्साहित थे एवं उनके चेहरे पर खुशी के भाव स्पष्ट रूप से झलक रहे थे। मौके पर श्री मुख्तार अहमद ने कहा की हमारा ये छोटा सा प्रयास है की ये सभी ज़रूरतमंद लोग दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना सकें, इसी उद्देश्य के तहत ये वितरण कार्य किया जा रहा है। वहीं वासेपुर के इन समाजिक कार्यकताओं ने मीडिया के माध्यम से समस्त देशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दी।

## दिव्यांगों के सहायतार्थ पहला कदम स्कूल ने लगाया एमपीएल परिसर में दीया बाती स्टॉल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जगजीवन नगर स्थित नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम स्कूल का धनतेरस दीपावली के पूर्व दिव्यांग बच्चों के सहायतार्थ हेतु एमपीएल के परिसर में दीया बाती स्टॉल का उद्घाटन मैथन पावर लिमिटेड, सीएसआर के जीएम मृत्युंजय राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एमपीएल कल्याण माजी, एस चटर्जी, सुजीत कुमार प्रामाणिक, सोमेन कुमार मंडल, आर लकरा, कुंतल मित्रा, काजल सिंह, राजेश जयश्री, शेखर मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, संजय, अजय कुमार, मृतुंजय राय, उपस्थित थे। लगाए गए स्टाल में आकर्षक, खूबसूरत रंग बिरंगी एवं कलात्मक दीया बाती एवं घर के मुख्य द्वार के दर्शनीय झालर थे। आइटम में मिट्टी के बने दिए, कलर्स, मिट्टी के मोम के दिए, डिजाइनिंग दिए, फ्लोटिंग दिए, मोमबत्ती स्टैंड, मोमबत्ती, बच्चों के द्वारा बनाई गई ग्राफ्ट आइटम में तोरण, साइडर, बास्केट, नाइटी और पिलो कवर थे। स्टॉल संचालित करने में पहला कदम की सचिव अनीता एवं पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चे थे।

## गिरिडीह में चोरी कर चलाई जा रही थी बेकरी, बिजली विभाग ने मारा छापा

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह के बुढ़ियाखाद में स्थित बेकरी फैक्ट्री में बिजली विभाग ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने बेकरी संचालक को अवैध तरीके से बिजली का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा। विभाग ने बेकरी संचालक नियाज अहमद के खिलाफ केस दर्ज कराते हुए दो लाख 3 हजार का जुर्माना लगाया। बता दें की पिछले कई माह से बेकरी संचालक द्वारा बिजली चोरी की जा रही थी. इसी क्रम में बिजली विभाग के पदाधिकारियों को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान भी बिजली चोरी कर बेकरी में बिस्कुट समेत कई प्रकार के आईटम तैयार किये जा रहे थे। हालांकि दुकानदार नियाज ने अपने बचाव में कई मनगढ़त कहानी बनायी, लेकिन बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने थाना में आरोपी बेकरी संचालक के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

## लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलिट के द्वारा आदिवासी बच्चों के बीच पटाखे व मिठाई का वितरण




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलिट के द्वारा दीपावली के अवसर पर गंगापुर गांव के 100 आदिवासी बच्चों के बीच पटाखे और मिठाई पैकेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि इस गांव में बहुत ज्यादा गरीबी है, इसलिए हमारा क्लब ने महसूस किया कि दीपावली के अवसर पर इस गांव के बच्चों के बीच पटाखे और मिठाई का वितरण किया जाए, ताकि दीपावली में यह लोग पूरे उल्लास के साथ पर्व को मना पाए। लायन संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस गांव के 6 वर्ष तक के 50 बच्चों को सुभाष पब्लिक स्कूल में बीपीएल कोटा के अंदर जिला प्रशासन के सहयोग से निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। क्लब निदेशक लायन राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ठंड के मौसम को देखते हुए बहुत जल्द क्लब के द्वारा इन बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया जाएगा।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त ने दिए निर्देश

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन पंचायत व दो वार्ड को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जाएगा पुरस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 15 नवंबर से 29 दिसंबर 2023 तक जिले की सभी 256 पंचायत, नगर निगम के 55 वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन आज न्यू टाउन हॉल में सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों को कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शिविर में आने वाले लोगों को आवेदन के साथ अपना निजी फोन नंबर देने की अपील की।

उपायुक्त ने कहा कि पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाने के लिए कार्यक्रम की तिथि से 3 दिन पहले ही जन जागरूकता कार्यक्रम आरंभ करें। संबंधित पंचायत में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। यदि 3:00 बजे के बाद भी लोग मौजूद रहेंगे तब कैंप को बंद नहीं किया जाएगा। कैंप में आने वाले अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने और उसका आवेदन लेने के बाद ही कैंप को बंद किया जाएगा। किसी कैंप में निर्धारित मापदंड से कम आवेदन मिलने पर वहां दोबारा कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर के आवेदनों को 7 दिन में, प्रखंड स्तर को 15 दिन और जिला स्तर की आवेदनों को 21 दिन में निष्पादित करने का दिशा निर्देश प्राप्त है। आवेदन के निष्पादन के लिए पंचायत का रिपोर्ट अनिवार्य है। इसलिए पंचायत स्तर पर शिथिलता नहीं बरतनी है। सभी आवेदनों की समय पर एंट्री और जब तक उसका निष्पादन नहीं हो जाए उसकी समीक्षा करने और प्रथम दिन से ही आवेदन के निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करना है।

कार्यक्रम की अवधि में प्रतिदिन जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से प्रतिनियुक्त कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पीरों के पीर बड़े पीर जश्न ए हजरत गौशुलवरा रअ कॉफ्रेंस आयोजित




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खुदा के फज़्ल से हम पर है साया गौश ए आजम का, हमें दोनों जहां में है सहारा गौश ए आजम का। सेल के जीतपुर कोलियरी में पीरों के पीर बड़े पीर जश्न ए हजरत गौशुलवरा (रअ) कोंफ्रेंस का आगाज सुबह 10 बजे हुआ। हाफिज इसरफिल ने तिलावते कलाम ए पाक की आयत के साथ शुरू की पीरों के पीर बड़े पीर, हजरत गौश पाक (रअ) की पूरी जानकारी दी। कई वाकिया नातो के जरिया पेश किया गया। फातिहा के बाद सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंदों ने हाथ उठा कर दुआएं की ताकि आपसी भाई चारा बनी रहे। मो इस्लाम ने कहा की ये कांफ्रेंस एवं फातिया खानी 2008 से होता आ रहा है। इस कार्यक्रम को हिन्दू मुस्लिम सभी मिलकर करते आ रहे हैं। हम लोग हर वर्ष फातिहा एवं कोलियरी के उत्पादन एवं मजदूर की सुरक्षा के साथ साथ हिंदू मुस्लिम भाईचारा के लिए दुआ मांगते है। प्रत्येक वर्ष की तरह आने वाले लोगो के लिए लंगर का इंतज़ाम किया जाता है। मौके पर काफी संख्या में कर्मचारी से लेकर ठेका मजदूर, अधिकारी, सारे लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनने में मुख्य रूप से महाप्रबंधक बादल मंडल, मो इस्लाम अंसारी, संचिन सिंह, अमरजीत पासवान, सगीर अंसारी, ज़फरूल, नसीम अहमद, फरीद फरीदी, मुनिलाल यादव, सुरेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## जल दिवाली'' के तहत महिला एसएचजी को कराया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का एक्सपोजर विजिट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के निर्देश पर धनबाद नगर निगम द्वारा आज अमृत 2.0 के तहत आयोजित ''जल दिवाली'' कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को भेलाटांड़ स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का एक्सपोज़र विजिट कराया गया। सहायक नगर आयुक्त-सह-नोडल पदाधिकारी प्रसून कौशिक ने बताया कि इस दौरान महिलाओं को शुद्ध पेयजलापूर्ति से पूर्व जल सोधन, जल गुणवत्ता इत्यादि की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं में जलापूर्ति से संबंधित आधारभूत संरचना के प्रति स्वामित्व की भावना विकसित किया गया। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त-सह-नोडल पदाधिकारी प्रसून कौशिक, पर्यवेक्षण पदाधिकारी अमनदीप, कार्नेलुईस मुर्मू, सुमित विवेक तिग्गा, उदय कच्छप एवं अन्य निगम कर्मी उपस्थित रहें।

### विधिक सेवा दिवस पर कानून की अलख जगाने निकले न्यायाधीश

# जानकारी के अभाव में लोग रह जाते हैं अपने अधिकारों से वंचित : न्यायाधीश बारला

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में 3 नवंबर से विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के आदेश पर गुरुवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के दिन बस्ताकोला झरिया स्थित गायत्री मंदिर परिसर में विधिक सेवा शिविर व एनजीओ मां वात्सल्य ट्रस्ट के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद निताशा बारला उपस्थित थे। अपने संबोधन में न्यायाधीश श्रीमती बारला ने कहा कि हर नागरिकों के लिये उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने व जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है।

शिविर में एएसजी अस्पताल द्वारा दर्जनों लोगों के नेत्र की जांच की गई। वहीं दर्जनों लोगों को लेबर कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रदान किया गया। मौके पर बेस्ट पैरा लीगल वालंटियर के रूप में हेमराज चौहान, डीपेंटी गुप्ता, राजेश सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट पैनल अधिवक्ता के रूप में जया कुमारी एवं श्रीनिवास प्रसाद को सम्मानित किया गया। मंडल कारा धनबाद में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीश बारला ने बेस्ट पीएलबी के रूप में शिव शंकर दास को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री से पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** नीतीष कुमार, माननीय मुख्यमंत्री से पटना में आज पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल ने षिष्टाचार मुलाकात की । माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात में महाप्रबंधक महोदय ने बिहार राज्य की महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं, यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े पूर्व मध्य रेल की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराया। महाप्रबंधक द्वारा छठ महापर्व पर यात्री सुविधा, सुरक्षा और सुगम रेल परिचालन के लिए पूर्व मध्य रेल की तैयारियों से भी माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने रेलवे के क्रिया-कलाप, यात्री सुविधा में और सुधार के उपायों तथा रेल विकास आदि से जुड़े विषयों पर माननीय मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया ।

# गिरिडीह विधायक ने अधिकारियों के साथ छठ घाट का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** गुरुवार गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने शहर के सभी छठ घाटों का जायजा लिया द्य इस दौरान उनके साथ झामुमो कार्यकर्ता व जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधी भी शामिल थे। जिसमे एसडीएम विशालदिप खलगो, एसडीपीओ अनिल सिंह, नगर थाना प्रभारी भिखारी राम, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान समेत अन्य अधिकारी थे। वही दौरे के क्रम में उन्होंने स्थानीय लोगों से छठ घाट में व्याप्त समस्याओं के बारे में जाना व प्रशासनिक अधिकारियों को समाधान करने का निर्देश दिया । मौके पर विधायक प्रतिनिधी सह पार्टी जिलाध्यक्ष संजय सिंह, नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह, गिरिडीह जिला साउंड एसोसिएशन के अध्यक्ष रामजी प्रसाद यादव, संवेदक संघ के अध्यक्ष विकास सिन्हा आदि मौजूद थे।

# असर्फी कैंसर संस्थान द्वारा कैंसर जागरुकता शिविर का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आज के समय में कैंसर एक भयावह बिमारी बन चुका है। धनबाद का एकमात्र असर्फी कैंसर संस्थान, कैंसर जैसे गंभीर बिमारी से लड़ने के लिए अथवा कैंसर रोग से ग्रषित मरीज़ो के इलाज़ के साथ साथ लोगो को जागरूक करने के लिए बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान कर रहा है। इसी जागरूकता के तहत एसीसी क्लब, सिंदरी में असर्फी कैंसर संस्थान के द्वारा कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यतः कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ बिप्लब मिश्रा एवं डॉ रमेश कुमार ने लोगो को जागरूक किया। उन्होने बताया की कैंसर जैसी जानलेवा बिमारी के प्रति लोगो को जागरूक होना बहुत ही ज़रूरी है। कैंसर के लिए खराब या अनियमित जीवनशैली एवं खानपान को मुख्य कारण बताया। वही उन्होंने बताया की पुरुषो में आमतौर पर ओरल और लंग्स कैंसर की संख्या ज़्यादा है। वहीं महिलाओ में स्तन कैंसर की संख्या अधिक है। विशेषज्ञों का कहना था की चाहे किसी भी प्रकार का कैंसर रोग हो, उसके लिए जल्द जांच और इलाज महत्वपूर्ण है। कैंसर रोग के इलाज के लिए रोग के स्टेज का पता होना बहुत ही आवश्यक है। शुरुआती चरणों में कैंसर रोग का इलाज़ संभव होने के साथ साथ मरीज़ के जीवित रहने की संभावनाएं बहुत ही अधिक हो जाती है। कहा की असर्फी कैंसर संस्थान में सभी प्रकार के कैंसर के समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध है। शिविर में असर्फी कैंसर संस्थान के कैंसर रोग विशेषज्ञों के साथ वाईस प्रेसिडेंट सुभांशु रॉय, कॉर्पोरटे हेड संतोष सिंह, नीलिमा, गंगेश एवं एसीसी की ए.एम. डॉ रश्मि, निभा, निधि सिन्हा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## हाथों-हाथ मजदूरों मिलने से मजदूरों में हर्ष : विकास सिंह



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोगता 15 नंबर में असंगठित मजदूरों की एक बैठक गुरुवार को शंभू तूरी की अध्यक्षता में हुई। जिसमे मुख्य रूप से असंगठित मजदूरों के नेता एवं कतरास नगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विकास सिंह उपस्थित थे। विकास सिंह ने कहा कि सभी लोगों के अथक प्रयास से मजदूरों का मजदूरी भुगतान साथ ही साथ कर दिया जा रहा है। सभी लोग बधाई के पात्र है। अब सिजुआ क्षेत्र के सभी मजदूरों से अपील करता हूं की पूजा बाद जोगता साइडिंग में भी बकाया मजदूरी भुगतान के लिए आरङ्कपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। किसी भी हाल में मजदूर हित से समझौता नहीं किया जायेगा। मौके पर कृष्णा राम, हलीम अंसारी, छोटू अंसारी, लाल बहादुर पासवान, फुलेश्वर तूरी, दुलारी देवी, ललन, दुखनी, शांति आदि लोग उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य कुष्ठ कल्याण समिति का रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** संपूर्ण झारखंड राज्य में 56 कुष्ठ ग्रसित कॉलोनीया है, एवं सिर्फ धनबाद जिले में 20 कॉलोनी है। जहां पर पानी, बिजली आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं है। इसे लेकर गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना दिया गया तथा कुष्ठ पीड़ितों द्वारा निम्नलिखित मांग पत्र प्रस्तुत किया गया। 1. झारखंड राज्य के सभी प्रकार के पेंशन को 1000 रुपया प्रति माह से बढ़ाकर 3500 रुपया प्रति माह किया जाए। 2. झारखंड राज्य के सभी कुष्ठ परिवारों को जो कुष्ठ कॉलोनी में रहते हैं, जिनके पास जमीन नहीं है उन्हें प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराया जाए। 3. धनबाद जिला में बरमसिया कुष्ठ कॉलोनी निवासियों का डोकरा मौजा में मिले जमीन पर चार दिवारी एवं आवास का निर्माण अविलंब शुरू किया जाए एवं जिला के 12 कुष्ठ कॉलोनी में 380 परिवार जो अनि प्रभावित क्षेत्रों में बसी हुई है, उन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा आवास मुहैया किया जाए। 4. राज्य में कुष्ठ प्रसित परिवारों के शिक्षित युवकों एवं युक्तियों को सरकारी नोकरी में आरक्षण का प्रावधान हो। 5. राज्य में कुष्ठ ग्रसित परिवार जो कुष्ठ कॉलोनी में रहते हैं उनके बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनता है, प्रमाण पत्र बनाने का प्रबंध किया जाए।

समिति के मुख्य संरक्षक डॉ. विनोद कुमार मंडल ने यह व्यक्त किया कि एक कुष्ठ रोगी जो अपनों से एवं समाज से बहिष्कृत हैं, इन्हें प्रतिदिन तिरस्कार झेलना पड़ता है इनके पांच सूत्री मांगों को सरकार यथा शीघ्र समाधान करना चाहिए। जिला के उपाध्यक्ष महेंद्र राय एवं सचिव सीताराम साह कुष्ठ रोगियों की मांग पूर्ति को यथाशीघ्र समाधान पर जोर दिया।

समिति की संरक्षक नित्यानंद केसरी ने कहा कि यदि मांगों की पूर्ति नहीं होती है तो इस आंदोलन को राज्य स्तर पर ले जाएंगे। जहां पर राज्य के 56 कुष्ठ कॉलोनी के कुष्ठ रोगी रांची मुख्यालय पहुंचेंगे।

# कोयला चोरी का बीसीसीएल और सीएमडी की सीबीआई से जांच कराएं : ब्रजेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने धनबाद में कथित कोयला चोरी के लिए केंद्र सरकार से सीबीआई जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आज स्थानीय सांसद और विधायक ने धरना पर बैठ कर यह आरोप लगाया है की धनबाद में 50000 करोड़ रुपए की कोयले की लूट हुई है। अगर सचमुच में कोयले की लूट हुई है तो भारत कोकिंग कोल के सीएमडी बताएं की 50 हजार करोड़ कि कोयले की कहां-कहां से लूट हुई है। अगर उनको उसकी जानकारी में है तो वह बताएं की किस-किस कोलियरियों से कितने कितने हजार करोड़ के कोयले की चोरी हुई है और उन्होंने अभी तक क्या कार्रवाई किया है। सीआईएसएफ के ऊपर केंद्र सरकार कई सौ करोड़ रुपए सुरक्षा और कोयले की सुरक्षा के लिए खर्च करती है। केंद्र सरकार ने अब तक क्या क्या कार्रवाई की है। केवल राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि कोयला विभाग केंद्र सरकार के अधीन है और कोयला मंत्री हाल में ही धनबाद का दौरा कर के गए हैं। लेकिन उन्होंने एक शब्द नहीं कहा कि भारत कॉकिंग कोल लिमिटेड का इतना कोयला चोरी हुआ है।

## विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पीएलबी व अधिवक्ता हुए सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार आज के दिन यानी 9 नवंबर को पूरे देश में विधिक सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा भी आज सिविल कोर्ट परिसर स्थित डालसा सभागार में विधिक सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े हुए पीएलबी, पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थ, स्थाई लोक अदालत के सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आज का कार्यक्रम में पीएलवी जितेंद्र उरांव, शाहिद हुसैन, मंजू खाखा, पुन्नू देवी, नेमहंती मिंज, छाया देवी, रोहित तमेडा, हफीजुल अंसारी,अफान खान,जीत नारायण शाही,देवमणि कुमारी, सीमा कुमारी, इजहार अहमद एवं गौतम लेनिन ने अपने अनुभवों को साझा किया। मध्यस्थ नसीम अंसारी एवं युगल किशोर प्रसाद ने भी मध्यस्थ के रूप में अपने अनुभवों को रखा। स्थाई लोक अदालत के सदस्य स्मिता सिंह एवं अध्यक्ष शिवकुमार ने भी स्थाई लोक अदालत के कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। एलएडीसीएस के अधिवक्ता नारायण साहू ने भी अभियुक्त के बचाव पक्ष के रूप में किये जा रहे कार्यों को अन्य सदस्यों के सामने रखा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाहिद हुसैन को वर्ष 2023 का सर्वश्रेष्ठ पीएलवी घोषित किया गया। वहीं पैनल अधिवक्ता के रूप में लाल धर्मेंद्र देव एवं सीपी पाठक को वर्ष 2023 का उत्कृष्ट अधिवक्ता घोषित किया गया। उन्हें डालसा अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र तथा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम के साथ ही साथ एक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें डालसा द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को रेखांकित किया गया था। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल ने किया। उनके साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर चंदन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पूजा कुमारी लाल, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष शिवकुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गौतम लेनिन के द्वारा किया गया। विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उपस्थित न्यायाधीशों ने भी अपने-अपने विचार रखे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि मोटर दुर्घटना के मामलों में और भी जन जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। क्योंकि प्रत्येक साल दुर्घटना की दर एवं इससे होने वाले मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। इससे पूर्व कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशों ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर किया। आज के कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता मिले वाहन मालिकों से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**सिमडेगा :** 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री जी के खूंटी में होने वाले विशाल सभा मे भाग लेने के निमित्त वाहन व्यवस्था हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय में बैठक कर चर्चा की एवं बस स्टैंड जाकर बस मालिकों एवं एजेंटों से सहयोग करने की अपील की। गौरतलब है कि 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री मोदी जी का आगमन भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल उलिहातू खूंटी में हो रहा है जहाँ वे भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद खूंटी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे साथ ही झारखंड राज्य राज्य को अनेक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री जी के दौरे से भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित है जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की 100 से अधिक वाहनों में हजारों कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है मौके पर भोला साहू दिपक पूरी अनुप प्रसाद संजय ठाकुर अनुप प्रसाद राकेश रविकांत रवि गुप्ता श्रीलाल साहु संजय शर्मा नरेंद्र बड़ाईक कामेश्वर सिंह नवीन सिंह सुभाष महतो मौजूद थे।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू की धर्मपत्नी के निधन पर भाजपाइयों में शोक की लहर



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू की धर्मपत्नी राखी देवी का रात्रि में इलाज के दौरान आकस्मिक स्वर्गवास हो गयी। इस दुःख के घड़ी में भाजपा जिला लोहरदगा के द्वारा दिवगंत पुण्य आत्मा को शांति,परिवारजनों पीड़ा सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना, एवं शोक प्रकट किया। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उराँव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराँव, पूर्व विधायक सधनू भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु, बजरंग उरांव, हर्ष नाथ महतो, सूरजमोहन साहू समेला भगत, नीरज कुमार नलिन, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, राजू रजक, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, मीणा बाखला,सरोज प्रजापति, भारती सिन्हा, अजय पंकज, अजय मित्तल, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, विश्वजीत शाहदेव, ओम प्रकाश गुप्ता,मनी रतन भगत,राम किशोर शुक्ला, परमेश्वर उराँव, भूषण प्रसाद, अमरेश भारती, सूरज कुमार दसोंधि, विवेक सोनी, सुदामा प्रसाद, मुकेश साहू, लखन उरांव, मोहन साहू, विशेश्वर दीन, राजकिशोर साहू, राजू शर्मा, कैलाश साहू, विश्वजीत भारती, कपिन्द्र महतो, भरत नगेशिया, मनिष शिखर, सजल कुमार, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, नासिर हुसैन, कलावती देवी, बाल्मीकि कुमार, पवन कुमार, राजेश प्रसाद, राजेश महतो, मिथुन तमेड़ा, अनूप कुमार वर्मा, अनंत महतो सहित अन्य शामिल है।

## अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने आगामी चुनाव को लेकर बूथों का किया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आगामी 2024 का चुनाव के मद्देनजर निर्वाचक पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने बूथ का निरीक्षण किया। बूथ निरीक्षण के दौरन निर्वाचक पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत बूथ संख्या 29 प्राथमिक विद्यालय जमीरा और बूथ संख्या 30 प्राथमिक विद्यालय झखरा का निरीक्षण के क्रम में बूथ में मतदाताओं को असुविधा न हो जिसके लिये रैंप, बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही बीएलओ सोनिया उराँव और सलिखा खातुन को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की मृत मतदाताओं का सूची से नाम हटाने के लिये फॉर्म 7 को भरकर बीएलओ पर्यवेक्षक के माध्यम से कार्यालय में ससमय प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के उपरान्त श्री तिवारी ने कहा की बूथ स्तर पर सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध मतदाताओं को मतदान के दिन असुविधा महसूस नही होगी। मौके पर पर्यवेक्षक मदसर हुसैन, बीएलओ सोनिया उराँव, सलिखा खातुन उपस्थित थे।

## प्रवासी मजदूर प्रोजेक्ट का डब्ल्यू एच एच ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लिड्स संस्था के द्वारा संचालित प्रवासी मजदूर मजदूर प्रोजेक्ट को लेकर एक दिवसीय निरिक्षण डब्ल्यू एच एच के इंडिया प्रोग्राम मैनेजर बिजय राय के द्वारा किया गया और मार्गदर्शक किया गया, निरिक्षण के दौरान सबसे पहले हमलोग सिमडेगा जिला के ठेठई टांगर प्रखंड के जम्पनी में लाभुक भूषण करकेट्टा के यहां नया धान कुटाई मशीन को देखे और बातचीत कर बिजनेस मॉडल का जानकारी दिया गया फिर केरिया पंचायत में मुखिया कृष दानी, वार्ड मेंबर्स और अन्य लाभुक जैसे मत्स्य ट्रेनिंग लिए हुए लोगों से मुलाक़ात कर बातचीत किये सभी ने अपना अपना अनुभव को साझा किये साथ ही दो आम बागवानी भी देखे उसके बाद सिमडेगा में एक स्किल सेंटर सक्षम झारखण्ड में बच्चों के साथ मिलकर उनका अनुभव की जानकारी लिए और सेंटर इंचार्ज महेंद्र कुमार के द्वारा सेंटर की जानकारी दिया गया, इस प्रोग्राम में रांची से रंजीत भेंगरा, अनुराग कुजूर, प्रकाश कुमार, तिथि और सिमडेगा से संजय ग्वाला और आसित करकेटा संयुक्त रूप से उपस्थित थे।

## मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण एवं गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नदिया के ग्रामीणों की शिकायत पर आज लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत लोहरदगा सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खालको के साथ नादिया ग्राम में 51 करोड़ की लागत से बना रहे सौ शैययू क्रिटिकल केयर बिल्डिंग, डॉक्टर, नर्स क्वार्टर जो बनाया जा रहा है उसका साइट पहुंचकर वहां के कार्यों का निरीक्षण किये यह भवन झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के द्वारा बनाया जा रहा है जिसका संवेदक राज कंस्ट्रक्शन गढ़वा है। साइट पहुंचने पर सुखदेव भगत ने पाया कि भवन का निर्माण काफी घटिया और एस्टीमेट के विपरीत हुआ है। साइड में योजनाओं से संबंधित कोई बोर्ड लगा हुआ नहीं है जिसमें प्राक्कलन की राशि तथा योजना पूर्ण करने की तिथि समेत योजना से संबंधित अनेक जानकारी उपलब्ध रहती है। मौके पर श्री भगत ने पाया कि मजदूरों की सुरक्षा हेतु मजदूरों को सेफ्टी बेल्ट तथा हेलमेट जो दिया जाता है वह मजदूरों को नहीं मिला है। श्री भगत ने वहां पर उपस्थित मजदूरों से पूछा कि प्रत्येक दिन कितना भुगतान होता है महिला मजदूरों ने बताया कि 300 तथा पुरुषों ने बताया कि 400 मिलता है जबकि सभी मजदूरों को सरकारी दर 421 रुपया से भुगतान करना है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें सादा पेपर में हस्ताक्षर कर लिया जाता है। यह मजदूर विगत 9-10 महीना से काम कर रहे हैं।

## अवैध पत्थर लदा एक ट्रैक्टर जब्त खनन अधिनियम के तहत होगी कारवाई



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध पत्थर ढुलाई के विरुद्ध खनन विभाग के निर्देश पर गस्ती के दौरान अवैध पत्थर लदा एक ट्रैक्टर को जोगना मोड़ के समीप से गस्ती दल के द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। वही बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देख गाड़ी छोड़ भाग गया। जिसपर पुलिस को संदेह होने पर बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जिस पर पत्थर लदा देख जब्त किया गया। तो वही वाहन मालिक से वाहन एवं खनिज संपदा संबंधित कागजात प्रस्तुत करने के लिये ट्रैक्टर मालिक को सूचनार्थ किया गया। परन्तु वाहन मालिक द्वारा कागजात नही प्रस्तुत करने पर और रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही होने के कारण खनन अधिनियम के तहत नियम संगत कारवाई किया जाएगा। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध कारवाई हेतु खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है।

## अवैध बालू उठाव पर संयुक्त रूप से रोक लगाने पर प्रशासन ने किया पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र से अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला पर अंचल व खनन विभाग के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा लगतार कारवाई के बाबजूद अवैध बालू उठाव एवं परिवहन रुकने का नाम नही ले रहा है। वहीं अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी अभिनव कुमार अवैध बालू ढुलाई पर शिकंजा कसने के लिये नया तरकीब अपनाते हुए कार्य आरम्भ कर दिया गया है। विदित हो कि कोयल नदी तट के समीप सभी बालू घाटों पर जेसीबी मशीन से गढ़ा खुदाई कराया गया है। जिससे अवैध बालू उठाव पर रोक लगाते हुए विभाग को हो रहे राजस्व क्षति को बचाया जा सके। गढ़ा खोदाई का कार्य डांडू मादा बालू घाट से प्रारम्भ किया गया है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया की अंचल क्षेत्र में जहां जहां से बालू का उठाव अवैध रूप से किया जा रहा है। उन सभी घाट में नदी तट पर जेसीबी से इसी प्रकार गढ़ा खुदाई किया जाएगा वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने ट्रैक्टर मालिक एवं चालक को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन द्वारा किया गया गढ़े खुदाई को किसी जेसीबी या अन्य उपकरण के सहयोग से भरने का कार्य किया जाएगा तो उन लोगो पर भी विभाग के कार्य मे हस्तक्षेप करने के आरोप पर नियम संगत कानूनी कारवाई प्रशासन द्वारा किया जाएगा। गढ़ा खुदाई के दौरान सीओ राकेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अभिनव कुमार शस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

## शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का रिफ्रेशर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के क्रम में मुख्य रूप से प्रशिक्षक अवधेश यादव, सूर्यकांत भगत, और अशोक भगत के द्वारा गणित में टीएम का उपयोग, संख्या ज्ञान सीखने का प्रतिफल, गणित सीखने में बच्चों का आकलन, हमारी कक्षा कैसी हो, लिखित तथा समृद्ध माहौल के माध्यम से बच्चों का शिक्षण गतिविधि किस प्रकार किया जा सकता है। उस पर समझ बनाने के कार्य में प्रशिक्षण के माध्यम से विस्तारपूर्वक उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को जानकारी दिया गया। वही प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य रूप से सिनी टाटा ट्रस्टस के सदस्यों द्वारा सहयोग किया गया। मौके पर प्रशिक्षण में प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन, सिनी टाटा ट्रस्टस के सहयोगकर्ता तरुण कुमार, सीमा श्वेता टोपनो, उदय नारायण सिंह, प्रकाश भगत, उदित कुमार, प्रवीण यादव, रूबी कुजूर, जैनुल अंसारी, संतोष भगत, नवनीत गौड़, पुष्पा बाखला, जयराम उरांव, अनिल राम सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

सामाजिक अंकेक्षण की टीम पर अवैध उगाही का आरोप

## ऑडिट के नाम पर मांगे पैसे, नही देने पर विद्यालय में खामियों की लगा दी बौछार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** जिले के कुडू प्रखण्ड अंतर्गत मकान्दू उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कर्बला नावाटोली में सामाजिक अंकेक्षण में पहुंची टीम द्वारा शिक्षकों से ऑडिट के नाम पर अवैध उगाही का मामला सामने आया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रजाउर रहमान ने अंकेक्षनकर्ता द्वारा दो हज़ार रु मांग करने साथ ही पैसे नही देने पर विद्यालय के कार्य में बाधा उत्पन्न करने का गम्भीर आरोप लगाते हुए शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को आवेदन देकर अपने विद्यालय का सामाजिक अंकेक्षण कराने का आग्रह किया है। अपने आवेदन में प्रधानाध्यापक लिखा है कि 22 अगस्त को सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया में पहुंची अंकेक्षण कर्ता सरस्वती देवी एवं उनके साथ आये लोगों ने दो हज़ार की मांग की। और कहा कि हमलोग जिस विद्यालय में जाते है दो हजार मिलता है पैसे देने से मेरे द्वारा इनकार करने पर विद्यालय उपलब्ध चीजो को भी नही होना या कमी दिखा दिया गया। ततपश्चात 7 नवंबर को बीआरसी भवन में सामाजिक अंकेक्षण की सुनवाई के दौरान मेरे द्वारा शिक्षकों से पैसों की मांग का विरोध करने पर सरस्वती देवी भड़क गई और मेरे विद्यालय का समजिक अंकेक्षण रोक दिया।

## 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाले आपके द्वार कार्यक्रम से जनता लाभ उठाएं : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य सह खिजरी विधानसभा के एलडीएम कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड के इंडिया सरकार एक संवेदनशील सरकार है जनता के हित में पुनः आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ कर रही है जिसमें जनता का समाधान ऑन द सपोर्ट किया जाएगा। जनता को इसका लाभ उठाना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित होगा जिसके जरिए लोगो को के बीच विभिन्न लाभोऔर परिसंपत्तियों का वितरण होगा। जाति प्रमाण पत्रों का वितरण, साइकिल के लिए राशि देना, कंबल वितरण करना आदि सभी लाभ ऑन द स्पोर्ट्स दिए जाएंगे। शिविर में ऑन द सपोर्ट शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। आवेदनों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ऑन द स्पोर्ट्स निवारण करते हुए समाधान निष्पादन कागजात के साथ आवेदक की तस्वीर पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा ।आवेदनों को प्राप्ति तथा ऑन द स्पोर्ट्स लाभों के वितरण की जानकारी भी पोर्टल में अपडेट करना अनिवार्य होगा। ऑन द स्पोर्ट्स राजस्व अभिलेख में संशोधन,परिमार्जन आय जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। आधार राशन कार्ड में संशोधन बिजली बिल से संबंधित शिकायत इस श्रेणी के तहत लोगों को शिकायतें शिविर में दर्ज की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी शिकायतों का समाधान उसी दिन किया जाएगा यदि किसी कारण उसे दिन इस श्रेणी का शिकायत का समाधान नहीं हो पता है तो आवेदन को लंबित माना जाएगा साथ ही शिविर समाप्त होने के सात दिनों के अंदर उसे मामला का निष्पादन करना होगा सरकार इस आवेदनों का ट्रैकिंग भी करायेगी।

## छठ पूजा को लेकर बैठक, नई समिति का हुआ विस्तार, अध्यक्ष बने जितेंद्र कुमार साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेरेंगहातू तोड़ार शिव मंदिर प्रांगण में छठ पूजा को लेकर एक अहम बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता दिनेश साहू,राजू साहू द्वारा किया गया। हर वर्ष की भाति इस बार भी धूमधाम से विधिवत पूजा करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी सदस्यों के सहमति से नए कमेटी का गठन किया गया। समिति के द्वारा जितेंद्र कुमार साहू को अध्यक्ष, रमेश साहू को महामंत्री, नरेश साहू उर्फ (शिबू) को कार्यकारणी अध्यक्ष व प्रदीप साहू को कोषाध्यक्ष, आदित्य कुमार साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया। जिसमें नई कमेटी द्वारा पदाधिकारियों का चयन किया गया। सह कोषाध्यक्ष–अरुण साहू, ललित यादव, सचिव– महेश साहू, सह सचिव–नीरज साहू, राहुल महली, कार्यकारिणी सदस्य–विनय प्रजापति, बलि साहू, अशोक साहू, सावन यादव, मदन मोहन साहू, सूरज साहू, उमेश साहू, अजय साहू, गोलू सहदेव, नवनीत प्रजापति, मुकेश साहू को बनाया गया। बैठक में आजीवन संरक्षक–बलराम साहू, संरक्षक–तेजु साहू, जागेश्वर साहू, संजय प्रजापति, मनोज साहू, काली साहू, महेंद्र महतो, पंकज महतो, राज्यसभा सांसद धीरज साहू, अजय सोनी, राजीव रंजन, सुनील अग्रवाल, शिवदयाल साहू, प्रवीण ठाकुर,डॉ. शंभू नाथ चौधरी, डॉ.गणेश प्रसाद, डॉ. टी साहू, ललित महतो, राजेश महतो, मथुरा महतो, नीरज जयसवाल, अशोक साहू, गौतम देव, नितिन जयसवाल, सुनील अग्रवाल, रोहित साहू, रितेश साहू, अजय पंकज, राम कुमार लोहरा, चमरू उरांव, मिथुन तमेंरा, इंदरजीत लकड़ा (संतोष), राजेश सिंघल, दीपू अग्रवाल, प्रदुमन लाल, मुंगेश्वर साहू, रामकेश्वर, श्याम साहू, इंदर यादव, विशेश्वर साहू, प्रदुमन लाल, सुबोध प्रजापति, सुनील उरांव, चरकू उरांव, सूरज उरांव, मोनू उरांव, परशु पहान, मीडिया सह प्रभारी-बलेसर साहू, कौशल मित्तल, राहुल यादव को बनाया गया।

## ग्रामीणों की चयनित स्थल पर ही धूमकुड़िया भवन का होगा निर्माण : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के ग्राम डुमरी के दर्जनों ग्रामीण गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर कल्याण विभाग के द्वारा डुमरी गांव में बनने वाले धुमकुड़िया भवन का स्थान परिवर्तन करने का आग्रह किये। ग्रामीणों ने श्री भगत को बताया कि गांव में धूमकुड़िया भवन का निर्माण होना है लेकिन जिस जगह धुमकुड़िया भवन का स्थल चयन किया गया है उसका लाभ यहां के ग्रामीणों को नहीं मिलेगा। पूरे गांव की जनता चाहती है कि धुमकुड़िया भवन कजलोटा पूजा स्थल के पास बनने से पूरा गांव को फायदा होगा। मौके पर सुखदेव भगत ने ग्रामीणों से कहा कि योजना गांव की जनता के लिए होता है। योजना से गांव के लोगो को फायदा नहीं होगा तो ऐसा योजना बनाने का क्या औचित्य। आप लोग जहां धुमकुड़िया भवन बनाना चाहते हैं उसी स्थल पर धुमकुड़िया भवन का निर्माण कराया जाएगा। झारखंड सरकार पूरे राज्य में व्यापक स्तर पर आदिवासियों के धार्मिक स्थल अखड़ा, सरना स्थल घेराव, मसना घेराव, धुमकुड़िया भवन का निर्माण कर रही है। श्री भगत तुरंत ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम से मुलाकात कर ग्रामीणों की हित में डुमरी गांव में बनने वाले धूमकुड़िया भवन का निर्माण कजलोटा पूजा स्थल के पास कराने की बात किये। कल्याण पदाधिकारी ने श्री भगत को आश्वासन दिया कि जिस स्थल में ग्रामीण धुमकुड़िया भवन का निर्माण कराना चाहती है उसी स्थान पर धुमकुड़िया भवन का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, कार्तिक उरांव, अबी उराव, फूलचंद उरांव, महेंद्र उरांव, विमल उरांव, ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव, सुरेश उरांव, बोगे उरांव, संजय उरांव, सोमरा उरांव, बृजमोहन उरांव सहित राजी पड़हा प्रार्थना सभा के काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## राज्य में जाति आधारित जनगणना की जरूरत : सुदेश कुमार महतो

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में गुरुवार को मंजूरमति उच्च विद्यालय महादेव आश्रम में आयोजित जॉब ओरिएंटेड कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे आजसू सुप्रीमो सह पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य में जाति आधारित जनगणना की जरूरत है, तभी यहां के लोगों का उत्थान संभव है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती पर उनके जन्म स्थली उलिहातू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन राज्य के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री ने जनजातीय समुदाय को गौरव का एहसास कराने का काम किया है। जनजातीय गौरव दिवस पर उलिहातू में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर झारखंड के विकास पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जॉब ओरिएंटेड एजुकेशनल प्रोग्राम में सुदेश कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## चलते चलते एक नजर

### सीमा सुरक्षा को लेकर भारत और नेपाल के अधिकारियों ने की बैठक




**नई दिल्ली** : भारत और नेपाल के अधिकारियों ने दिल्ली में सीमा सुरक्षा को लेकर गुरुवार को चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारी मौजूद रहे।गृह मंत्रालय ने कहा कि बैठक के दौरान सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाने, हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के साथ-साथ खुली और बिना बाड़ वाली भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी आदि से निपटने पर जोर दिया गया। बैठक में दोनों देशों के बीच यात्रा करने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो, इस मुद्दे पर भी चर्चा हुई। गृह मंत्रालय का कहना है कि बैठक के दौरान भारत-नेपाल सीमा से संबंधित सुरक्षा परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने सर्वसम्मति से दोनों सुरक्षा बलों के बीच समन्वय और सहयोग को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त उपाय लागू करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि आज सशस्त्र सीमा बल, भारत और सशस्त्र प्रहरी बल, नेपाल के बीच 7वीं वार्षिक समन्वय बैठक दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। इस दौरान दोनों देशों ने सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की महानिदेशक रश्मि शुक्ला के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में एसएसबी, गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे जबकि राजू आर्यल, महानिरीक्षक, एपीएफ के नेतृत्व में नेपाली प्रतिनिधिमंडल में एपीएफ, नेपाल पुलिस, राष्ट्रीय जांच विभाग, नेपाल और दिल्ली में नेपाल दूतावास के प्रतिनिधि शामिल थे।

### सम्मान समारोह एवं उलगुलान सभा का हुआ आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड आंदोलनकारी का जो समय शेष है वही विशेष है , लड़ें थे और आज भी लड़ेंगे का संदेश देते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में बहू बाजार प्रांगण में झारखंड आंदोलनकारी का सम्मान समारोह एवं उलगुलान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा का संयोजक इज़हार राही ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के पूर्व सदस्य ने कहा कि राज्य सरकार एक-एक आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान देकर सम्मानित करें। आंदोलनकारियों से ही संपूर्ण राज्य की पहचान है राज्य का सम्मान है। इसलिए राज्य सरकार आंदोलनकारी को पूर्ण सम्मानित सम्मान दे। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि बेहतर झारखंड बनने के लिए झारखंड आंदोलनकारियों को एकताबाद होकर संघर्ष करना होगा।इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी मोहम्मद फैजी, इमरान अंसारी, रवि नदी, जुबैर एहमद,जितेंद्र सिंह, रामनाथ मेहता, शिव शंकर मेहता, जबीउल्लाह अंसारी ,सरोजिनी कछप, पुष्पा बरदेवा, मनोज कुमार महतो, अनीता कच्छप, अंतू तिर्की, विल्सन लकड़ा, बाहा कछप ,अनिल उरांव, जमील खान, पूरन सिंह, प्रभु रवानी, मोहम्मद फैज़, सुरेंद्र कुमार गुप्ता अलीम अंसारी संजीव रंजन भीमसेन संगा, लालू मुंडा, मनोज पासवान, निगार सुलताना , पूरण प्रसाद सिंह, प्रभु रवानी,इबादत अंसारी, एल के सोनी पप्पू आलम, हरिदास गुप्ता ,अनवर खान,पूर्ण, सहित बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी उपस्थित हुए जिन्हें मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# राज्य में पर्व-त्योहार पर पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने पटाखे फोड़ने का समय तय किया है। दीपावली पर्व पर रात 8-10 तक पटाखे चलाने की इजाजत होगी। छठ में सुबह छह से आठ बजे तक ही ऐसा संभव होगा। क्रिसमस और नव वर्ष के दिन मध्य रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक पटाखे दागे जा सकते हैं। सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी, नई दिल्ली) ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में आदेश जारी कर रखा है। इसके आधार पर प्रदूषण नियंत्रण परिषद अपनी शक्तियों का उपयोग करेगा। ऐसे में जरूरी है कि दीपावली के दिन लोग शाम के आठ बजे से रात 10 बजे तक ही पटाखे फोड़ें। इसके अलावा छठ, क्रिसमस, नव वर्ष आदि त्योहारों के समय भी पटाखे मात्र दो घंटे चलाए जाएंगे। इस निर्देश के उल्लंघन पर आईसीसी की धारा 188 एवं वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण एक्ट 1981 की धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधि सम्मत कार्रवाई जिले के डीसी स्तर से की जाएगी। परिषद के मुताबिक झारखंड के सभी जिलों के शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता स्तर इस वर्ष अच्छी या संतोषप्रद स्थिति में है। ऐसे में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिहाज से ऐसे ही पटाखों की बिक्री यहां होगी जिनकी ध्वनि सीमा 125 डीबी (ए) से कम हो।

## मुख्यमंत्री को प्रकाश उत्सव में शामिल होने का दिया न्योता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 27 नवंबर को गुरु नानक के 554वें प्रकाश उत्सव पर गुरु नानक स्कूल, पीपी कंपाउंड रांची में विशेष दीवान सजेगा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ज्योति सिंह मथारू, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव गगनदीप सिंह शेट्टी, रणजीत सिंह हैप्पी, परमजीत सिंह टिंकू, तलविंदर सिंह, सरनजीत सिंह , राजदीप सिंह, नवजोत सिंह अलंग, हरविंदर सिंह, त्रिलोचन सिंह, ऋषि छाबड़ा, केशर सिंह और तजिंदर सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## घर-घर खोजे जाएंगे टीबी के मरीज, उत्तर प्रदेश में 23 नवंबर से चलेगा अभियान




एजेंसी

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को साकार करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत योगी सरकार प्रदेश में 23 नवंबर से पांच दिसंबर तक विशेष अभियान चलाकर घर-घर टीबी मरीजों की खोज करवाएगी। हर जिले की 20 प्रतिशत शहरी, ग्रामीण बस्ती और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के लिए माइक्रोप्लान तैयार कर घर-घर स्क्रीनिंग की योजना है। स्क्रीनिंग के बाद संभावित मरीजों के बलगम और अन्य जरूरी जांच की जाएगी। पॉजिटिव पाए जाने पर तुरंत इलाज शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने इस बारे में सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। अभियान में अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार, चिन्हित स्थलों जैसे- सब्जी मंडी, फल मंडी, लेबर मार्केट, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट, ईंट भट्ठे, स्टोन क्रेशर, खदानों, साप्ताहिक बाजार आदि को भी शामिल किया गया है। टीबी को खत्म करने के लिए जांच का दायरा बढ़ाना और शीघ्र इलाज शुरू करना बहुत जरूरी है। टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के ब्लड शुगर, यूडीएसटी और एचआईवी की भी जांच करायी जाएगी और उनका विवरण निक्षय पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। टीबी मरीजों को इलाज के दौरान सही पोषण के लिए हर माह 500 रुपये दिए जाते हैं। इसके अलावा निक्षय मित्र से भी संबद्ध किया जाता है, ताकि इलाज के दौरान उन्हें पोषण पोटली मिलने के साथ ही भावनात्मक सहयोग भी मिल सके।संयुक्त निदेशक (क्षय)/राज्य क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर के मुताबिक अगर दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी आ रही है, बुखार बना रहता है, वजन घट रहा है, भूख नहीं लगती तो टीबी की जांच अवश्य कराएं।

## विश्व कप में न्यूजीलैंड की विशाल जीत




एजेंसी

**नई दिल्ली** : न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को हराकर वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया. इस जीत से न्यूजीलैंड के पॉइंट टेबल में 10 अंक हो गए हैं. कीवी टीम का रनरेट भी बेहद शानदार है.न्यूजीलैंड और श्रीलंका का मुकाबला गुरुवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया.सेमीफाइनल के लिए अदद जीत की तलाश में उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने श्रीलंका को महज 171 रन पर ऑलआउट कर दिया.टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरे श्रीलंका के लिए कप्तान कुसल मेंडिस अकेले बैटर रहे, जिन्होंने 50 रन का आंकड़ा पार किया. उन्होंने 28 गेंद पर 51 रन की खूबसूरत पारी खेली. कुसल ने अपनी पारी में 9 चौके और 2 छक्के जमाए. कुसल के अलावा सिर्फ तीक्ष्णा ही ऐसे बैटर रहे, जो 20 की रनसंख्या पार कर सके. तीक्ष्णा ने 91 गेंद पर 38 रन बनाए.गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की अगुवाई ट्रेंट बोल्ट ने की. बोल्ट ने अपने स्पेल में 3 मेडन ओवर फेंके और 3 विकेट भी झटके. मिचेल सैंटनर, लॉकी फर्ग्युसन और रचिन रवींद्र ने 2-2 विकेट लिए. एक विकेट टिम साउदी ने अपने नाम किया.172 रन का लक्ष्य कभी भी मुश्किल नहीं माना जाता. न्यूजीलैंड के बैटर्स ने इसे मुश्किल लगने भी नहीं दिया. गेंदबाजों के बेहतरीन आगाज को बैटर्स ने सही अंजाम तक पहुंचाकर अपनी टीम को टॉप-4 में जगह पक्की कर दी. न्यूजीलैंड ने 23.2 ओवर में 5 विकेट 172 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया. न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे ने 45, रचिन रवींद्र ने 42 और डेरिल मिचेल ने 43 रन की पारी खेली. श्रीलंका की ओर से एंजेलो मैथ्यूज ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए.

# एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत ने चीन को पछाड़ा, 148 संस्थानों ने बनाई जगह



एजेंसी

**नई दिल्ली** : क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-एशिया में 148 संस्थानों के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-एशिया में भारत में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है और रैंकिंग विश्वविद्यालयों की संख्या में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है. इसके बाद क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-एशिया में आईआईटी दिल्ली को दूसरा स्थान मिला है.

**भारत के बाद चीन और जापान**

बुधवार को घोषित क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार, भारत अब 148 विशिष्ट विश्वविद्यालयों के साथ ÷सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाली उच्च शिक्षा प्रणाली÷ है, जो पिछले साल की तुलना में 37 अधिक है. इसके बाद 133 संस्थानों चीन दूसरे नंबर पर और 96 संस्थानों के साथ जापान तीसरे स्थान पर है. म्यांमार, कंबोडिया और नेपाल पहली बार रैंकिंग में शामिल हुए हैं. टॉप 100 में भारत के ये 7 संस्थान पिछले साल की तरह, एशिया में टॉप इंडियन इंस्टीट्यूट्स की लिस्ट में 40वें स्थान पर बरकार है. इसके अलावा आईआईएससी बैंगलोर, दिल्ली विश्वविद्यालय और पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान - बॉम्बे, दिल्ली, मद्रास, खड़गपुर, कानपुर ने एशिया के टॉप 100 संस्थानों में स्थान हासिल किया है.क्यूएस रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की बढ़ती दृश्यता भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य के गतिशील विस्तार को दर्शाती है. जबकि भारतीय संस्थानों की संख्या और उनके अनुसंधान योगदान में महत्वपूर्ण वृद्धि क्षेत्र की शैक्षिक प्रोफ़ाइल में उल्लेखनीय विकास का प्रतीक है, यह पथ को भी रोशन करता है क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा,भारत वैश्विक शैक्षणिक समुदाय में अपनी स्थिति को और ऊंचा उठाएगा.क्यूएस के बयान में कहा गया कि भारत ने पीएचडी संकेतक के साथ कर्मचारियों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ औसत स्कोर हासिल किया है, जो मजबूत अनुसंधान आउटपुट और एक उच्च योग्य संकाय निकाय का संकेत देता है. यह प्रदर्शन भारतीय संस्थानों के लिए अपनी वैश्विक स्थिति को और बढ़ाने के लिए अपनी शैक्षणिक कठोरता और अनुसंधान क्षमताओं का लाभ उठाने की क्षमता को दर्शाता है.इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क संकेतक में भारत का प्रदर्शन, 15.4 के स्कोर के साथ, 18.8 के क्षेत्रीय औसत से थोड़ा नीचे है. यह सभी अंतर्राष्ट्रीयकरण संकेतकों में स्पष्ट एक व्यापक पैटर्न का संकेत है, जहां भारत दो महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है÷ अपनी विशाल घरेलू छात्र आबादी की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अपनी अपील को बढ़ाना.

## मां भवानी क्लब काली पूजा समिति मदुरई मंदिर का बना रहा पंडाल

**रांची** : कांके रोड स्थित रॉक गार्डन के समीप मां भवानी काली पूजा समिति की ओर से इस वर्ष मदुरई मंदिर के प्रारूप का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 100 फीट और चौड़ाई 25 फीट होगी। समिति के मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह तोमर ने गुरुवार को बताया कि समिति की ओर से पूजा पंडाल के ठीक सामने आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। इसमें अयोध्या के श्रीराम मंदिर का पूरा प्रारूप को दर्शाया जाएगा। कांके रोड पर आठ तोरण द्वार और 24 साइड गेट लगाए जा रहे हैं। मां काली द्वारा रक्तबीज के वध को विद्युत स्वचालित प्रतिमा के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा। तोमर ने बताया कि इस वर्ष हम पंडाल के माध्यम से शांति और प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। पंडाल के अंदर लोगों को चारों तरफ हरियाली भी नजर आएगी। साथ ही शांति के दूत 200 कबूतरों को लोग देख सकेंगे।

## अपनी मांगों को लेकर झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर आपरेटर संघ ने शुरू किया आंदोलन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर आपरेटर संघ ने अपने लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की। तीन दिनों तक संघ-महासंघ के राज्य में कार्यरत सभी सदस्यगण काला बिल्ला लगाकर झारखंड सरकार एवम ग्रामीण विकास विभाग तथा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी लाइवली हुड प्रमोशन सोसाइटी,सचिव,ग्रामीण विकास विभाग के उदासीन रवैया के विरोध में आंदोलन करेंगे। राज्य भर के डाटा एंट्री ऑपरेटर एवम झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के वरीय पदाधिकारी में मुख्य रूप से महामंत्री सुनील कुमार साह,अध्यक्ष देव नारायण सिंह मुंडा,सम्मानित अध्यक्ष मुक्तेश्वर लाल,संरक्षक गणेश प्रसाद सिंह, सुरेश हाजरा,जीबी राम,कमलेश कुमार, सौरभ कुमार, अशोक कुमार,आशिर्वाद महतो,गणेश राम,सुधांशु गुप्ता तथा संघ के महामंत्री पंकज कुमार, अध्यक्ष करण कुमार गुप्ता, मो0 रिजवान, घनश्याम कुमार,रंजीत कुमार,अजीत कुमार,रिचा दुबे,मयंक कुमार,रजनी कुमारी, सेजल कुमारी, प्रिंस कुमार अमरजीत कुमार, शुभम कुमार आदि आजीविका कंप्यूटर आपरेटर काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज कर रहे हैं। संघ के मुख्य मांग राज्य में अन्य विभागों में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर की भाती 26300 रुपया तत्काल मानदेय देने, सेवा स्थाई की जाए। मानव संसाधन नियमवाली के लेवल 7 में जोड़ने,गृह जिला में पदस्थापन करना शामिल है। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड सरकार से मांग किया है की लाइवली हुड प्रमोशन सोसाइटी में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को उनके जायज मांगों को अविलंब दी जाय। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस लाइविलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, झारखंड सरकार में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को वर्तमान में मात्र 14036 रुपया मानदेय दिया जा रहा है। जबकि झारखंड सरकार द्वारा अन्य विभागों में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर को 26300 रुपया दी जा रही है। इस संबंध में सरकार द्वारा पीत पत्र भी भेजी गई है।परंतु आज तक कारवाई नही हुई। महासंघ के महत्वपूर्ण पदाधिकारी भी इनके समर्थन में घोषित आंदोलन का समर्थन करते हुए काला बिल्ला लगाए हैं।

राज्य स्थापना दिवस समारोह व आपकी योजना-आपकी-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सीएम ने की बैठक

# एक विजन के अनुरूप तय किए जाएं कार्यक्रम : हेमंत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 15 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्थापना दिवस समारोह और आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरुआत को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सारी व्यवस्थाएं ससमय पूरा करने समेत कई अहम निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा कि एक विजन के अनुरूप सभी कार्यक्रम निर्धारित किए जाएं। इस दौरान अधिकारियों ने समारोह के मिनट टू मिनट से अवगत कराया।

**कई योजनाओं की मिलेगी सौगात** : राज्य स्थापना दिवस समारोह में कई महत्वपूर्ण योजनाओं की लॉन्चिंग होनी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा लॉन्च की जाने वाली योजनाओं और पॉलिसी की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस समारोह में जिन योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास होना है, उसकी पूरी रूपरेखा समय पूर्व पूरी कर ली जानी चाहिए।

**करोड़ों रुपए की योजनाओं का होगा उद्घाटन -शिलान्यास:** राज्य स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न विभागों के करोड़ों रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर रोजगार मेला -सह-नियुक्ति पत्र वितरण, खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार राशि का वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुक छात्राओं के बीच डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया जाएगा।

**लांच होगी कई नीति और योजना:** मुख्यमंत्री के द्वारा स्थापना दिवस समारोह में। झारखंड निर्यात नीति झारखंड एमएसएमई नीति, झारखंड स्टार्टअप नीति और झारखंड आईटी डाटा और बीपीओ प्रमोशन नीति लॉन्च की जाएगी। इसके अलावा अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी शुभारंभ होगा।

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का होगा शुभारंभ** : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले आपकी योजना -आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ होगा। यह सरकार का एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। दो बार इसका आयोजन हो चुका है और इसके काफी सकारात्मक परिणाम मिले हैं । इस दौरान आयोजित शिविरों में लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ है। ऐसे में इस अभियान का तीसरा चरण सफलतापूर्वक आयोजित हो। लोगों को उनका अधिकार मिले, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है।

**समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की आवाज पहुंचनी चाहिए** : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की आवाज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। दूरस्थ और दूर- दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं का हर हाल में लाभ मिले, इसे आप सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों को यह अहसास होना चाहिए कि यह सरकार उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उस दिशा में तेजी से काम कर रही है।

**अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर करें काम** : मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम पहले भी दो बार आयोजित हो चुका है। अभी जिलों में कई ऐसे अधिकारी तैनात हैं, जो इस कार्यक्रम का हिस्सा रह चुके हैं और कई ऐसे भी अधिकारी हैं, जो पहली बार इस कार्यक्रम को आयोजित करेंगे। ऐसे में पहले कार्य कर चुके अधिकारी इन अधिकारियों को सहयोग करेंगे और सभी समन्वय बनाकर सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

**सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष जोर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना , अबुआ बीर दिशोम योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा कूप योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अन्य फ्लैगशिप योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लाभ दिया जाना चाहिए। इसके लिए मिले आवेदनों का निष्पादन हर हाल में हो, इसे आपको सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कोई इस योजना का लाभ गलत तरीके से ना ले इसे भी सुनिश्चित करेंगे।

**शिविर में आने वाले हर आवेदक को फलदार पौधा दें** : मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगने वाले शिविरों में आने वाले सभी आवेदकों को फलदार पौधा देना सुनिश्चित करें और उन्हें वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया जाएगा।

### सभी उपायुक्त नियमित रूप से प्रखंड कार्यालयों का करें निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर प्रखंडों से कई शिकायतें मिलती रहती है। यहां आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान उचित तरीके से नहीं होता है । काफी समय से कई मामले लंबित रहते हैं । ऐसे में सभी उपायुक्त प्रखंड कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। प्रखंडों से संबंधित शिकायतें सरकार तक नहीं पहुंचनी चाहिए । ग्रामीणों की समस्या से संबंधित शिकायतों का हर हाल में समाधान निकालें।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त -सह -अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार,अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत समेत कई विभागों के सचिव और अन्य अधिकारी मौजूद थे।